सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:48

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 2.8 न्यू | 16.4 अधि |
| धर्मशाला | 4.8 न्यू | 10.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76119.33 |
| निफ्टी | 23203.20 |
| सोना 79,280 | चांदी 96,725 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



हिमाचल में भाजपा का 'संविधान गौरव अभियान' शुरू

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 18 जनवरी 2025 | 5 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 21, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### भूटान में सड़क हादसा: भारतीय श्रमिक समेत चार की मौत

**चुखा।** भूटान के चुखा जिले के कामजी क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक भारतीय श्रमिक भी शामिल है। यह हादसा उस समय हुआ, जब वे एक वैगन-आर टैक्सी में यात्रा कर रहे थे और वाहन सड़क से फिसलकर करीब 400 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। सूत्रों के अनुसार, एक महिला ने पुलिस को सूचित किया कि उसका श्रमिक, जो चिंपू से फुएतशोलिंग के लिए एक टैक्सी में सवार हुआ था, अब तक गंतव्य पर नहीं पहुंचा।

### चीन ने पाक के उपग्रह को अंतरिक्ष में किया प्रक्षेपित



**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से एक पाकिस्तानी उपग्रह को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। सूत्रों के अनुसार, 'पीआरएससी-ईओ1' नामक उपग्रह को दोपहर 12 बजकर सात मिनट पर (स्थानीय समयानुसार) 'लॉन्ग मार्च-2डी' वाहक रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया और सफलतापूर्वक उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया।

### नौका पलटी, 40 पाकिस्तानियों के डूबने की आशंका



**इस्लामाबाद।** स्पेन पहुंचने की कोशिश कर रहे 80 प्रवासियों को ले जा रही एक नौका के मोरक्को के पास समुद्र में पलट जाने से 40 से अधिक पाकिस्तानियों के मारे जाने की आशंका है। प्रवासी अधिकार समूह 'वॉकिंग बॉर्डर्स' ने कहा कि डूबने वाले प्रवासियों की संख्या 50 हो सकती है। मोरक्को के अधिकारियों ने एक दिन पहले एक नौका से 36 लोगों को बचाया था।

### आरपीएफ के हेड कांस्टेबल ने महिला यात्री को जड़ा थप्पड़


**सवाई माधोपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर से एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो को देखने के बाद हर कोई हैरान हो गया है। यह वीडियो सवाई माधोपुर में आरपीएफ थाने में तैनात एक हेड कांस्टेबल का है। वायरल हो रहे इस वीडियो में हेड कांस्टेबल ट्रेन के जरनल कोच में यात्रा कर रही एक महिला यात्री को थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहा है। ट्रेन में यात्रा करने वाले एक यात्री ने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रेलवे से शिकायत कर दी।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अग्निवीर भर्ती : पहले दिन 130 ने किया फिजिकल टेस्ट क्लीयर पेज 2
- नो कंस्ट्रक्शन जोन में 15 दिन में हटाने होंगे अवैध निर्माण -पेज 4
- कुन्नू में टायर पंचर की दुकान में हुआ धमाका -पेज 9
- नेहरूकुंड पर्यटकों के लिए बना स्नो प्वाइंट, अटल-टनल रही बंद -पेज 11
- सबालेंका ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में -पेज 14


# महाकुंभ में पांचवें दिन 25.21 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** महाकुंभ को शुरू हुए पांच दिन हो गए हैं। इस दौरान करीब 7 करोड़ से अधिक लोग संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। माघ मेले का शुभारंभ श्रद्धा के महोत्सव के रूप में हुआ। 17 जनवरी को 25.21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में डुबकी लगाई। कल्पवासियों की संख्या 10 लाख पार कर गई है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका भी महाकुंभ में डुबकी लगाएंगे। कांग्रेस के दोनों नेता स्नान के बाद शंकराचार्य और संतों का आशीर्वाद लेंगे।




## माला बेचने वाली मोनालिसा इंटरनेट पर खूब हो रही वायरल

**महाकुंभ** में दूर-दूर से लोग अपना सामान बेचने के लिए आ रहे हैं। ऐसे में इंदौर से भी मोनालिसा नाम की 16 साल की लड़की माला बेचने के लिए महाकुंभ के मेले में आई है, जिसके कई वीडियो अब इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। यूजर्स भी इस लड़की की रील्स पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं।



## विवाद के बाद हर्षा रिछारिया महाकुंभ से लौटीं उत्तराखंड

**सोशल** मीडिया पर विवादों में घिरीं हर्षा रिछारिया महाकुंभ क्षेत्र छोड़कर उत्तराखंड लौट गई हैं। रथ पर बैठने को लेकर संतों ने ऐतराज जताया था, जिससे मामला वायरल हो गया. बताया जा रहा है कि हर्षा ने सोशल मीडिया पर बढ़ती चर्चाओं के कारण यह निर्णय लिया।



# धर्मशाला स्मार्ट सिटी अब सौर ऊर्जा से जगमगाएगी

## मुख्यमंत्री ने धर्मशाला शहर की पहली सौर ऊर्जा परियोजना का किया उद्घाटन

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के धर्मशाला में 4.74 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पहली 750 किलोवाट की सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया। 8,500 वर्ग मीटर भूमि में फैली इस परियोजना से प्रतिदिन लगभग 2,000 यूनिट बिजली पैदा होगी, जिससे हर महीने 2.80 लाख रुपए की आय होगी।

परियोजना का निर्माण कार्य अक्तूबर, 2023 में शुरू हुआ था और नवंबर 2024 में पूरा हुआ। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) ने इस परियोजना से उत्पादित बिजली खरीदने के लिए एक समझौता किया है। इस परियोजना में 1,364 सौर पैनल हैं, जो बिजली और आग से सुरक्षा सहित व्यापक सुरक्षा उपायों से लैस हैं, साथ ही विद्युत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक अर्थिंग और बॉन्डिंग सिस्टम भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हरित ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है तथा सौर ऊर्जा के दोहन के लिए व्यापक रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 72 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाली सात सौर ऊर्जा परियोजनाएं शीघ्र ही आवंटित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, 325 मेगावाट की कुल क्षमता वाली आठ परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण एवं अध्ययन कार्य चल रहा है।

उन्होंने कहा कि पहली बार सरकार 200 किलोवाट के ग्राउंड माउंटेड सोलर प्लांट स्थापित करके 200 पंचायतों को 'हरित पंचायत' के रूप में विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सीएम सुक्खू ने कहा कि ऊना जिले में 32 मेगावाट की पेखूबेला सौर ऊर्जा परियोजना 15 अप्रैल, 2024 को जनता को समर्पित की गई है। अप्रैल से अक्तूबर, 2024 तक परियोजना से साढ़े छह माह में 34.19 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ, जिससे 10.16 करोड़ रुपए की आय हुई। इसके अतिरिक्त, भंजाल (ऊना) में 5 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना 30 नवंबर, 2024 को चालू हो गई, जबकि 10 मेगावाट की अघलौर सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण शीघ्र ही पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए 2026 तक हिमाचल प्रदेश को देश का पहला 'हरित ऊर्जा राज्य' बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा का उपयोग कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करेगा और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। (अनंत ज्ञान)

### धर्मशाला में सुक्खू सरकार



धर्मशाला पहुंचने पर मुख्यमंत्री सुक्खू का हाल पहनाकर स्वागत करते लोग।

### मंत्रिमंडल की बैठक में होंगे बड़े फैसले

**मुख्यमंत्री** सुक्खू कांगड़ा प्रवास पर हैं। जानकारी के अनुसार, धर्मशाला में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक भी आयोजित होगी। बैठक 23 या 24 जनवरी को हो सकती है। बताया जा रहा है 25 जनवरी को जिला कांगड़ा के उपमंडल बैजनाथ में होने वाले राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के चलते कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में प्रदेश व जनहित में अहम व बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। सभी की नजरें धर्मशाला में होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक पर भी रहेंगी।

# देश 2026 तक नक्सल मुक्त होकर रहेगा : अमित शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कहा नक्सलवाद लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 'नक्सल मुक्त भारत' बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है और 31 मार्च 2026 तक देश नक्सल मुक्त होकर रहेगा। उन्होंने इस पोस्ट में वीरवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाकर्मियों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का भी जिक्र किया।

गृह मंत्री ने कहा नक्सलवाद लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है और मोदी सरकार इसे समाप्त करने के लिए संकल्पित है। वीरवार को बीजापुर (छत्तीसगढ़) में केंद्रीय सुरक्षा बल और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर नक्सलियों के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त की। मोदी सरकार 'नक्सल मुक्त भारत' बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है और 31 मार्च 2026 तक देश नक्सल मुक्त होकर रहेगा।

बता दें कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गए थे। इस मुठभेड़ के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं, जिनमें एसएलआर और अन्य खतरनाक हथियार शामिल हैं।

यह मुठभेड़ बीजापुर के पुजारी कांकेर, मारुरबाका और तेलंगाना सीमा से सटे इलाकों में हुई थी। जानकारी के मुताबिक, वीरवार सुबह करीब 9 बजे डीआरजी बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा की संयुक्त टीम, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ की टीम और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। इसके बाद करीब एक हजार सुरक्षाकर्मियों ने नक्सलवादियों को चारों तरफ से घेर लिया था। सुरक्षाबलों ने माओवादियों के बड़े कैडरों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद डीआरजी बीजापुर, डीआरजी सुकमा, डीआरजी दंतेवाड़ा, कोबरा 204, 205, 206, 208, 210 और केरिपु 229 बटालियन की संयुक्त टीम के साथ यह ऑपरेशन शुरू किया था।

# प्रधानमंत्री मोदी आज 65 लाख से ज्यादा संपत्ति कार्डों का करेंगे वितरण

**एजेंसी, नई दिल्ली**



बोले-भूमि विवादों में आएगी कमी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति मालिकों को 65 लाख से ज्यादा संपत्ति कार्ड सौंपेंगे। यह कार्ड 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांवों और 230 से ज्यादा जिलों में रहने वाले संपत्ति मालिकों को दिए जाएंगे। ये संपत्ति कार्ड आपसी झगड़ों को निपटाने में सहायक होंगे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आज शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि स्वामित्व योजना के तहत देशभर के ग्रामीण इलाकों के मेरे भाई-बहनों को उनकी जमीन का मालिकाना हक मिले, इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में शनिवार को दोपहर करीब 12.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संपत्ति मालिकों को लाखों संपत्ति कार्ड सौंपने का सौभाग्य मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में तैयार किया जाता है, जिससे लोगों को अपनी जमीन पर मालिकाना हक का अधिकार मिलता है। इस पहल का उद्देश्य भूमि विवादों को कम करना और भूमि के मालिकाना हक को स्पष्ट करना है, ताकि किसानों को आसानी से बैंक से लोन मिल सके।

# इमरान खान और उनकी पत्नी को भ्रष्टाचार के मामले में सुनाई सजा

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की एक अदालत ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 19 करोड़ पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार देते हुए दोनों को क्रमश: 14 और सात साल के कारावास की सजा सुनाई।

भ्रष्टाचार निरोधक अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने फैसला सुनाया, जिसे अलग-अलग कारणों से तीन बार टाला जा चुका था। आखिरी बार इसे 13 जनवरी को टाला गया था। न्यायाधीश ने आदिला जेल में स्थापित एक अस्थायी अदालत में खान और उनकी पत्नी को कारावास की यह सजा सुनाई।



जेल की सजा के अलावा खान पर 10 लाख पाकिस्तानी रुपए और बुशरा बीबी पर पांच लाख पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना न भरने पर खान को छह महीने और बुशरा बीबी को तीन महीने की अतिरिक्त सजा होगी।

अदालत ने उनके द्वारा स्थापित अल-कादिर विश्वविद्यालय की जमीन को भी जब्त करने का आदेश दिया। खान पहले से ही जेल में हैं, जबकि बुशरा को अदालत से गिरफ्तार कर लिया गया।

## आबकारी नीति मनी लांड्रिंग मामला

# केजरीवाल की जमानत के खिलाफ ईडी की याचिका पर सुनवाई 21 मार्च को

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में मिली जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई के लिए 21 मार्च की तारीख निर्धारित की।



न्यायमूर्ति विकास महाजन ने ईडी के वकील के अनुरोध पर शुक्रवार की सुनवाई स्थगित कर दी। अदालत में केजरीवाल का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील ने स्थगन के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि ईडी ने पिछले कई महीनों में बार-बार तारीखें ली हैं।

उन्होंने अदालत से मामले की सुनवाई करने और केजरीवाल को जमानत देने का आग्रह करते हुए कहा कि अन्य आरोपियों को धन शोधन मामले में जमानत दी गई है। केजरीवाल के वकील ने कहा कि विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। उन पर यह तलवार क्यों लटकी रहनी चाहिए? अगर सभी 15 आरोपियों को जमानत मिल गई है, तो उनके लिए इसे लंबित क्यों रखा जाना चाहिए?

ईडी के वकील ने कहा कि स्थगन के कारण केजरीवाल को कोई नुकसान नहीं हुआ है क्योंकि उन्हें पहले ही इस मामले में उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत मिल गई है। न्यायमूर्ति महाजन ने कहा, ''मैं इसे सुनवाई के लिए रखूंगा, उनके साथ कोई पक्षपात नहीं किया गया है। 21 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करें।''

# सैफ की हालत में सुधार हफ्ताभर आराम की सलाह

**एजेंसी, मुंबई**

चाकू से हमले में घायल हुए अभिनेता सैफ अली खान का मुंबई के लीलावती अस्पताल में इलाज कर रहे चिकित्सकों ने शुक्रवार को कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और उन्हें दो-तीन दिन में अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। डॉक्टरों ने उन्हें हफ्ताभर आराम की सलाह दी है।



सैफ पर बुधवार देर रात उनके बांद्रा स्थित आवास पर एक हमलावर ने धारदार हथियार से हमला किया था, जिसमें उनकी गर्दन समेत छह जगह पर चोट आई। लीलावती अस्पताल में उनकी सर्जरी की गई।

लीलावती अस्पताल के न्यूरोसर्जन डॉ नितिन डांगे ने कहा, ''हम उनकी प्रगति पर नजर रख रहे हैं और हमारी उम्मीदों के मुताबिक उनकी हालत में अच्छी तरह सुधार हो रहा है। उनकी प्रगति के अनुसार, हमने उन्हें आराम करने की सलाह दी है और अगर वह ठीक महसूस करते हैं, तो दो से तीन दिन में हम उन्हें छुट्टी दे देंगे।'' चिकित्सकों की एक टीम ने उनकी जांच की और उन्हें चलाकर देखा।

## सम्मान

## राष्ट्रपति ने पारंपरिक समारोह में दिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, पैरा एथलीट रहे आकर्षण का केंद्र

# मनु भाकर, गुकेश, हरमनप्रीत व प्रवीण को मिला 'खेल रत्न'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनुभाकर और शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश ने चमक बिखेरी, लेकिन शुक्रवार को जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक समारोह में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किए तो सबसे ज्यादा तालियां पैरा एथलीटों को मिलीं।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करती हुईं।

मनु और गुकेश के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ऊंची कूद के खिलाड़ी प्रवीण कुमार को भी देश का सर्वोच्च खेल सम्मान प्रदान किया गया। 22 वर्ष की भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी, जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

## ये रहे पुरस्कार विजेता

### मेजर ध्यानचंद खेल रत्न

गुकेश डी (शतरंज), हरमनप्रीत सिंह (हॉकी), प्रवीण कुमार (पैरा-एथलेटिक्स), मनु भाकर (निशानेबाजी)।

### अर्जुन पुरस्कार

ज्योति याराजी (एथलेटिक्स), अनु रानी (एथलेटिक्स), नीतू (मुक्केबाजी), स्वीटी (मुक्केबाजी), वंतिका अग्रवाल (शतरंज), सलीमा टेटे (हॉकी), अभिषेक (हॉकी), संजय (हॉकी), जरमनप्रीत सिंह (हॉकी), सुखजीत सिंह (हॉकी), राकेश कुमार (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा-एथलेटिक्स), जीवांजी दीप्ति (पैरा-एथलेटिक्स), अजीत सिंह (पैरा-एथलेटिक्स), सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा-एथलेटिक्स), धरमबीर (पैरा-एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा-एथलेटिक्स), एच होकाटो सेमा (पैरा-एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा-एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा-एथलेटिक्स), नितेश कुमार (पैरा-बैडमिंटन), तुलसिमति मुरुगेसन (पैरा-एथलेटिक्स), नित्या श्रे सुमति सिवन (पैरा-बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा-बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा-जूडो), मोना अग्रवाल (पैरा-निशानेबाजी), रूबीना फ्रांसिस (पैरा-निशानेबाजी), स्वप्निल सुरेश कुसाले (निशानेबाजी), सरबजोत सिंह (निशानेबाजी), अभय सिंह (स्क्वाश), साजन प्रकाश (तैराकी), अमन सहरावत (कुश्ती)।

### अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम)

सुच्चा सिंह (एथलेटिक्स), मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा-तैराकी)।

### द्रोणाचार्य पुरस्कार

सुभाष राणा (पैरा-निशानेबाजी), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी), संदीप सांगवान (हॉकी)।

### द्रोणाचार्य पुरस्कार (लाइफटाइम)

एस मुरलीधरन (बैडमिंटन), अरमांडो एग्नेलो कोलासो (फुटबॉल)।

### राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार

भारतीय शारीरिक शिक्षा फाउंडेशन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में सर्वश्रेष्ठ रही यूनिवर्सिटी के लिए मौलाना अबुल।

### कलाम आजाद ट्रॉफी

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी।

## न्यूज ब्रीफ

### नादौन में व्यक्ति से 10 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत पुलिस की एक टीम ने गश्त के दौरान योगेश कुमार पुत्र स्व. पुष्पेंद्र सिंह निवासी गांव व डाकखाना झलाण तहसील नादौन के कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) चार अद्द सिरिंज बरामद की गई। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि उपरोक्त व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करके एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और छानबीन जारी है।

### कलरी गांव में घर से गहने चुरा ले गया चोर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर के तहत एक महिला निवासी गांव कलरी डाकखाखाना बाड़ी तहसील व जिला हमीरपुर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके घर में घुसकर किसी ने गहने व नकदी चुरा दी है। महिला ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इनके घर में घुसकर एक नथ, दो अंगूठियां व 10-12 हजार नकदी चुरा लिए हैं। थाना प्रभारी हमीरपुर बाबू राम ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### विधायक ने नवाजे डीएवी लझयाणी के मेधावी



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** डीएवी लझयाणी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें भोरंज के विधायक सुरेश कुमार बतौर मुख्यातिथि तथा डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति नई दिल्ली के सचिव रविंद्र तलवार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यातिथि भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि भोरंज महाविद्यालय में अंग्रेजी, हिंदी व राजनीतिक शास्त्र एम की कक्षाएं शुरू की गई हैं। सरकारी कॉलेज में भोरंज महाविद्यालय सुविधाओं और शैक्षणिक गतिविधियों के कारण रैंकिंग में 12वें स्थान पर आया है। उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने डीएवी शिक्षण संस्थान की सराहना की और डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव रविंद्र तलवार से मांग करते हुए कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में डीएवी कॉलेज खोलें इसके लिए भूमि का संपूण व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान स्कूल के बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखते हुए 11 हजार रूपए देने की घोषणा की और मेधावियों को सम्मानित किया।

### ग्रामीणों को दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा ऊहल ने नाबार्ड के सहयोग से गांव ऊहल में बैंक वित्तीय साक्षारता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शाखा प्रबंधक रजनीश ठाकुर व संजीव कुमार ने ग्रामीणों को किसान क्रेडिट कार्ड, स्वरोजगार ऋण, वाहन ऋण, गृह निर्माण ऋण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया। ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए प्रेरित किया, साथ ही बैंक की जमा योजनाओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कैशलेस बैंकिंग तथा ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके भी बताए। इस शिविर में पंचायत सचिव किशोर चंद, प्रधान सोमा देवी, उपप्रधान विनोद कुमार, कुलदीप सिंह, राजकुमार, मीना कुमारी, सुनीता कुमारी, रेखा देवी के अलावा लगभग 70 लोगों ने इस शिविर में भाग लिया।

### पिता की याद में किया ऑफिस टेबल दान



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** नादौन के गांव कोट वार्ड नंबर 6 के निवासी पंकज राणा ने आज अपने स्वर्गीय पिता जोगिंदर सिंह की याद में उपमंडल पशु चिकित्सालय नादौन को ऑफिस टेबल दान दिया। डॉ. अशोक चौंदल ने इसके लिए पंकज राणा का आभार प्रकट किया।

### खेल भावना से ही खेलने वाला महान खिलाड़ी



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** खेल को खेल की भावना से खेलने वाला ही महान खिलाड़ी बनता है ।हार जीत को एक तरफ रख कर केबल बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करना ही एक अच्छे खिलाड़ी की निशानी है।यह बात भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत चमियाना के खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कही। इस दौरान उन्होंने विजेता टीम को सम्मानित किया ।अपनी तरफ से 11000 रुपए प्रोत्साहन राशि विजेता टीम को दी ।इससे पहले यहां पहुंचे नेता का आयोजन को भव्य स्वागत किया। इस दौरान फाइनल प्रतियोगिता भी करवाई गई ।राजेंद्र राणा ने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं लगातार होती रहनी चाहिए ।युवा जितना खेलों में व्यस्त रहेंगे उतना नशे से दूर रहेंगे ।इसलिए आप खेलों का आयोजन करें ।आपकी खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### अध्यापकों को पदोन्नत करने का होगा प्रयास : उपनिदेशक



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ खंड हमीरपुर का प्रतिनिधिमंडल खंड प्रधान नरेश शर्मा की अध्यक्षता में नवनियुक्त उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा हमीरपुर कमल किशोर से मिला तथा उन्हें कार्यभार संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं, साथ ही संघ ने उपनिदेशक के समक्ष मांग रखी कि केंद्रीय मुख्य शिक्षकों एवं मुख्य शिक्षकों की प्रमोशन शीघ्र अतिशीघ्र निकालने की कृपा करें, क्योंकि वर्तमान में बहुत सारे अध्यापक बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त होते जा रहे हैं और उन्हें 30 से 35 वर्ष की सेवा देने के उपरांत भी पदोन्नति लाभ नहीं मिल पा रहा है । उपनिदेशक ने संघ को आश्वासन दिया कि शीघ्र इस संदर्भ में उचित कार्रवाई की जाएगी और अध्यापकों को शीघ्र पदोन्नत करने का प्रयास किया जाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में प्राथमिक शिक्षक प्रधान नरेश शर्मा, महासचिव वीरेंद्र राणा, प्रदेश प्रवक्ता अशोक पठानिया, उपप्रधान संजीव चंदेल, मुख्य संरक्षक सुभाष कसाना, कैशियर जीवन, महालेखाकार वरुण ठाकुर भी साथ में रहे।

### सीपीयू 43 उच्च संस्थानों में हुआ शामिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय (सीपीयू) हमीरपुर ने इनोवेशन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय को आईआईसी 6.0 शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तहत जनवरी 2025 मे जारी हुई सूची में 3-स्टार नेशनल स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। यह जानकारी आईआईसी सीपीयू हमीरपुर के अध्यक्ष डॉ. राहुल शर्मा ने साझा की। उन्होंने बताया कि आईआईसी 6.0 स्टार रेटिंग के लिए देशभर के 28 राज्यों व 9 केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 14725 संस्थानों ने भाग लिया, जिसमें 7745 संस्थानों को 1-4 नेशनल स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है और 9680 संस्थानों को कोई भी स्टार रेटिंग प्राप्त नहीं हुई। उत्तर-पश्चिम भारत से 43 उच्च शिक्षा संस्थान 3 स्टार रेटिंग में रहे, जिसमें करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय भी शामिल है। इस वर्ष उच्चतम नेशनल स्टार रेटिंग 4 स्टार रही। भारत के किसी भी उच्च शिक्षा संस्थान को 5 स्टार नेशनल रेटिंग प्राप्त नहीं हुई। आईआईसी का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में नवाचार की संस्कृति को बढ़ाना, युवाओं को नए विचारों के साथ काम करने के लिए प्रेरित करना, युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देना है।

# अग्निवीर भर्ती : पहले दिन 130 ने किया फिजिकल टेस्ट क्लियर

## 75 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में तीन जिलों के दौड़े 360 युवा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



अणू के सिंथेटिक ग्राउंड में अग्निवीर भर्ती में भाग लेते युवा।

अणू के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में शुक्रवार को आरंभ हुए थल सेना की अग्निवीर भर्ती के फिजिकल टेस्ट में पहले दिन लगभग 360 युवाओं ने भाग लिया। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि पहले दिन के लिए बुलाए गए युवाओं में से लगभग 360 युवा फिजिकल टेस्ट के लिए पहुंचे।

कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि फिजिकल टेस्ट में उम्मीदवारों के लिए 1600 मीटर की दौड़ के अलावा पुल अप्स, लंबी कूद, ऊंची कूद और जिग-जैग बैलेंस इत्यादि टेस्ट भी करवाए गए तथा इनकी लंबाई, वजन और छाती का माप भी लिया गया। निदेशक ने बताया कि लगभग 130 युवाओं ने यह टेस्ट क्लियर किए। इनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है तथा शनिवार को इनका मेडिकल परीक्षण होगा।

कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि भर्ती के दूसरे दिन के लिए बुलाए गए युवाओं का भी मैदान में प्रवेश शनिवार तड़के ही आरंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिजिकल टेस्ट, मेडिकल परीक्षण और दस्तावेजों की जांच के लिए भर्ती स्थल पर ही व्यापक प्रबंध किए गए हैं। किसी भी बाहरी व्यक्ति को मैदान में एंट्री नहीं दी जा रही है तथा पूरी क्षेत्र के आसपास पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

भर्ती निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि मैदान में 75 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। इसके अलावा,युवाओं के डोप टेस्ट भी लिए जा रहे हैं, ताकि निष्पक्षता बनी रहे। इस भर्ती रैली में हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर जिलों के 3200 युवाओं को फिजिकल टेस्ट के लिए कॉल लेटर जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि फिजिकल टेस्ट के दौरान किसी भी तरह के प्रदर्शनवर्धक ड्रग्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए कड़े प्रबंध किए गए हैं। शारीरिक क्षमता एवं प्रदर्शन बढ़ाने वाली लगभग 20 चिह्नित दवाइयों के दुरुपयोग की जांच के लिए अभ्यर्थियों के डोप टेस्ट किए जाएंगे और दोषी पाए जाने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कर्नल बीएस भंडारी ने अभ्यर्थियों और उनके परिजनों से अपील की है कि वे भर्ती के संबंध में किसी भी तरह के प्रलोभन या प्रभाव में न आएं। उन्होंने कहा कि सेना भर्ती कार्यालय पूरी भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्षता के साथ संपन्न करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। (अनंत ज्ञान)

ब्लयूट कृषि सेवा सहकारी सभा समिति के खाताधारकों ने लगाई गुहार

## उपभोक्ता फोरम हमारे पैसे वापस दिलाने में करे मदद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

द ब्लयूट कृषि सेवा सहकारी सभा समिति के सचिव ने 4 करोड़ 29 लाख 53 हजार 594 रुपए का गबन किया है। इस मामले में कृषि सेवा सहकारी सभा समिति और सचिव से रिकवरी करने के आदेश भी जारी हो चुके हैं, लेकिन अभी तक एक रुपए की रिकवरी नहीं हो पाई है। द ब्लयूट कृषि सेवा सहकारी सभा समिति के खाताधारक अपनी राशि को प्राप्त करने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी तक उनके खाते में कोई राशि नहीं आई है।

द ब्लयूट कृषि सेवा सहकारी सभा समिति के खाताधारक मेहर सिंह निवासी चमनेड़, प्रेम लता ने जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम के अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपनी राशि दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता फोरम कैंप हमीरपुर में 7 दिसंबर में हुए फैसले के अनुसार हमारी राशि को 9 प्रतिशत ब्याज व कंपेनसेशन 15 हजार रुपए, मेंटल टेंशन हरासमेंट के 10 हजार रुपए अदा करने के आदेश हुए थे। उन्होंने बताया कि इसकी अपील सहायक पंजीयक को-ऑपरेटिव सोसायटी हमीरपुर में की थी, जिसमें सोसायटी ने यह कह कर बरी कर दिया कि उनका कैश मैटर से कोई संबंध नहीं है, परंतु कमेटी जिम्मेदार रहेगी।

उन्होंने बताया कि 14 जून 2024 की पेशी पर आपके द्वारा सभी की जमीन से हमारे धन की भरपाई हेतु लिकिवडेटर नियुक्त करने वारे आदेश हुए थे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संबंधित विभाग का कहना है कि यह जो जमीन है, उस पर सभा के सभी अमानदारों का हक है और उसे हमें किसी एक या कुछ खाताधारकों को नहीं दे सकते हैं और सभा के पास कोई भी राशि नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि सभा में कोई भी राशि शेष नहीं है तो उपभोक्ता फोरम में हुए फैसले का क्या औचित्य रह जाता है।

इस बारे में सहायक पंजीयक को-ऑपरेटिव सोसायटी हमीरपुर के जिला अंकेक्षण अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सचिव द्वारा किए गए गबन को लेकर प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन कमेटी और सचिव कोर्ट में चले गए हैं, इसलिए रिकवरी की प्रक्रिया पर विराम लग गया है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए एंट्रेंस एग्जाम आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छठी कक्षा में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा (एंट्रेंस एग्जाम) का आयोजन शनिवार को किया जा रहा है। परीक्षा जिले के नौ परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी, जिसमें कुल 3,306 छात्र भाग लेंगे। परीक्षा का समय और केंद्रों की व्यवस्था छात्रों को सुबह 10:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। परीक्षा का आयोजन सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक किया जाएगा। किसी भी छात्र को अन्य परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

हमीरपुर जिले में परीक्षा के लिए नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें, सुजानपुर में 360 छात्र, नादौन में 432 छात्र, गलोड़ में 294 छात्र, हमीरपुर में 456 छात्र, टौणी देवी में 308 छात्र, बिझड़ी में 360 छात्र, बणी में 336 छात्र, भोरंज में 384 छात्र, भरेड़ी स्कूल में 376 छात्र परीक्षा देंगे। परीक्षा में शामिल होने वाले दिव्यांग छात्रों को 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा, जिससे वे अपनी परीक्षा को सुगमता से पूरा कर सकें।

**शिक्षा विभाग ने क्या कहा**

प्रवेश परीक्षा को लेकर प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर के उपनिदेशक कमल किशोर भारती ने कहा कि हमने परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं। सभी छात्रों से अनुरोध है कि वे समय पर अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंचें। छात्रों और अभिभावकों से अपील की गई है कि वे समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचें और परीक्षा संबंधी सभी नियमों का पालन करें ताकि परीक्षा बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके।

## बाहन्वी सहकारी सभा के चुनाव 17 अप्रैल को होंगे

**अनंत ज्ञान, जाहू।** दी बाहन्वी कृषि सेवा सहकारी सभा के चुनाव 17 अप्रैल को होंगे। सचिव वीरेंद्र कुमार ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम की जानकारी और वोटर लिस्ट सभा कार्यालय में प्रकाशित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि नामांकन भरने की तिथि 19 मार्च प्रातः 11 से शाम 3 बजे तक निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की जांच व अस्थाई उम्मीदवारों की सूची को 20 मार्च को प्रकाशित किया जाएगा। नामांकन पर आपत्तियां 22 मार्च तक दर्ज कर सकते हैं।

नामांकन पत्र 27 मार्च को 3 बजे तक वापस ले सकते हैं, इसी दिन उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी और चुनाव चिन्ह भी आवंटित होंगे। चुनाव प्रचार 15 अप्रैल को दोपहर 2 बजे तक नामांकन भरने वाला व्यक्ति कर सकता है, जिसके बाद कोई पकड़ा गया तो उसका नामांकन पत्र रद्द किया जाएगा। चुनावों से संबंधित अधिक जानकारी सभा सचिव व पंजीकरण अधिकारी से ले सकते हैं।

## राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज के गेट पर गड्ढा बना खतरा, हादसे की आशंका

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



गड्ढे से बचकर निकलती हुई महिलाएं।

राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज के गेट पर प्रवेश करते ही सीवरेज की जाली के पास बड़ा गड्ढा हादसे को न्योता दे रहा है। यह गड्ढा न केवल मरीजों और उनके परिजनों के लिए खतरा बना हुआ है, बल्कि बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए भी बड़ा जोखिम साबित हो सकता है। अगर कोई व्यक्ति अनजाने में इस गड्ढे में गिर जाए, तो उसे गंभीर चोट आ सकती है।

अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि गड्ढा काफी समय से यहां मौजूद है, लेकिन इसे भरने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह गड्ढा और भी ज्यादा खतरनाक है। अचानक पैर फिसलने या गड्ढे में टांग फंसने से पैर टूटने जैसी गंभीर चोट लग सकती है।

अस्पताल में आने वाले लोगों और स्थानीय निवासियों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से मांग की है कि इस खड्डे को जल्द से जल्द भरा जाए। उनका कहना है कि अगर समय रहते इसे ठीक नहीं किया गया, तो यहां कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसी स्थिति में इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह पीडब्ल्यूडी विभाग पर होगी। मरीजों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि अस्पताल परिसर और इसके आसपास की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। गड्ढों जैसी समस्याओं को तुरंत हल करने की जरूरत है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग से इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# कश्मीर पंचायत मनरेगा कार्य दिवसों में जिले में प्रथम

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

**विकास खंड नादौन में वित्त वर्ष 2024 में अब तक 35 करोड़ रुपए की राशि विकास कार्यों पर व्यय**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के दो वर्ष में विकास कार्यों की समीक्षा की जाए तो मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ उनके गृह विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड नादौन में भी काफी तेजी से विकास कार्य हुए हैं।

एक और जहां नादौन विधानसभा क्षेत्र के रंगस में मेडिकल कॉलेज व कैंसर अस्पताल, नादौन में पर्यटन का होटल, इंडोर स्टेडियम, सड़कें, पुल व अनेक बड़े-बड़े कार्य प्रगति पर हैं, वहीं नादौन विधानसभा क्षेत्र को नादौन में अग्निशमन उपकेंद्र की एक बहुत बड़ी सौगात मिली है। यही नहीं नादौन में और कई नए कार्यालय खोले गए हैं, जिनसे पहले नादौन बंचित था। तो वहीं दूसरी ओर विकास खंड के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में भी विकास कार्यों में काफी तेजी आई है।

वित्त वर्ष 2024-25 में योजना मद में विकास खंड की पंचायतों में लगभग 12 करोड़ रुपए राशि व्यय करके लगभग 1 हजार कार्य पूर्ण किए गए हैं। 15वें वित्त आयोग में इस वर्ष 5 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। मनरेगा में विकास खंड ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इस वित्तीय वर्ष में मनरेगा में अब तक 18 करोड़ रुपए व्यय हो चुके हैं व 3 लाख 75 हजार कार्यदिवस सृजित हुए हैं, जो न सिर्फ जिले में सर्वाधिक हैं, बल्कि मनरेगा की शुरुआत से अब तक नादौन विकास खंड में 8 महीनों में सृजित सर्वाधिक आंकड़ा भी है। ग्राम पंचायत कश्मीर ने इस वित्त वर्ष में अब तक जिले में सर्वाधिक 22 हजार कार्य दिवस सृजित कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

विकास खंड में आपदा राहत कार्यों में भी काफी कार्य हुआ है। पिछले एक वर्ष में जरूरतमंद लोगों को 1 हजार के लगभग मकान स्वीकृत हुए हैं, जिनके कार्य शुरू हो चुके हैं। पिछले एक वर्ष में मुख्यमंत्री विशेष आपदा राहत पैकेज के तहत 3500 से अधिक परिवारों को उनके घरों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा दीवारों व क्षतिग्रस्त गोशालाओं का निर्माण करवाया गया है। इन सब आंकड़ों की खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने भी पुष्टि की है।

विकास खंड नादौन में विशेष तौर पर बीपीएल सूची की समीक्षा भी करवाई गई व 800 के आसपास अयोग्य परिवारों को बाहर कर योग्य लोगों का चयन किया गया। यह प्रक्रिया अभी भी जारी है। (अनंत ज्ञान)

## भोरंज के गांवों में लगभग 4-5 दिन तक बाधित रहेगी जलापूर्ति : कनिष्ठ अभियंता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत जलशक्ति उपमंडल भोरंज के अनुभाग भोरंज के गांव तरक्वाड़ी, सधरियाण, दियालड़ी, भटेड़, पट्टा बन्यालां, कोसड़, बधानी, दलालड़, जिजवीं, घुमारली, ढो, कंज्याण, धनवान इत्यादि के साथ लगते अधिकांश गांवों में जल की आपूर्ति बाधित रहेगी। जलशक्ति विभाग अनुभाग भोरंज के कनिष्ठ अभियंता साहिल ठाकुर ने बताया कि मालियां के पास पाइपलाइन के स्थानांतरण के काम चला हुआ है। इस कारण जलशक्ति उपमंडल भोरंज की पेयजल की पाइपों को स्थानांतरित करना अति आवश्यक है। इस कारण लगभग 4-5 दिन तक जल आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कार्य युद्धस्तर पर किया जाएगा, अतः लोगों से सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

## राहुल गांधी ही देश के एकमात्र ऐसे नेता जो निस्वार्थ भाव से कर रहे राजनीति : कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपाई भाजपा को भारत और खुद को देश का मालिक समझ बैठे हैं और इसलिए जब भी कोई विपक्षी नेता भाजपा अथवा इनकी सरकार द्वारा स्थापित भेदभाव, नफरत और तानाशाही वाली व्यवस्था की आलोचना करता है तो उसे यह देश के खिलाफ जंग जैसी संज्ञा देकर अपने अहंकार का परिचय देते हैं। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रेम कौशल ने प्रदेश भाजपा नेताओं द्वारा राहुल गांधी के विषय में दिए गए वक्तव्यों के ऊपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मात्र राहुल गांधी ही देश के एकमात्र ऐसे नेता हैं, जो निस्वार्थ और निष्काम भाव से देश के निर्धन तथा बेरोजगार वर्ग की आवाज बन देश को धनाढ्य लोगों के हाथों गिरवी रखने की नीति के ऊपर चलने वालों का निर्भीकता से सामना करते हुए देश में मोहब्बत और भाईचारे की भावना की मजबूती को लक्ष्य मानकर सकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए राहुल गांधी एक चुनौती बन चुके हैं और भाजपाई उनके द्वारा कही गई बातों को अपने हिसाब से परिभाषित कर उनके खिलाफ बयानबाजी करने की राजनीति करते हैं।

## हमीरपुर में हर्षवर्धन फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 76वां गणतंत्र दिवस जिला हमीरपुर में भी 26 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।



एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह अणू के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। सुबह 11 बजे आरंभ होने वाले इस समारोह में उद्योग, श्रम एवं रोजगार और संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। इस भव्य परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस के अलावा होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट एंड गाइड्स की टुकड़ियां भी भाग लेंगी। राहुल चौहान ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह के लिए सभी तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं।

## पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के साक्षात्कार शुरू



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व सैनिक निदेशालय के रोजगार कक्ष हमीरपुर द्वारा वर्ष 2025 में भरे जाने वाले पदों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुक्रवार को क्षेत्रीय उप रोजगार कार्यालय हमीरपुर में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के पदों के लिए साक्षात्कार शुरू किए गए। शुक्रवार को शास्त्री के पदों के लिए सभी जिलों के सभी श्रेणियों के उम्मीदवार, भाषा अध्यापक, असिस्टेंट ऑक्शन रिकॉर्डर, फायरमैन, हवलदार इंस्ट्रक्टर, क्वार्टर मास्टर हवलदार, फिशिरी फील्ड असिस्टेंट, हॉर्टिकल्चर एक्सटेंशन ऑफिसर, पंचकर्म मसाजर पुरुष, पंचकर्म मसाजर महिला, सेरीकल्चर इंस्पेक्टर के पदों के साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। पूर्व सैनिक रोजगार कक्ष के क्षेत्रीय उप रोजगार अधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि पूर्व सैनिक व उनके आश्रितों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पहले दिन 95 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए आए थे।

## भारतीय सेना दिवस पर सुजानपुर भाजपा की फूट हुई उजागर : राजेंद्र वर्मा



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा है कि सुजानपुर में आयोजित भारतीय सेना दिवस सुजानपुर भाजपा की फूट को उजागर कर गया। इस अवसर पर जहां भाजपा नेता अपने अपने वर्चस्व की जंग लड़ते दिखे, वहीं एक-दूसरे को नीचा दिखाने में भी पीछे नहीं रहे । एक व्यक्ति के राजनीतिक मकसद को लेकर काम कर रही संस्था द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम भाजपा के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के रूप में तब्दील होते हुए तब दिखा, जब प्रदेश के हर कोने से विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सुजानपुर प्रेम के आगे सभी धराशाही हैं। मुख्यमंत्री ने यहां विकास कार्यों की जो झड़ी लगा के रखी है, वही विपक्ष की परेशानी का सबब है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री सुजानपुर आएंगे तथा सुजानपुर को कई सौगातें देंगे।

**समीक्षा** एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त ने रिलीज की नाबार्ड की संभाव्यतायुक्त ऋण योजना

# प्राथमिकता के क्षेत्रों को 1956 करोड़ के ऋण की संभावना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



पीएलपी का विमोचन करते हुए राहुल चौहान, साथ हैं अन्य।

एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने बताया कि हमीरपुर जिले में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन, आवास, ढांचागत विकास, शिक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए अगले वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान लगभग 1956 करोड़ रुपए के ऋण आवंटन की संभावनाएं चिह्नित की गई हैं।

शुक्रवार को हमीरपुर जिले के लिए नाबार्ड द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 हेतु तैयार की गई संभाव्यतायुक्त ऋण योजना (पीएलपी) का विमोचन करते हुए राहुल चौहान ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाबार्ड द्वारा तैयार की गई पीएलपी में प्राथमिकता क्षेत्र ऋण कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों के लिए ऋण क्षमताओं को शामिल गया है।

यह योजना मुख्यत: कृषि एवं इससे संबंधित गतिविधियों, एमएसएमई और सामाजिक बुनियादी ढांचे सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाकर हमीरपुर जिले के सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए हमीरपुर जिले में ऋण क्षमता का मूल्यांकन 1956 करोड़ रुपए किया गया है।

इसमें कृषि क्षेत्र एवं इससे संबंधित गतिविधियों के लिए 745.03 करोड़ रुपए, एमएसएमई के लिए 987.72 करोड़ रुपए, शिक्षा, आवास, नवीकरणीय ऊर्जा, सामाजिक अवसंरचना आदि जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए 223.24 करोड़ रुपए की ऋण आवंटन क्षमता शामिल है।

राहुल चौहान ने उम्मीद जताई कि यह पीएलपी जिला की ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत बनाने तथा सभी हितधारकों की आवश्यकताओं की पूर्ति में बहुत बड़ी भूमिका अदा करेगी। बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक टशी नमग्याल, उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजेश्वर परमार, जिला कृषि अधिकारी राजेश राणा, मत्स्य पालन अधिकारी अजय शर्मा, अन्य विभागों और बैंकों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## एनसीसी कैडेट्स ने किया फायरिंग का अभ्यास



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में 4 एचपी (आई) कंपनी एनएसीसी हमीरपुर द्वारा 50 मीटर राइफल फायरिंग प्रतियोगिता करवाई गई। जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय की एसोसिएट नोडल ऑफिसर (एएनओ) एनसीसी ने बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एसएस रावत ने की। इस प्रतियोगिता में नादौन कॉलेज, घुमारवीं कॉलेज, हमीरपुर कॉलेज व करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के कैडेटों ने भाग लिया। इसमें प्रत्येक कैडेट द्वारा 15-15 राउंड फायरिंग का अभ्यास किया गया, जिसमें कैडेटों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में लड़कियां के ग्रुप में सीपीयू की एंजल ने पहला व लड़कों के ग्रुप में विश्वविद्यालय के ही प्रियाशुं प्रथम स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता में नायव सूबेदार कश्मीर सिंह, हवलदार राजकुमार, हवलदार सुशील कुमार, हवलदार रफाकत अहमद व करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय से रिटायर्ड सूबेदार युद्धवीर सिंह शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नेरवा में प्रशासन ने शुरू की गणतंत्र दिवस के आयोजन की तैयारियां

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** उपमंडल मुख्यालय चौपाल में गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने चौपाल में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस आयोजन के लिए 20 जनवरी को समस्त विभागाध्यक्षों की बैठक बुलाई है जिसमें पुलिस प्रशासन के अधिकारी, स्थानीय प्रशासन के पदाधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। एसडीएम ने बताया की गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को तहसील ग्राउंड चौपाल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### संजीवनी सहारा समिति ने दी आर्थिक मदद




**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू एक सामाजिक संस्था है, जिसका उद्देश्य सदैव ही गरीब, असहाय और जरूरतमंदों की सहायता करना है। समिति ने शुक्रवार को उपमंडल रोहड़ू की स्नैल वैली के कुटाडा गांव के श्याम लाल की 15 हजार रुपए की आर्थिक मदद की जिसमें समिति के ही सदस्य कुशाल नेगी, जो नेगी एंटरप्राइजेज के मालिक है, ने 5 हजार रुपए की मदद की।

### गश्त के दौरान व्यक्ति से 12 बोतल अवैध शराब बरामद, जमानत पर रिहा

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** नेरवा पुलिस ने गश्त के दौरान भड्डी नाला में एक व्यक्ति से 12 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की है। एसएचओ नेरवा पंकज शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम नेरवा से कलारा की तरफ रूटीन गश्त पर थी। इस दौरान नेरवा से न्योटी की तरफ कंधे पर एक कट्टा रख कर पैदल जा रहा एक व्यक्ति पुलिस टीम को देख कर घबरा गया। पुलिस टीम ने कट्टे की जांच की तो इसके अंदर एक पेटी में रखी 12 बोतल संतरा ब्रांड देसी शराब बरामद की गई। व्यक्ति शराब से संबंधित कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाया, जिस पर कार्रवाई करते हुए वीरेंद्र कुमार, पुत्र कल बहादुर, गांव कलारा, तहसील नेरवा को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। व्यक्ति को आवश्यक कार्रवाई के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया है। एसडीपीओ चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

### अलग निदेशालय बनने पर स्कूली शिक्षाविद की हो नियुक्ति : हरि शर्मा

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रधानाचार्य एवं निरीक्षण अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरि शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुक्ताक मोहम्मद व अक्षत ठाकुर, महासचिव विजय शर्मा, कार्यालय सचिव अश्वनी ठाकुर, आल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष अश्विनी, जिला शिमला के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, मुख्य संगठन सचिव बीडी कश्यप, डॉ. दिनेश ठाकुर, रणधीर राठौर, राजेंद्र बेक्टा आदि प्रधानाचार्यों ने एक वक्त व्य जारी कर सरकार के स्कूली शिक्षा के लिए अलग निदेशालय बनाए जाने के इस निर्णय का स्वागत किया है। संघ ने सरकार से आग्रह किया है कि स्कूली शिक्षा के लिए अलग निदेशालय बनने पर निदेशक के पद पर स्कूली शिक्षाविद की ही नियुक्ति की जाए, क्योंकि स्कूलों में शिक्षा देने वाले शिक्षाविद स्कूलों की समस्त गतिविधियों की जानकारी रखता है। इसके साथ ही संघ ने प्रेसमेंट के पद पर प्रधानाचार्यों के शीघ्र नियमितकरण की भी मांग की।

### प्रदेश में 3 तहसीलदारों के तबादले और 12 नायब तहसीलदारों को पदोन्नति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सरकार ने हिमाचल प्रदेश सरकार ने तीन तहसीलदारों के तबादले किए है। वहीं 12 नायब तहसीलदारों को पदोन्नत कर नए स्थानों पर तैनाती दी गई है। सार्थक शर्मा को रोहड़ू से कोटली, आशीष को कोटली से घुराह, हुस्न चंद को खुडियां से मंडी स्थानांतरित किया गया है। पदोन्नति के बाद देश राज को तहसीलदार टिक्कर, किरण देवी को निहरी, कुश कुमार को नेरवा, रोहित को कुपवी, नीरज को बंजार, अनिल शर्मा को नग्वाई, अभिराय सिंह ठाकुर को सलूणी, सौरभ धीमान को टौणी देवी, रजत शर्मा को निरमंड और अतर सिंह को संगड़ाह में तैनाती दी गई है। तहसीलदार संजीव कुमार और ज्ञानचंद के तैनाती आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। इन दोनों तहसीलदारों की तैनाती को अपने विभाग में कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

### यू ट्यूब चैनल के खिलाफ 82,260 रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत मुन्ना कुमार पुत्र विकाश पंचपकड़ी जिला मोतिहारी, बिहार हाल रिहाइश सोहन लाल बिल्डिंग वार्ड नंबर -3 रोहड़ू की शिकायत पर विवेक बिंद्रा यू ट्यूब चैनल के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता ने बताया उसके साथ 82,260 रुपए की धोखाधड़ी हुई है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

### ई-केवाईसी समय पर न करवाने पर नहीं मिलेगी 125 यूनिट फ्री बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल के बिजली उपभोक्ता बिजली मीटर की ई-केवाईसी समय पर करवा ले नहीं तो 125 यूनिट से भी हाथ धोना पड़ सकता है। सरकार ने 15 फरवरी तक ई-केवाईसी करवाने की अंतिम तारीख तय की है। अगर कोई तय अवधि तक ई-केवाईसी नहीं करता है तो ऐसे उपभोक्ताओं को बिजली के एक मीटर पर मिलने वाली 125 यूनिट फ्री बिजली से भी हाथ धोना पड़ेगा। चूंकि अब बिजली बोर्ड उपभोक्ताओं को अब सिर्फ एक मीटर पर ही 125 यूनिट फ्री बिजली देगा, जिसके लिए प्रदेशभर में इन दिनों बिजली के मीटरों की ई-केवाईसी का कार्य चल रहा है।

### विभागों को विकास योजनाओं में डीआरआर पहलों को शामिल करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) ने संबंधित विभागों और संगठनों को अपनी विकास योजनाओं और परियोजनाओं में विभिन्न आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) पहलों को एकीकृत करने के निर्देश जारी किए हैं, ताकि मानसून के दौरान भूस्खलन और अन्य प्रक्रियाओं को रोका जा सके। प्राधिकरण के एक प्रवक्ता ने जानकारी दी कि विभागों को व्यापक जोखिम आकलन कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी योजनाएं और डिजाइन आपदा-रोधी हैं। सभी विभागों और संगठनों को तैयारी, क्षमता निर्माण और आपदा जोखिम न्यूनीकरण उपायों को सुनिश्चित करने के लिए 2012-एचपीएसडीएमए दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन निर्देशों का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना, लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं प्राकृतिक आपदाओं के जोखिम से बचना है।

### कराशा पंचायत की नाबालिग लड़की के भागने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत कराशा पंचायत के कोटडू निवासी ने पुलिस में अपनी नाबालिग लड़की के भागने की शिकायत दर्ज करवाई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी नाबालिग लड़की नौकरी करती हैं। तारा 11 जनवरी को उसकी नाबालिग लड़की नालागढ़ निवासी विक्रांत के साथ भाग गई। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि पुलिस थाना रोहड़ू में मुकदमा दर्ज कर मामला पुलिस थाना नालागढ़ को भेज दिया है।

# हिमाचल में भाजपा का 'संविधान गौरव अभियान' शुरू

## केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने साधा कांग्रेस पर निशाना, कहा-संविधान की हत्या करने वाले न दें दुहाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह 'संविधान गौरव अभियान' के लिए शुक्रवार को शिमला पहुंचे। होटल पीटरहॉफ में उन्होंने कार्यकर्ताओं के बड़े समूह को संबोधित किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 'संविधान गौरव अभियान' जागरूकता के लिए चला रही है। आने वाली पीढ़ी भी संविधान के मूल्यों के बारे में जाने, इसके लिए अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधा। खास तौर पर वे गांधी परिवार पर हमलावर नजर आए।

जितेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहते हुए जो पाप किए, उसका प्रायश्चित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। संविधान की हत्या करने वाले संविधान की दुहाई न दें। कांग्रेस लंबे वक्त से दुष्प्रचार करने का काम कर रही है। कांग्रेस की ओर से लोगों के बीच भ्रम फैलाया जा रहा है। कांग्रेस ने अपनी सरकार रहते हुए 88 बार अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग



किया। स्वार्थ साधने के लिए ही देश में इमरजेंसी भी लगाई गई।

उन्होंने कहा कि एक बार तो कांग्रेस ने सियासी माहौल देखकर लोकसभा और विधानसभा का कार्यकाल ही पांच साल की जगह छह साल कर दिया गया। कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए संविधान से खूब खिलवाड़ किया और वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए शाहबानो केस में कोर्ट के फैसले को ही पलट डाला। भारतीय जनता पार्टी ने जितने भी संशोधन किए, वह सभी संशोधन जनहित को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं।

जनता कांग्रेस से सवाल पूछ रही है कि आखिर में सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति क्यों करती है। कांग्रेस ने तीन तलाक खत्म करने, आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग को आरक्षण देने और महिलाओं को चुनाव में 33 फीसदी आरक्षण देने जैसे बड़े कदम क्यों नहीं उठाए।

### बिंदल ने कहा–लोगों को गुमराह करने के काम में जुटी है कांग्रेस

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भारत के संविधान को बनाने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर और उनकी टीम और उस संविधान के अंदर लगभग 100 से अधिक बार परिवर्तन करने वाली कांग्रेस पार्टी, आज उस संविधान को कांग्रेस खोखली किताब बताती है। कांग्रेस के नेता उस कांग्रेस घोषित खोखली किताब को खाली किताब को दिखा दिखा कर देश के लोगों को गुमराह करने के काम में जुटी हुई है।

### कांग्रेस ने दलितों को पीछे करके मुस्लिमों को प्रोत्साहन देना का काम किया : जयराम

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि दलितों की बात को जोरदार रूप से रखने का काम किसी ने किया तो डॉ. भीमराव अंबेडकर ने किया है और कांग्रेस की उस वक्त की केंद्र की सरकार द्वारा दलितों को पीछे करके मुस्लिमों को प्रोत्साहन देना का काम किया गया। उन्होंने कहा की कश्मीर मुद्दे को लेकर के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने बड़ा स्पष्ट शब्दों में कहा था जो नीति कांग्रेस कश्मीर के सिलसिले में बना रहे हैं उससे कश्मीर की समस्या का समाधान नहीं होने वाला है।

### केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया मौसम विज्ञान केंद्र शिमला का दौरा

भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय डॉ. जितेंद्र सिंह ने मौसम विज्ञान केंद्र शिमला का दौरा किया गया। मंत्री ने पूर्वानुमान अनुभाग, निरीक्षण अनुभाग सहित सभी अनुभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान मौसम केंद्र शिमला के प्रमुख डॉ. कुलदीप श्रीवास्तव ने हिमाचल प्रदेश में मौसम विज्ञान विभाग की ऐतिहासिक यात्रा, वर्तमान स्थिति और हाल की गतिविधियां सहित विभाग की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। मंत्री ने मौसम विज्ञान केंद्र के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ विचार-विमर्श किया तथा उनका मार्गदर्शन किया।

### खशधार पंचायत में दो मंजिला मकान जलकर राख



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** उपमंडल रोहड़ू के खशधार पंचायत के तेलगा में वीरवार देर रात हुई अग्निकांड की घटना में दो मंजिला मकान जलकर राख हो गया। पुलिस के अनुसार मकान राज कुमार का था, जिसमें कोई भी नहीं रहता था। प्रभावित परिवार के सदस्य किसी अन्य जगह रिहायशी मकान में रहते थे। मकान में करीब 4-5 कमरे बने हुए थे। अग्निकांड की घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि आग लगने के कारणों की जांच पडताल की जा रही है।

वहीं कार्यकारी उपमंडलाधिकारी रोहड़ू धर्मेश रमोत्रा ने बताया कि अग्निकांड से प्रभावित परिवार को 10 हजार रुपए की फौरी राहत दी गई है।

# बर्फबारी से पर्यटन 'कारोबार' में आया उछाल, एडवांस में बुकिंग कर रहे पर्यटक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में बर्फबारी के बाद पर्यटन कारोबार को पंख लगे है। बाहरी राज्य से हजारों सैलानी हिमाचल का रुख कर रहे है। होटलों में अब एडवांस बुकिंग चल रही है और ऑक्यूपेंसी 80 प्रतिशत से ऊपर चल रही है। नए साल के जश्न के बाद बर्फबारी से लगातार सैलानियों के हिमाचल पहुंचने का क्रम जारी है। वीरवार को हुई बर्फबारी के बाद आगामी दिनों में भी हिमपात का पूर्वानुमान है।

26 जनवरी की छुट्टी के लिए सैलानियों ने एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। शिमला, मनाली, धर्मशाला, डलहौजी के अलावा किन्नौर और लाहौल-स्पीति के लिए सैलानी अधिक दिलचस्पी दिखा रहे हैं।



बर्फबारी के बाद इस वीकेंड पर भी भारी संख्या में सैलानियों के हिमाचल का रुख करने की उम्मीद है।

बर्फबारी के बाद प्रदेश में सैलानियों की संख्या बढ़ने से पर्यटन कारोबारी खासे उत्साहित हैं। बर्फ का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी शिमला के कुफरी, नारकंडा, कुल्लू के मनाली, चंबा के डलहौजी सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहे हैं। होटलों में कमरों की बुकिंग में तेजी आई है। टूअर पैकेज बुक होने से ट्रैवल एजेंटों का कारोबार बढ़ा है। पर्यटन नगरी मनाली सहित जिला के पर्यटन स्थलों पर हुई ताजा बर्फबारी से पर्यटन कारोबारी गदगद हैं। वीकेंड पर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि की उम्मीद है। 20 से 24 जनवरी तक चलने वाले विंटर कार्निवल मनाली से पहले हुई बर्फबारी में सैलानी खूब मस्ती कर सकेंगे।

> बर्फबारी से पर्यटन कारोबार ने रफ्तार पकड़ी है। बर्फ में मस्ती के लिए बड़ी संख्या में सैलानी हिमाचल पहंच रहे हैं। आने वाले दिनों में भी बर्फबारी का पूर्वानुमान है। उम्मीद है सैलानियों के हिमाचल आने का सिलसिला जारी रहेगा।
> -गजेंद्र सिंह ठाकुर
> ऑल हिमाचल होटल एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष

### वाटर टैंक निर्माण में फर्जीवाड़े के दोष में सोझा पंचायत का प्रधान सस्पेंड

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

तहसील सुन्नी के साथ लगती सुंदरनगर उपमंडल की विकास खंड निहरी की ग्राम पंचायत सोझा के प्रधान लीलाधर को फर्जीवाड़ा करने के आरोप सिद्ध होने पर सस्पेंड किया गया है। डीसी मंडी अपूर्व देवगन द्वारा जारी आदेश में बतौर सस्पेंड प्रधान लीलाधर को छह साल के लिए पंचायत प्रतिनिधि के चुनाव से बाहर किया गया है।

बता दें कि फर्जीवाड़े के तहत डेढ़ लाख की लागत से मनरेगा के तहत वाटर टैंक जो 2022 में शुरू किया गया, जिसमें 2024 में आरोप लगाया कि 1,20,325 रुपए खर्च दर्शाए थे जबकि प्रधान द्वारा टैंक का निर्माणकार्य ही नहीं गया।

जिस पर पूर्व उपप्रधान सोहन लाल ने फर्जीवाड़े में शिकायत कर संबंधित सबूत पेश किए थे और खंड विकास अधिकारी द्वारा शिकायत पर करवाई करते हुए टैंक




निर्माण की जांच कारवाई की गई और मामला सही पाया गया तथा प्रधान को डीपीओ ने वर्ष 2024 में सस्पेंड भी किया था, जिस पर प्रधान ने अपील की थी।

#### संलिप्त कर्मचारियों पर भी गिर सकती है गाज

**टैंक** निर्माण के इस फर्जीवाड़े में संलिप्त कर्मचारियों पर भी गाज गिर सकती है। हवा में टैंक का निर्माण करके सवा लाख रुपए के इस मामले में जियो टैग करने तथा अन्य औपचारिकता करने में संलिप्त कर्मचारी भी मिले होने का आरोप है। जिन पर अभी कारवाई नहीं हुई है। लोगों ने ऐसे मामले से जुड़े लोगों के खिलाफ जांच और कारवाई की मांग की है।

## आईजीएमसी में चल रही रक्त की कमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईजीएमसी में इन दिनों रक्त की कमी चल रही है। अस्पतालों में मरीज को एक बूंद भी रक्त की नहीं मिल पा रही है। ऐसे में मरीज अपना इलाज नहीं करवा पा रहे हैं। आईजीएमसी में वैसे तो प्रत्येक ब्लड ग्रुप की कमी है, लेकिन ए और एबी पॉजिटीव ब्लड ढुंढे नहीं मिल रहा है। ऐसे में मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में मरीज रक्त के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं। मरीजों को स्वयं डोनर लाने पड़ रहे हैं। हैरत तो यह है कि प्रशासन भी ब्लड बैंक की सुध तक नहीं ले रहा है।

अस्पतालों में प्रदेश भर के सैंकड़ों मरीज उपचाराधीन है। यहां एक भी मरीज ऐसा नहीं है, जिसे की रक्त मिल रहा पा रहा हो। प्रशासन द्वारा रक्त का प्रावधान करने के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठाएं जा रहे है।

अस्पताल में जब भी मरीज आपातकालीन स्थिति में ब्लड बैंक जाते है, तो उन्हें स्पष्ट शब्दों में कहा जाता है कि हमारे पास रक्त नहीं है। प्रशासन द्वारा कोई भी ब्लड कैंप नहीं लगवाएं जा रहे हैं और न ही रक्त दान शिविर लगााने के लिए कोई निर्देश दिए जा रहे हैं। इसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ रहा है। अस्पताल में प्रदेश के दूर दराज क्षेत्र से काफी लोग अपना इलाज करवाने आते हैं। वह स्वयं अस्पताल में ब्लड डोनर भी नहीं ला पाते है।

ऐसे में मरीजों के कई बार ऑपरेशन तक रूक जाते है। कई बार प्रशासन के पास आपातकालीन स्थिति के लिए भी ब्लड नहीं बच पाता है। वर्तमान में सिर्फ आपातकालीन के लिए ही ब्लड बचा है। ब्लड बैंक से तो साफ शब्दों में कहा जाता है कि अगर बल्ड चाहिए तो डोनर लाओं।

## मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे से बढ़ी लोगों की परेशानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में निचले पहाड़ी-मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे से लोगों की परेशानी बढ़ी है। राज्य में 10 स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। बीते दिन हुई बर्फबारी से राज्य के कई क्षेत्रों में वाहनों की आवाजाही प्रभावित है। ऊपरी शिमला के कई रूटों पर बस सेवाएं ठप पड़ी हैं।

वहीं, कुल्लू, किन्नौर व लाहौल-स्पीति जिले में भी लोगों की दुश्वारियां बरकरार हैं। लाहौल की पुलिस चौकी कोकसर ने रोपसंग नाला के पास फंसे एक वाहन व इसमें सवार लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। गाड़ी के फंसे होने की सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गाड़ी को धक्का देकर निकाला गया। बर्फबारी के बाद जिला कुल्लू व लाहौल में दुश्वारियां बरकरार है।

दोनों जिला में करीब 145 सड़कें बंद हैं। कुछ इलाकों में बिजली भी नहीं है। इसके अलावा नेशलन हाईवे-तीन सोलंगनाला से आगे बंद है। इसी तरह नेशनल हाईवे-305 घियागी से आगे अवरूद्ध है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 18 जनवरी से कई भागों में मौसम फिर बिगड़ने की संभावना है।

23 जनवरी को राज्य के कई स्थानों पर बारिश-बर्फबारी की संभावना है। 18 से 20 जनवरी तक ऊंचे पहाड़ों और आसपास के मध्य पहाड़ी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। 21 जनवरी और 22 जनवरी को मध्य और उच्च पर्वतीय कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी की संभावना है।

## सर्दियों में 'बिच्छू बूटी' का साग स्वास्थ्य के लिए रामबाण

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**



क्योंथल के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर सर्दियों के दिनों में बिच्छू बूटी अर्थात भाभर का साग को खाने की प्रथा कालांतर से चली आ रही है। सर्दियों में भाभर के साग खाने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। बिच्छू बूटी का साग बहुत ही स्वादिष्ट होने के साथ साथ इसकी ताहसीर गर्म होती है, जिससे शरीर में ठंड का प्रकोप कम होता है ।

बता दें कि बिच्छू बूटी का साग पहाड़ी व्यंजनों में से एक है और इसके साग का जायका और स्वाद अनूठा होता है। बिच्छू बूटी को जहां ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे बच्चों को डराने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, वहीं पर भाभर में विटामिन सी और खनिज तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते है। सबसे अहम बात यह है कि बिच्छू बूटी को उगाया नहीं जाता बल्कि स्वत: ही यह बूटी खेत खलिहान और बंजर भूमि पर उगी होती है। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. विश्वबंधु जोशी ने बताया कि बिच्छू बूटी का वैज्ञानिक नाम अर्टिका डाइओका है।

## मांगों को लेकर ठेकेदार यूनियन रोहड़ू ने सौंपा ज्ञापन

**दशमी रावत, रोहड़ू**

लंबे समय से सरकार की ओर से ट्रेजरी बंद की गई है, जिसे ठेकेदारों द्वारा बार- बार निवेदन करने के बाद खोल तो दिया है, लेकिन टोकन मनी की सीमा 5 लाख रुपए निर्धारित की गई है। जो ठेकेदारों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। ट्रेजरी में आज से पहले जैसे ठेकेदारो के बिलों की पेमैंट जारी होती थी, उसे उसी तर्ज पर खोला जाना चाहिए।

सरकार के इस फरमान के बाद अब ठेकेदारों को भारी संकटों का सामना करना पड़ रहा है। अभी तक यह बात भी स्पष्ट नहीं हो पा रही है कि टोकन 5 लाख का एक होगा या



फिर 5-5 लाख के पंद्रह या बीस टोकन होंगें। रोहड़ू सर्कल में अधिकतर ठेकेदारों के 10-10 लाख से अधिक के बिल पेंडिंग पड़े हुए है। फिर उन्हें कब बहाल किया जाएगा। बिल पेंडिग होने की बजह से कई तरह की परेशानियां इन दिनों ठेकेदारों को झेलनी पड़ रही है। परिधि गृह रोहड़ू में पत्रकार वार्ता के दौरान ठेकेदार एसोसिएशन रोहड़ूके अध्यक्ष वीरेंदर नेगी ने बताया कि यदि ट्रेजरी को पहले की तर्ज पर नहीं खोला गया तो ठेकेदारों को मजबूरन काम करना बंद करना पड़ेगा।

नेगी ने बताया कि ठेकेदार एसोसिएशन रोहड़ू में सभी राजनीतिक दल की विचारधारा के लोग जुड़े हुए है, जिसका किसी भी संगठन या दल से कोई लेना देना नहीं है। यह एसोसिएशन ठेकेदारों की मांगों को लेकर संगठित की गई है और ठेकेदारों के हितों की लड़ाई ही प्रमुखता से लड़ी जाएगी। ठेकेदार युनियन रोहड़ू ने लोक निर्माण विभाग के अधिक्षण अभियंता, अधीशासी अभियंता और एसडीएम रोहड़ू के माध्यम से भी प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। (अनंत ज्ञान)

**समस्या** बीएमओ कार्यालय सुन्नी अस्पताल के वार्ड में ही चल रहा, संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण

# सुन्नी अस्पताल में छतों से टपक रहा पानी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

नागरिक अस्पताल सुन्नी में टंकियों से पानी के रिसाव के कारण अस्पताल में रखे उपकरण खराब होने का अंदेशा बना हुआ है और साथ ही अस्पताल भवन में बाहरी हिस्से में दरारें आना आरंभ हो गई है।

सुन्नी वासियों की बार-बार शिकायत पर नगर पंचायत सुन्नी एवं व्यापार मंडल द्वारा संयुक्त तौर पर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मौके पर कई खामियां पाई गई। अस्पताल भवन की छत से जगह जगह से पानी के रिसाव के कारण दीवारों पर सीलन और अस्पताल में रखे उपकरणों पर पानी टपक रहा है। संयुक्त निरीक्षण दल ने इस दौरान पाया कि अस्पताल के नए भवन की छत पर पानी की टंकियां रखी गई है, जिसके रिसाव से वार्ड, बीएमओ कार्यालय, अल्ट्रसाउंड तथा कई उपकरणों के खराब होने का अंदेशा बना हुआ है और साथ ही पानी के रिसाव के कारण शॉर्ट सर्किट होने का अंदेशा बना हुआ है। संयुक्त निरीक्षण दल ने विभाग एवं स्थानीय विधायक तथा लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री से उक्त समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है।

संयुक्त निरीक्षण दल में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, पार्षद कपिल गुता, व्यापार मंडल अध्यक्ष टेक चंद, यशपाल शर्मा,



मोहन लाल और बाबूराम शामिल रहे। इस दौरान निरीक्षण दल ने बीएमओ कार्यालय को अस्पताल कैंपस के बाहर उचित जगह पर बनाए जाने की मांग रखी ताकि अस्पताल भवन के कमरों को मरीजों के इस्तेमाल के लिए ही उपलब्ध हों। बता दें कि सुन्नी अस्पताल में बीएमओ कार्यालय वार्ड में ही चल रहा है, जिससे वार्ड एवं अस्पताल संबंधी अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। निरीक्षण दल ने बीएमओ कार्यालय के लिए अस्पताल परिसर में बाहर अलग स्थान बनाए जाने की भी मांग रखी है।

वहीं, नागरिक अस्पताल सुन्नी में लैब के लिए बनाए जा रहे भवन का नक्शा पास न करने पर नगर पंचायत की ओर से नोटिस भेजा गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बताया कि व्यापार मंडल एवं लोगों से मिल रही शिकायतों पर अस्पताल निरीक्षण के दौरान कई खामियां पाई गई, जिन्हें दूर करने के लिए बीएमओ सुन्नी जय प्रकाश के समक्ष पक्ष रखा गया है।

उन्होंने बताया कि कुछ मसलों का समाधान केवल विभाग एवं सरकार के माध्यम से ही संभव है और जल्द ही लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों से मामले को उठाया जाएगा और विभाग के माध्यम से अस्पताल की समस्या का समाधान अति शीघ्र करवाया जाएगा।

### प्रदेश विश्वविद्यालय ने 3 डिग्री कोर्सों के परिणाम किए घोषित

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने बीसीए, बीबीए और बीटीटीएम के तीन प्रमुख प्रोफेशनल डिग्री कोर्स के अक्तूबर और नवंबर में आयोजित परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. श्याम लाल कौशल ने बताया कि सभी परिणाम विवि की आधिकारिक वेबसाइट और पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्र अपनी लॉगिन आईडी का उपयोग कर नतीजे देख और डाउनलोड कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय ने इन परिणामों को महज दो से अढ़ाई माह में तैयार कर जारी किया है, जिससे विद्यार्थियों को राहत मिली है।

## न्यूज ब्रीफ

### संजीव बने चंगर टैक्सी यूनियन खुंडियां के प्रधान



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** संजीव वालिया उर्फ पिंकी को सर्वसम्मति से चंगर टैक्सी यूनियन का प्रधान चुना गया है। इसके अलावा विनोद कुमार को उपप्रधान, हरदेव सिंह को सचिव नियुक्त किया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव वालिया हाल ही में परिवहन निगम से बतौर इंस्पेक्टर रिटायर हुए हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव वालिया ने समस्त टैक्सी चालकों व मालिकों का धन्यवाद किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे इस संगठन के माध्यम से टैक्सी चालकों व मालिकों को आ रही विभिन्न समस्याओं को समय समय पर प्रशासन के समक्ष उठाते रहेंगे। उन्होंने निजी गाड़ियों के मालिकों से आग्रह किया है कि वे अपनी निजी गाड़ियों को टैक्सी के रूप में ना चलाएं। कोई दुर्घटना होने पर और बिना टैक्स दिए गाड़ी मालिक और सवारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इस मौके पर लगभग 55 टैक्सी चालकों ने भाग लिया। चालकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव वालिया को शुभकामनाएं दीं हैं।

### सल्ली में 65 लोगों की बनाई निक्षय आईडी



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** स्वास्थ्य उपकेंद्र सल्ली में शुक्रवार को हंड्रेड डे टीबी कैंप का आयोजन खंड चिकित्सा अधिकारी शाहपुर कविता ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। स्वास्थ्य शिक्षक अजमेर ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके पर 65 लोगों की निक्षय आईडी बनाई गई, टोग लेन हॉस्पिटल धर्मशाला के माध्यम से सभी के चेस्ट एक्स-रे किए गए। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने के बावजूद दूरदराज के इलाके में लोगों ने इस कैंप का भरपूर लाभ उठाया।

### गोपालपुर में 141 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**अनंत ज्ञान, नगरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर में 17 जनवरी को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉक्टर अनुपमा सिंह खंड चिकित्सा अधिकारी गोपालपुर द्वारा किया गया। सिविल अस्पताल पालमपुर से आंख के विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश शर्मा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर बिंदु शूद ने इस शिविर में अपना योगदान दिया। इस शिविर में 141 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई जिसमे 32आंखों के, 46 ई एन टी, व 63अन्य सामान्य रोगियों का चेकअप किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 12 शुगर, 17 बीपी, 14 एच बी, 9 एचआईवी व अन्य जांच की गई। टीवी के 7 मरीजों का सैंपल लिया गया। इस शिविर में किशोर-किशोरियों को नई दिशा केंद्र के लिए रेफर भी किया गया।



### कांगड़ा पेंशनर्स संघ परागपुर की बैठक 22 को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कांगड़ा पेंशनर्स संघ ब्लॉक परागपुर की बैठक 22 जनवरी बुधवार को कोटला बेहड़ स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित होगी। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक प्रेस सचिव कुलदीप सपेहिया ने बताया कि बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## पैराग्लाइडिंग की लैंडिंग साइट में अवैध निर्माण को लेकर साडा सख्त

# नो कंस्ट्रक्शन जोन में 15 दिन में हटाने होंगे अवैध निर्माण

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

पैराग्लाइडिंग के लिए विश्व प्रसिद्ध बीड़-बिलिंग घाटी के चौगान के क्योर स्थित लैंडिंग साइट के समीप नो कंस्ट्रक्शन जोन में अवैध रूप से निर्माण करने को लेकर साडा कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर चुका है। वीरवार को साडा के चेयरमैन एवं एसडीएम देवी चंद ठाकुर ने अवैध निर्माण की ले कर आठ लोगों को पूर्व में जारी नोटिस के बाद कार्यालय में तलब किया था। इन आठ लोगों को पूर्व में अवैध निर्माण को लेकर नोटिस जारी किए गए थे और बुधवार को इन अवैध कब्जाधारियों ने इन निर्माण कार्यों को लेकर अपना अपना पक्ष रखा था। गौरतलब है कि लैंडिंग साइट के साथ लगते एरिया को साडा के तहत नो कंस्ट्रक्शन जोन घोषित किया गया है। इन कब्जाधारियों ने पक्के स्ट्रक्चर का निर्माण करने के बजाय वैकल्पिक तौर पर कच्चे स्ट्रक्चर का निर्माण किया हुआ है।



लैंडिंग साइट की फाइल फोटो

मामले की सुनवाई के बाद साडा के अध्यक्ष ने अवैध निर्माण करने वाले इन आठ लोगों को 15 दिन के भीतर अपने अपने स्ट्रक्चर हटाने के निर्देश जारी किए हैं और 15 दिन तक इन आदेशों की पालना न होने पर साडा इन निर्माण कार्यों को अपने तौर पर हटा देगा। साडा की ओर से बीड़ के आसपास के दूसरे एरिया में भी नियमों की अवेहलना करके निर्माण करने वाले 60 अन्य लोगों को भी नोटिस जारी हुए हैं, उन पर भी कार्रवाई चल रही है।

एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ने बताया कि इन आठ लोगों को अंतिम नोटिस जारी करके 15 दिन में स्ट्रक्चर हटाने के आदेश दिए गए हैं और अमल न होने पर साडा के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### पेड़ से टकराई बाइक हादसे में चालक घायल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पुलिस चौकी डाडासीबा के अंतर्गत आरा चौक के करीब एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार वीरवार रात एक बाइक चालक डाडासीबा से ढलियारा की ओर जा रहा था कि आरा चौक के करीब बेसहारा पशुओं को बचाते हुए बाइक एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में घायल हुए बाइक चालक को 108 एंबुलेंस की सहायता से सिविल हॉस्पिटल डाडासीबा में भर्ती करवाया गया। हादसा इतना भयानक था कि पेड़ से टकराने के कारण बाइक काफी क्षतिग्रस्त हो गई है। उसके अगले दोनों शौकर टेढ़े हो गए हैं। बाइक का काफी नुकसान हुआ है।

## मोदी ने अंबेडकर की याद में बनाए पंच तीर्थ स्थल: परमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को संगठनात्मक जिला पालमपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी विपिन सिंह परमार मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नव नियुक्त अध्यक्षा रागिनी रकवाल ने की। परमार ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी हैं, जिन्होंने अंबेडकर को याद करते हुए देश और विदेश में उनके नाम से कई योजनाएं और स्थल बनाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने षड्यंत्र रचकर चुनाव में डॉ. भीमराव अंबेडकर को हराया ही नहीं, बल्कि उनको हराने वाले व्यक्ति को पद्म विभूषण से सम्मानित भी किया, जबकि गैर कांग्रेसी सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जब 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो उसके बाद मोदी ने अंबेडकर के नाम से पांच तीर्थ स्थल बनाए, जिसमें एक तीर्थ स्थल लंदन में बनाया जहां पर पढ़ाई के दौरान अंबेडकर रहा करते थे। हमारा देश डिजिटल लेनदेन में दुनिया का सबसे बड़ा देश बना है, वहां पर भी भीम ऐप को चलाकर मोदी ने अंबेडकर की याद को घर-घर पहुंचने का काम किया।

## मतदाता दिवस पर नए वोटर किए जाएंगे सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर 25 जनवरी को नए मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा तथा मतदान के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। यह जानकारी एडीएम कांगड़ा डॉ. हरीश गज्जू ने शुक्रवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह बीएड कालेज के सभागार मे प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा जिसमे संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शिक्षण संस्थानों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बैठक मे तहसीलदार चुनाव संजय राठौर, नायब तहसीलदार संजय कपूर सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जयसिंहपुर मैदान में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर एसडीएम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम संजीव ठाकुर ने विशेष दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस पर उपमंडल स्तरीय समारोह हर वर्ष की भांति जयसिंहपुर मैदान में मनाया जाएगा। समारोह में पुलिस, होमगार्ड, विभिन्न स्कूलों, कॉलेज की एनसीसी, एनएसएस की टुकड़ियों की ओर से मार्चपास्ट कर सलामी दी जाएगी। वहीं, स्कूली बच्चों और युवक मंडलों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों के परिजनों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

## पंचायत की प्रधान शशिलता ने जारी किया सख्त फरमान

# धरोहर गांव गरली में कूड़ा फेंकते पकड़े गए तो 5000 हजार जुर्माना

**सालविया शर्मा, गरली**

धरोहर गांव गरली में गंदगी फैलाना अब लोगों को भारी पड़ सकता है। गरली पंचायत की प्रधान शशिलता ने ऐसे लोगों पर कार्रवाई करते हुए 1000 से 5000 रुपए तक का जुर्माना वसूलने और चालान करके कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगवाने की तैयारी कर ली है।

पंचायत प्रधान शशिलता ने इस बारे सख्त फरमान जारी करते हुए कहा कि कई लोग स्वच्छ भारत के नियमों को ताक में रखते हुए अपने घर का तमाम कूड़ा इधर-उधर खुले में फेंक रहे हैं, जोकि ठीक नहीं है। पंचायत प्रधान ने कहा कि गरली



पुल के पास इतना ज्यादा कूड़ा-कर्कट जमा हो चुका है कि उन्होंने अपने जेब खर्चे से वहां जेसीबी मसीन लगाकर उपरोक्त कूड़े को

**अपने खर्चे से पुल के पास जमा कूड़े का किया निपटान**

गहरा गड्ढा बनाकर उसमे ठिकाने लगाया।

प्रधान शशिलता ने बताया कि पंचायत की ओर से व्हाट्सऐप नंबर 82787 84218 जारी किया है। इस पर उन लोगों की फोटो व वीडियो बनाकर भेज सकते हैं, जोकि गंदगी फैलाते हैं। ऐसे लोगों की वीडियो फोटो भेजने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और शिकायत सही पाए जाने पर कूड़ा फेंकने वालों से जुर्माना वसूला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## रुक-रुककर हुई बारिश गेहूं की फसल के लिए बनी संजीवनी

**अनंत ज्ञान, हरिपुर**



वीरवार को गुलेर और आसपास के चंगर क्षेत्रों में हुई बारिश गेहूं की फसल के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। रुक-रुककर हुई बारिश से क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिल गए हैं। किसानों की मानें तो बेशक हल्की ही सही, लेकिन पीली पड़ रही गेहूं को कुछ राहत तो जरूर मिली है। सुबह से ही बूंदाबांदी दोपहर तक जारी रही। उन्होंने कहा कि रवि सीजन की फसलों के लिए यह बारिश काफी लाभकारी सिद्ध होगी।

इलाके के किसान रमेश चौधरी, काकू राम, प्यार चंद, रणजीत सिंह, अरुण कुमार, देवेंद्र सिंह, विजय, तरुण, हरबंस, ओम प्रकाश, अशोक, बृज मोहन, प्रीतम सिंह आदि ने कहा कि बारिश न होने के चलते न तो वे खड़पतवार के लिए कोई उपाय कर पाए हैं और न ही अभी तक खाद डालने की स्थिति में हैं। बारिश से जहां किसानों में राहत की उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग ने अभी मौसम खराब रहने की संभावना जताई है। ऐसे में अगर आने वाले दिनों में बारिश हो जाती है तो यह रवि सीजन की तमाम फसलों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। उन्हें उम्मीद है कि मौस्म एक बार फिर करवट लेगा और बारिश से उनके खेत-खलियान लहरा उठेंगे।

## सिहोरपांई के शिक्षक बलदेव ने ट्रिपल जंप में हासिल किया प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी के सिहोरपांई के अध्यापक बलदेव रांगड़ा ने बिलासपुर के लुहणु मैदान में आयोजित मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया 45वें राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में ट्रिपल जंप में प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में सिहोरपांई सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यापक बलदेव सिंह रांगड़ा ने 50 से 55 आयु वर्ग के खेलों में ट्रिपल जंप में भाग लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। अध्यापक एवं खिलाड़ी बलदेव सिंह रांगड़ा ने बताया कि उनका चयन इस



साल (2025) नेहरू स्टेडियम में होने वाली राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए हो गया है। वहीं, सिहोरपांई स्कूल के प्रिंसिपल बाबूराम कमल ने स्कूल प्रशासन व बच्चों की ओर से शिक्षक खिलाड़ी बलदेव सिंह रांगड़ा का भव्य स्वागत किया और सम्मानित किया। प्रिंसिपल बाबू राम कमल ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि सिहोरपांई स्कूल के अध्यापक बलदेव सिंह रांगड़ा अध्यापन कार्य में निपुण हैं ही साथ ही खेलों में भी काफी रुचि रखते हैं। उन्होंने बताया कि बलदेव सिंह रांगड़ा मेहनती अध्यापक होने के साथ साथ उच्च स्तर के खिलाड़ी भी हैं। इस अवसर पर बलदेव सिंह रांगड़ा ने छात्रों से आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी रुचि लें। कड़ी मेहनत के बल पर ही उच्च बुलंदियों को छुआ जा सकता है।

## केसीसी बैंक ने सलियाना में वित्तीय साक्षरता शिविर




पालमपुर। ब्लॉक पंचरुखी की ग्राम पंचायत सलियाना में केसीसी बैंक शाखा पंचरुखी द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। शाखा प्रबंधक कृष्ण कुमार व अन्य अधिकारियों ने पंचायत प्रधान की उपस्थिति में ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। शाखा प्रबंधक ने शिविर में आए लोगों को बैंक संबंधी कई जानकारियां दीं तथा बचत खाता व उससे जुड़े फायदों से अवगत करवाया। प्रबंधक ने लोगों से कहा कि आजकल बहुत सारे लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। सरकार भी इसको लेकर बहुत गंभीर है तथा हर माध्यम से लोगों को जागरूक कर रही है। इसलिए ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए हमेशा जागरूक रहें। उन्होंने लोगों को डिजिटल लेनदेन में सावधानी बरतने की भी अपील की। (अनंत ज्ञान)

## मकोल विद्यालय में विद्यार्थियों को स्टाफ ने वितरित किए विंटर हुड

**अजय पाल, पालमपुर**

उपमंडल पालमपुर की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मकोल की प्रधानाचार्य नरेंद्र कौर व स्कूल स्टाफ ने अपनी तरफ से स्कूल के सभी 103 बच्चों को सर्दी के हुड बांटे। प्रधानाचार्य की इस अनोखी पहल की हर जगह तारीफ हो रही है। एसएमसी के सदस्यों व स्थानीय लोगों व अविभावकों ने प्रधानाचार्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब से मकोल स्कूल में नरेंद्र कौर ने प्रधानाचार्य का पद भार संभाला है, तब से अनुशासन




के साथ साथ स्कूल का भी बहुत विकास हुआ है। वहीं, प्रधानाचार्य नरेंद्र कौर ने कहा कि सर्दी का मौसम है बच्चों का ड्रेस कोड एक जैसा लगे, इसलिए हमने प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर स्कूल के सभी बच्चों को अपनी तरफ से एक जैसे सर्दी के हुड दिए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के शरीरिक व मानसिक विकास के लिए हम स्कूल में समय-समय पर खेलों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी करवाते रहते हैं। वहीं, स्कूल के सभी बच्चों ने प्रधानाचार्य व स्कूल स्टाफ का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

### फतेहपुर स्कूल में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी नवोदय परीक्षा: मदन लाल

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** रावमापा फतेहपुर में शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला द्वारा छठी कक्षा में प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते ब्लॉक प्रोजेक्ट ऑफिसर मदन लाल ने बताया कि शनिवार को होने वाली परीक्षा के लिए 482 बच्चों की सूची पहुंची हुई है जिसमें 252 बच्चे अंग्रेजी और 225 बच्चे हिंदी मीडियम में परीक्षा देंगे। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में शामिल होने बाले बच्चे सुबह दस बजे तक स्कूल कैंपस में पहुंचे।



## केंद्र के पैसे से बनने वाले भवनों का उद्घाटन और शिलान्यास करने आए सुक्खू : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री के शीतकालीन प्रवास पर धर्मशाला आते ही भाजपा ने उनकी घेराबंदी तेज कर दी है। धर्मशाला से शहरी और ग्रामीण मंडल भाजपा ने कहा है कि ढगवार में मिल्क प्लांट में केंद्र की मोदी सरकार का पैसा लग रहा है। इसमें खर्च होने वाले 225 करोड़ रुपए मोदी सरकार की देन हैं, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को बताना चाहिए कि वह किस हैसियत से इसका शिलान्यास करने जा रहे हैं। भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष डॉ. विशाल नैहरिया और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता भवनेश चौधरी ने कहा कि क्रिकेट स्टेडियम के समीप बनने वाली फूड स्ट्रीट मार्केट में स्मार्ट सिटी का पैसा लग रहा है, यह योजना भी भाजपा की देन है। सीएम सुक्खू हिमाचल को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज पूरा हिमाचल जानना चाह रहा है कि कांग्रेस सरकार ने धर्मशाला में बनने वाली सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 30 करोड़ रुपए क्यों जमा नहीं करवाए हैं। उन्होंने चुनौती दी है कि सुक्खू में दम है, तो वह इस सवाल का जवाब दें। कांग्रेस सरकार की नाकामी से वार म्यूजियम का काम रुका पड़ा है। हद तो इस बात की है कि जिला परिषद के खराब क्वालिटी वाले भवन और हाल का मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू उद्घाटन कर रहे हैं। पार्षद इस भवन की खराब हालत पर इस्तीफा देने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने पहले चुनाव के समय गारंटियों के नाम पर प्रदेश की जनता को ठगा है, जबकि अब शीतकालीन प्रवास के नाम पर एक बार फिर जनता को ठगने का प्रयास किया जा रहा है।

### सुनहारा की 245 महिलाओं को मिलेगी सम्मान निधि

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विकास खंड फतेहपुर की पंचायत सुनहारा की 245 महिलाएं 1500 रुपए प्रतिमाह पाने को पात्र निकली हैं तो वहीं 26 परिवारों को पक्के मकान मिले हैं। शुक्रवार को जानकारी देते हुए पंचायत सचिव चांद रानी ने बताया कि पंचायत से कुल 270 महिलाओं ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत फार्म भरे थे, जिनमे 245 महिलाएं पात्र पाई गई हैं। ज्ञात रहे कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत सरकार द्वारा प्रत्येक पात्र महिला को 1500 रुपए प्रतिमाह देने का बादा किया हुआ है।

## सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के 150 पदों के लिए 22 से 24 तक होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सिस इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाइजर के 150 पद क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी धर्मशाला जिला कांगड़ा को अधिसूचित किए हैं। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास और आयु सीमा 19 से 40 वर्ष के बीच रखी गई है। इस साक्षात्कार के लिए केवल पुरुष आवेदक पात्र होंगे। इसके लिए वजन 55 से 95 किलोग्राम के बीच और लम्बाई 168 सेंटीमीटर या उससे अधिक होनी जरूरी है। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को 17 हजार से 22 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों व पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ दिनांक 21 जनवरी को उप रोजगार कार्यालय देहरा, 22 जनवरी को उप रोज़गार कार्यालय ज्वालामुखी, 23 जनवरी को उप रोजगार कार्यालय कांगड़ा तथा 24 जनवरी को उप रोजगार कार्यालय लंबागांव में सुबह 11 बजे पहुंचकर उक्त कम्पनी के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं।


इस साक्षात्कार के संबंध में यात्रा भत्ता व अन्य देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8558062252 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विभागीय वेबसाइट पर साक्षात्कार का ब्यौरा अपलोड कर दिया गया है।

## कांग्रेस ने किया डॉ. अंबेडकर का अपमान: रवि

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

भाजपा नेता और पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि ने ज्वालामुखी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी दलित विरोधी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दलितों का उत्थान करने की बजाए हमेशा पतन ही किया है।

उन्होंने कहा कि दलितों का शोषण करने वाली कांग्रेस ने बाबा साहेब के 26 अलीपुर रोड में महापरिनिर्वाण स्थल का निर्माण नहीं होने दिया, लेकिन भाजपा ने 26 अलीपुर रोड पर डॉ. अंबेडकर नेशनल मैमोरियल का भव्य निर्माण करके दलितों का सच्चे हितैषी होने का परिचय दिया है। इतना ही नहीं कांग्रेस ने सेंट्रल हाल में अपने



नेताओं के फोटो तो सजा लिए, लेकिन बाबा साहेब की एक तस्वीर को जगह नहीं दी। दलितों को अपनी जेब में समझने वाले जवाहर लाल नेहरू ने 1952 के लोकसभा चुनाव और 1953 के उपचुनाव में बाबा साहेब के खिलाफ प्रचार किया और परिणाम स्वरूप बाबा साहेब को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा ने बाबा साहेब को भारत रत्न देकर उनका सम्मान बढ़ाया। कांग्रेस ने 70 साल दलितों को लॉलीपॉप देकर भारत पर राज किया।

अब दलित समाज कांग्रेस की दलित विरोधी नीतियों से भलीभांति अवगत हो चुका है। उन्होंने कहा कि यही कारण रहा है कि पढ़ा लिखा दलित समाज अब कांग्रेस की दलित विरोधी नीतियों से भलीभांति परिचित हो चुका है। रविंद्र रवि ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर रविंद्र रवि ने अपने समर्थकों सहित मां ज्वालादेवी जी के दरबार में शीश नवाया।

## खेलकूद

### कमेटी ग्राउंड कलोहा में सांसद खेल महाकुंभ 3.0 के तहत वॉलीबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# खेल महाकुंभ से खेल संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा: हंसराज

**अनंत ज्ञान, गरली**

कमेटी ग्राउंड कलोहा में शुक्रवार को सांसद खेल महाकुंभ 3.0 वॉलीबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हंसराज धीमान व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रमन शर्मा ने शिरकत की। रमन शर्मा ने बताया कि यह आयोजन विशेष रूप से क्षेत्र के युवाओं के बीच खेलों के प्रति रुचि और उत्साह को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया था। रमन शर्मा व हंसराज धीमान ने



कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस महाकुंभ से क्षेत्र के युवाओं को शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ खेलों में अपनी प्रतिभा को निखारने का बेहतरीन मंच मिलेगा। उनका कहना था कि यह कार्यक्रम न केवल खेलों को बढ़ावा देगा, बल्कि युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में खेलों के प्रति जागरूकता और उत्साह में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ 3.0 के जैसी पहलों से युवाओं को खेलों में करियर बनाने के अवसर भी प्राप्त होंगे। यह कार्यक्रम न केवल क्षेत्र में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने का एक मजबूत कदम साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं के बीच जोश और उत्साह देखा गया और उन्होंने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने की इच्छा जताई। सांसद खेल महाकुंभ 3.0 से क्षेत्र में खेलों के प्रति एक नया दृष्टिकोण विकसित होगा, जिससे खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को उनके सपनों को साकार करने का एक महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। इस मौके पर युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अनीश ठाकुर आईटी संयोजक शशांक मेहता, सोनू ,आशु, अंशुल नरिंदर, कोच गौरव पटियाल रोविन और गण मान्य लोग शामिल रहे।

# शीतकालीन नहीं, कांगड़ा के विकास का है प्रवास : सीएम सुक्खू

## शीतकालीन प्रवास पर धर्मशाला पहुंचे मुख्यमंत्री, कहा- कांगड़ा जिले का विकास प्राथमिकता

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला में शीतकालीन परंपरा को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह धर्मशाला पहुंचे। मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर ने प्रात: 11 बजे धर्मशाला साई स्टेडियम में लैंड करना था, मगर किन्हीं कारणों से मुख्यमंत्री लेट हो गए। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह, आयुष एवं खेल मंत्री यागविंद्र गोमा, नगरोटा बगवां के विधायक एवं पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली, शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, केसीसी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, फतेहपुर के विधायक भवानी सिंह, पालमपुर के विधायक अशीष बुटेल, नगर निगम की मेयर नीनू शर्मा, कांगड़ा मार्केटिंग कमेटी के अध्यक्ष नीशू मौंगरा सहित कांग्रेस के कई नेता व कार्यकर्ता सुबह से ही मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए साई स्टेडियम में एकत्रित थे। शीतकालीन प्रवास पर धर्मशाला पहुंचे ही सभी ने उनका जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री धर्मशाला से ही 9 दिनों तक अपनी सरकार चलाएंगे। मुख्यमंत्री 25 जनवरी तक धर्मशाला में ही रहेंगे तथा आखिरी दिन वे शिमला के लिए रवाना होंगे। धर्मशाला पहुंचे ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू लोगों से मिले तथा उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने तत्काल प्रभाव से संबंधित अधिकारियों को उनकी समरूाओं को शीघ्र दूर करने के आदेश दिए। इस दौरान भारी संख्या में लोग मुख्यमंत्री से मिलने के लिए पहुंचे हुए थे। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।



**25 जनवरी तक धर्मशाला में ही रहेंगे सीएम, उसके बाद शिमला होंगे रवाना**

धर्मशाला पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 9 दिनों के दौरान विभिन्न जिलों में विकास को और गति प्रदान जाएगी तथा करोड़ों की लागत से निर्माण किए जाने वाले कार्यों का शिलान्यास व पूरे हो चुके कार्यों को उद्घाटन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब दौरा 10 से 11 दिनों का हो जाता है तो उसे प्रवास का नाम दिया जाता है, परंतु हमारा मानना है कि प्रवास ही विकास हो। यह प्रवास शीतकालीन नहीं, बल्कि कांगड़ा जिले के विकास का प्रवास है। जिला कांगड़ा का विकास करना ही हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि शीतकालीन प्रवास के दौरान जिला कांगड़ा, चंबा व हमीरपुर में विकास कार्यों का भी जायजा लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने धर्मशाला को पहले ही पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए विकास कार्यों को शुरू किया हुआ है, ताकि यहां यहां पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। कांगड़ा का प्रवास कांगड़ा का विकास होना चाहिए। जिला कांगड़ा में 15 विधानसभा क्षेत्र हैं तथा हमारा मानना है इन प्रवास के दौरान हम सभी क्षेत्रों का दौरा करेंगे तथा विकास को प्रशासनिक गतिविधियों के साथ नई गति देंगे। (अनंत ज्ञान)

### ढगवार में मिल्क प्लांट स्थापित कर रही सरकार



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि ढगवार में सरकार मिल्क प्लांट स्थापित करने जा रही है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने गाय का दुध 25 से 45 रुपए किया तथा भैंस का दूध 45 रुपए से बढ़ाकर 55 रुपए किया है। इससे किसानों का आर्थिकी भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार प्राकृतिक खेती पर भी अपना ध्यान दे रही है, जिसमें मक्की का मूल्य 30 तथा गेहूं का मूल्य 40 रुपए घोषित किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लोगों की अर्थव्यवस्था ओर कैसे मजबूत इसके लिए क्षेत्रों का दौरान कर वहां की समस्याओं को देखा जाएगा।

### भाजपा में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल

**प्रदेश** के सबसे बड़े 15 विधानसभा क्षेत्रों वाले जिला कांगड़ा में मुख्यमंत्री के शीतकालीन प्रावस को लेकर भाजपा में भी राजनीतिक उथल-पुथल शुरू हो गई है। हिमाचल प्रदेश में सरकार बनाने में जिला कांगड़ा अपना अहम रोल अदा करता है तथा राजनीतिक रूप से भी जिला कांगड़ा का प्रदेश में अपना एक अलग ही स्थान रहा है। मुख्यमंत्री जहां निचले क्षेत्रों में करोड़ों के विकास कार्यों को गति देते नजर आएंगे वहीं भाजपा कांग्रेस सरकार पर भी कटास करती नजर आ सकती है। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री के शीतकालीन प्रवास के दौरान पक्ष व विपक्ष में शब्दबाणों का प्रहार भी देखा जा सकता है।

## 19.55 करोड़ की 5 परियोजनाओं के किए शिलान्यास और उद्घाटन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुक्खू अपने शीतकालीन प्रवास के दौरान कांगड़ा जिले के लिए लगभग 675 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाएं समर्पित करेंगे। सीएम ने पहले दिन धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के लिए 19.55 करोड़ रुपए की लागत की पांच परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। उन्होंने 1.5 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 750 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कंड उपरली में 4.74 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित महिला पुलिस थाना भवन, 4.83 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित जिला परिषद भवन तथा 3.42 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित क्षेत्रीय पर्वतारोहण केंद्र के छात्रावास का उद्घाटन किया। उन्होंने 3.40 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले धौलाधार फूड स्ट्रीट मार्केट की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि इस दौरे के दौरान ढगवार में लगभग 250 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक दूध प्रसंस्करण इकाई की आधारशिला रखी जाएगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

**कंड उपरली में 4.74 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित महिला पुलिस थाना भवन लोकार्पित**

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है तथा इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गाय का दूध 45 रुपए प्रति लीटर तथा भैंस का दूध 55 रुपए प्रति लीटर की दर से खरीद रही है। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक खेती से उगाई गई मक्की 30 रुपए प्रति किलोग्राम तथा गेहूं 40 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीदी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती पद्धति से उत्पादित 4000 मीट्रिक टन मक्की खरीदी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत दैनिक मजदूरी में ऐतिहासिक रूप से 60 रुपए की वृद्धि की गई है, जिससे यह 240 रुपये से बढ़कर 300 रुपए हो गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूत करने के लिए भविष्य में और कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री के धर्मशाला पहुंचने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय निवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने जन समस्याएं भी सुनीं तथा अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, एचपीटीडीसी के अध्यक्ष आर.एस. बाली, राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक आशीष बुटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार) गोकुल बुटेल, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय चौहान, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी, धर्मशाला नगर निगम की महापौर नीना शर्मा, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री और अन्य गणमान्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## जयराम ठाकुर ने तोड़ी थी शीतकालीन प्रवास की परंपरा : विक्रमादित्य सिंह

### कहा, सीएम प्रवास से कांगड़ा सहित हमीरपुर, चंबा को भी मिलेगा लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री के शीतकालीन प्रवास पर धर्मशाला पहुंचे लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पूर्व में प्रदेश में जब जयराम की सरकार थी तो शीतकालीन प्रवास की प्रथा को बंद किया गया। हालांकि इससे पहले भी भाजपा की सरकारें रहीं तथा शीतकालीन प्रवास होता रहा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा शीतकालीन प्रवास को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा जिला कांगड़ा के जितने भी विधानसभा क्षेत्र हैं, वहां विकास को आगे ले जाने में बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने 1993-94 में इस प्रथा को शुरू किया था ताकि सरकार कुछ दिनों तक धर्मशाला प्रवास पर रहे, ताकि निचले क्षेत्रों के लोगों को इसका लाभ मिले तथा वे सरकार से भी मिल सकें।

उन्होंने कहा कि सरकार के लिए जिला कांगड़ा बहुत महत्वपूर्ण है तथा सरकार की प्राथमिकता है हम विकास के मामले में उसे आगे लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का शीतकालीन प्रवास काफी अच्छा रहने वाला है, इससे कांगड़ा, हमीरपुर, चंबा सहित साथ लगते अन्य क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार दूरदृष्टि से आगे बढ़ रही है तथा तेजी के साथ विकास कार्यों के गति दी जा रही है। अन्य जो भी विकास कार्य हैं कांग्रेस की सरकार उन्हें पूरी मजबूती के साथ पूरा करेगी।

### धर्मशाला-डलहौजी पुरानी सड़क का होगा निर्माण



**विक्रमादित्य** सिंह ने कहा कि जिला चंबा में होली उतरा सड़क निर्माण कार्य को के लेकर सरकार प्रयत्नशील है तथा नाबार्ड के तहत भी प्रदेश में सड़कों का निर्माण कार्य चला हुआ है। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे बड़े प्रोजेक्ट होते हैं, जिनके कार्यों से क्षेत्र का भी कायाकल्प हो जाता है, इसलिए हम चाहते हैं कि बड़े प्रोजेक्टों को लाया जाए। इससें रोजगार की राहे भीं खुलेंगी तथा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि धर्मशाला से डलहौजी तक जो पुरानी सड़क है, इसका भी निर्माण किया जाएगा।

## सीएम आज जवाली को देंगे करोड़ों की सौगात

### कृषि मंत्री ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, जवाली**

मुख्यमंत्री सुक्खू के जवाली विधानसभा क्षेत्र में 18 जनवरी के प्रवास कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल खेल मैदान ज्वाली का दौरा किया तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों को मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान उपस्थित रहने तथा अपने-अपने विभाग से संबंधित विकास कार्यों तथा योजनाओं का ब्यौरा अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण,शिक्षा तथा जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को शिलान्यास तथा उद्घाटन से संबंधित सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री 18 जनवरी को सुबह 11.30 बजे हरिपुर हेलिपैड पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री लगभग 11:50 बजे बासा में 3.20 करोड़ से निर्मित वाइल्डलाइफ इन्फॉर्मेशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। 12:25 बजे मुख्यमंत्री जरोट में गज्ज खड्ड पर 86.34 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का भूमि पूजन करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 1:30 बजे ठंगर में 1.50 करोड़ से बनने वाले राजीव गांधी राजकीय डे बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री 3:00 बजे जवाली खेल मैदान में पहुंचकर अमृत 2.0 के अंतर्गत 15.76 करोड़ की लागत से निर्मित शहरी जलापूर्ति योजना का उद्घाटन करने के साथ नगरोटा सूरियां की 36.55 करोड़ से बनने वाली जल निकासी योजना तथा ज्वाली में शहरी जलापूर्ति योजना की आधारशिला रखेंगे। 7.26 करोड़ की राशि से विद्युत मंडल ज्वाली में नए ट्रांसफार्मर तथा विद्युत नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण कार्य,4.90 करोड़ के अग्निशमन केंद्र एवं कार्यालय का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 1.48 करोड़ की चीचड़ से नाग द्रमण बडी दा बला सड़क, 2.11 करोड़ की जरयाल बस्ती झराड से बंदेरु नडन वाया प्राइमरी स्कूल एवं झराड पटवार खाना तक की सड़क,4.08 करोड़ की खरोटा सौहरा गुडा नरगाला कुट मकराहन लब भनेई निचला कुट से प्राइमरी स्कूल समलाना तक बनी सड़क,6.80 करोड़ से निर्मित नियाल-झलूं सड़क पर बने पुल टोरा घेरा से बनतुंगली सड़क, 2.18 करोड़ की गिरन खड्ड नोडिकूट जरपाल से अमलेला घार जरोट सड़क का लोकार्पण करेंगे।

## नूरपुर की दशा और दिशा बदलने को इसे गोद लें सीएम : सुदर्शन

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

मुख्यमंत्री के नूरपुर दौरे को लेकर कांग्रेस में हर्ष की लहर है। मुख्यमंत्री के जोरदार स्वागत की तैयारियां नूरपुर में की जा रही है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कांगड़ा प्रवास पर नूरपुर में होगा, जबरदस्त स्वागत किया जाएगा, जिसके लिए नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के तमाम कार्यकर्ता बिलकुल तैयार है। सुदर्शन शर्मा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कांगड़ा प्रवास के दौरान आधिकारिक रूप से पहली बार नूरपुर के दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि नूरपुर दो वर्षों में डेवलमेंट में काफी पिछड़ चुका है।



उन्होंने कहा कि मेरा मुख्यमंत्री से आग्रह रहेगा कि नूरपुर की दशा और दिशा को बदलने के लिए नूरपुर को गोद लेकर नूरपुर का उद्धार करें, ताकि नूरपुर में रुके हुए कार्यों को गति मिले। उन्होंने बताया कि मातृ-शिशु चिकित्सालय, निर्माणाधीन महाविद्यालय भवन, नूरपुर वरिष्ठ माध्यमिक बालक सरकारी स्कूल का भवन, जसूर बाजार फोरलेन फ्लाईओवर निर्माण कार्य, नूरपुर स्टेडियम, नूरपुर बाजार में निर्माणाधीन सीवरेज व्यवस्था पूरी विधानसभा के लिंक रोड जिनकी हालत खस्ता है, जैसे विकासात्मक कार्यों को गति मिले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि नूरपुर को गोद लेकर मिसाल पेश करें। (अनंत ज्ञान)

### सीएम सुक्खू कल करेंगे नूरपुर का दौरा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 19 जनवरी को नूरपुर का दौरा करेंगे तथा इस दौरान मुख्यमंत्री नूरपुर में कई उद्घाटन तथा शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर नूरपुर कांग्रेस ने अभी से तैयारी आरंभ कर दी हैं।

## मैक्लोडगंज के सौंदर्यीकरण और यातायात प्रबंधन को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

होटल-रेस्तरां एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला मैक्लोडगंज ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मैक्लोडगंज शहर के सौंदर्यीकरण और भीड़भाड़ को कम करने के लिए ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में एसोसिएशन ने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया और उनके समाधान के लिए सुझाव प्रस्तुत किए। एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल धीमान और महासचिव संजीव गांधी और उपाध्यक्ष अशोक पठानिया के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुए बताया गया कि मैक्लोडगंज को एक व्यवस्थित और आकर्षक पर्यटन स्थल बनाने के लिए सड़कों का चौड़ीकरण, बेहतर पार्किंग सुविधाओं की व्यवस्था और ट्रैफिक मैनेजमेंट जैसे उपायों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**होटल-रेस्तरां एसोसिएशन ने अपने सुझाव भी दिए**

ज्ञापन में शहर के सौंदर्यीकरण के तहत सड़कों और भवनों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइटिंग, साफ-सफाई और हरियाली बढ़ाने जैसे कार्यों का प्रस्ताव दिया गया। इसके साथ ही, स्थानीय व्यापारियों और होटल व्यवसायियों ने सरकार से अनुरोध किया कि रेहड़ी-फड़ी व्यवस्थित की जाए, जिससे बाजार में यातायात जाम की समस्या न हो। एसोसिएशन ने कहा कि ये कदम न केवल स्थानीय निवासियों के लिए सुविधाजनक होंगे, बल्कि पर्यटकों के अनुभव को भी बेहतर बनाएंगे, जिससे धर्मशाला और मैक्लोडगंज की पर्यटन छवि को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने ज्ञापन को गंभीरता से लेने और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

## टीबी के लक्षण और बचाव के तरीके बताए

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** औद्योगिक क्षेत्र राजा का बाग में क्वालिटी फार्मा यूनिट में प्रसार अधिकारी (उद्योग) विकास खंड नूरपुर द्वारा अर्जुन सिंह द्वारा टीबी पर शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी दिलवर सिंह व वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक रीना गुप्ता से अनुरोध करने पर टीबी उन्मूलन के बारे में वहां पर विभिन्न इकाइयों से आए सभी कर्मचारियों को टीबी के बारे रीना गुप्ता ने अवगत करवाया। वहां पर मौजूद सभी कर्मचारियों के प्रश्नों के जवाब देते हुए उनके सारे संदेह दूर किए। इस मौके पर प्रसार अधिकारी( उद्योग) विकास खंड नूरपुर अर्जुन सिंह ने सभी से अनुरोध किया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीबी उन्मूलन अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें और आप के आसपास कोई भी क्षय रोगी मिलता है तो उनको नजदीक अस्पताल जाने के लिए और अपना नियमित निरीक्षण व उपचार करवाने के लिए प्रेरित करें।

**आश्वासन** देहरा विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ नहीं होने दूंगी राजनीति

## नंद नाला पुल मेरी प्राथमिकता : कमलेश

**अनंत ज्ञान, देहरा**

देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने अपने क्षेत्र का दौरा कर जनता की समस्याओं को सुना और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसे मैं हर हाल में पूरा करूंगी। दौरे के दौरान उन्होंने सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी पर विशेष ध्यान देने का वादा किया। अपने दौरे के दौरान विधायक ने नंद नाला पुल के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह पुल क्षेत्र की 10 पंचायतों के लिए जीवनरेखा साबित होगा।

इससे गुलेर और नंदपुर के बीच की दूरी 4 किलोमीटर रह जाएगी, जो वर्तमान में 15 किलोमीटर हो गई है। मैं खुद इस पुल का तीन बार दौरा कर चुकी हूं और इसे जल्द से जल्द पूरा करवाना मेरी प्राथमिकता है। दौरे के दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक के सामने अपनी समस्याएं रखीं। गांवों में सड़क और जल आपूर्ति की खराब स्थिति पर चिंता जताई गई। कमलेश ठाकुर ने हर समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा, यह क्षेत्र लंबे समय से विकास की मुख्यधारा से अलग रहा है। अब हर पंचायत में विकास कार्य तेजी से होंगे। विधायक ने बताया कि देहरा की 10 पंचायतें, जो पहले नगरोटा सूरियां ब्लॉक के अंतर्गत आती थीं, अब देहरा ब्लॉक में जुड़ चुकी हैं। इससे विकास कार्यों में नई गति आएगी।





उन्होंने कहा कि 31 मार्च के बाद क्षेत्र में और अधिक कार्य शुरू होंगे। अपने छह महीने के कार्यकाल में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए विधायक ने कहा, जो काम दशकों से अटके हुए थे, उन्हें गति दी गई है। यह सब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समर्थन और मार्गदर्शन से संभव हुआ है। जनता के विश्वास को बनाए रखना मेरी पहली जिम्मेदारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया राष्ट्रीय बाल बालिका दिवस



**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** श्री नयना देवी जी के समीप पंचायत घवांडल के गांव अजनोल की आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय बाल बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामप्यारी ने उपस्थित सभी बालिकाओं को उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे, अनमोल, मुख्यमंत्री कन्या दान योजना, प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, सुख शिक्षा योजना आदि के बारे जागरूक किया। इसी प्रकार आंगनबाड़ी सुपर वाइजर श्री नयना देवी जी वृत दलीप पोसवाल ने बेटियों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बेटियां हमारे समाज कीआशा है उनके सशक्तिकरण के लिए हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए।

### झंडूता स्कूल में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता में 76वां उपमंडलीय स्तरीय गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। यह जानकारी कार्यकारी उपमंडलीय अधिकारी कुनिका ने आयोजन से संबंधित तैयारियों के विषय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को आयोजित किए जा रहे समारोह में मुख्यातिथि ध्वजारोहण के पश्चात मार्चपास्ट का निरीक्षण कर परेड की सलामी लेंगे। कुनिका ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को समारोह की तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। झंडूता की कार्यकारी उपमंडलीय अधिकारी कुनिका ने बताया कि उपमंडल स्तर पर हर वर्ष की तरह 26 जनवरी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता के प्रांगण में किया जाएगा।

### पेंशनर्ज का बकाया सरकार के पास लंबित : आत्माराम

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** 2024 का वर्ष जहां प्रदेश सरकार के लिए वित्तीय संकट का वर्ष रह है वहीं प्रदेश के पेंशनर्ज भी वित्तीय संकट से अछूते नहीं रहे हैं, जिसके



परिणाम स्वरूप 1 जनवरी, 2016 से 31जनवरी,2022 के मध्य सेवानिवृत पेंशनर्ज विशेष रूप से पीड़ित हैं क्योंकि इनमें से प्रत्येक पेंशनर्ज का 15 ,से 20 लाख रुपए का बकाया सरकार के पास लंबित है। पेंशनर्ज वेल्फेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के प्रधान आत्माराम शर्मा और महासचिव ठाकुर हुकम सिंह ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर कहा है कि जहां 2024 वर्ष में सरकार ने पेंशनर्ज को दिए गए आंशिक वित्तीय लाभ का स्वागत किया है वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि आगामी वर्ष 2025 के बजट में पेंशनर्ज की वित्तीय देनदारियों की अदायगी बारे विशेष प्रावधान किया जाए जिसमें जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत पेंशनर्ज के लंबित वित्तीय देनदारियों की अदायगी, शेष सभी पेंशनर्ज के छठे वेतन आयोग के एरियर्स का एकमुश्त भुगतान, 42 महीनों के महंगाई भत्ते के एरियर्स का एकमुश्त भुगतान, लंबित 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते की तीन किश्तों को देने का प्रावधान आदि शामिल हैं।

### मंगरोट जमीन विवाद पर विभाग ने की निशानदेही

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के अंतर्गत शिमला-धर्मशाला नेशनल हाईवे पर मंगरोट में चल रहे जमीन विवाद को लेकर शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम निशानदेही के लिए पहुंची। लेकिन इस बिन स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाई है। लंबे समय से यां पर जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। वहीं, अब शनिार को दोबारा राजस्व विभाग की टीम निशानदेही के लिए पहुंचेगी। जानकारी के अनुसार मंगरोट निवासी राजनकांत शर्मा द्वारा नेशनल हाईवे की जमीन को लेकर अपना



दावा जताया जा रहा है। जमीन के कब्जे को लेकर यह व्यक्ति लंबे समय से इधर उधर धक्के खा रहा है, लेकिन इसे जमीन का कब्जा नहीं मिल पा रहा है। वहीं, कई बार यह व्यक्ति नेशनल हाईवे के बीचोंबीच अपनी दुकानदारी भी सजा चुका है। नेशनल हाईवे वन वे भी किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि राजनकांत शर्मा द्वारा प्रशासन, सरकार, संबंधित विभाग से कई बार आग्रह किया। जिसके चलते अब जमीन की निशानदेही को लेकर प्रक्रिया शुरू की गई है। शनिवार को दोबार यह टीम मौके पर पहुंचेगी और निशानदेही को लेकर प्रक्रिया अपनाएगी। उधर, इस बारे में तहसीलदार सदर बालकिशन ने बताया कि शुक्रवार को भी टीम मौके पर गई थी। वहीं, शनिवार को भी निशानदेही प्रक्रिया अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि नियमानुसार प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उधर, राजनकांत शर्मा ने कहा कि उन्होंने प्रशासन, सरकार, संबंधित विभाग से निशानदेही को लेकर कई बार आग्रह किया। इससे पहले राजस्व विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया था जिसमें उनकी जमीन नेशनल हाईवे में पाई गई थी। एक बार फिर राजस्व विभाग ने निशानदेही प्रक्रिया अपनाई है। उन्होंने कहा कि उन्हें जमीन का कब्जा नहीं मिलने के चलते आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

### रिलेशनशिप मैनेजर के 10 पदों पर होगा कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला रोजगारी अधिकारी राजेश मैहता ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपीटेंट ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटिड, मारुती नेक्सा डीलरशिप, बिलासपुर द्वारा रिलेशनशिप मेनेजर के 10 पदों हेतु 22 जनवरी को जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर एवं 23 जनवरी को उप-रोजगार कार्यालय घुमारवी, में 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन जाएगा। उन्होंने बताया कि उमीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएट होनी चाहिए तथा मासिक वेतन 12000 से लेकर 14000 दिया जाएग साथ मे ईएसआईपीएफ व इंसेंटिव भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उमीदवार की आयू 18-40 वर्ष तथा पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 22 जनवरी को जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर एवं 23 जनवरी को उप-रोजगार कार्यालय घुमारवी, में पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते है। उम्मीदवार का एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज के पोर्ट्ल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है।

---

मंदिर न्यास श्री लक्ष्मी नारायण, हनुमान मंदिर व व्यास गुफा मंदिर समूह की बैठक संपन्न

# मंदिर न्यास की दुकानों का बढ़ाया जाएगा किराया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व साथ हैं अन्य।

शुक्रवार को बचत भवन बिलासपुर में दिनांक मंदिर न्यास श्री लक्ष्मी नारायण, हनुमान मंदिर एवं व्यास गुफा मंदिर समूह, तहसील सदर, जिला बिलासपुर की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी (ना.) सदर एवं मंदिर न्यास अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने की। बैठक में मंदिर न्यास के सरकारी सदस्यों, जिनमें मदन धीमान (डीएसपी), सहायक अभियंता (लोक निर्माण विभाग, मंडल-1), सहायक अभियंता (विद्युत बोर्ड, बिलासपुर) और मंदिर के गैर-सरकारी सदस्यों (मंदिर न्यासी) ने भाग लिया।
बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मन्दिर न्यास की दुकानों का किराया बढ़ाया जाएगा। यह निर्णय लोक निर्माण विभाग द्वारा पूर्व में किए गए आंकलन के आधार पर लिया गया।

**1500 छोटी दुकानों का और बड़ी दुकानों का 2000 प्रतिमाह होगा किराया**

छोटी दुकानों का किराया 1500 रुपए तथा 31 नंबर दुकान को छोड़कर अन्य बड़ी दुकानों का किराया 2000 रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया। इस निर्णय से मंदिर न्यास की आय में वृद्धि होगी, जो मंदिर से जुड़े विकासात्मक कार्यों को गति प्रदान करेगी।

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि मंदिर परिसर में सराय, पुरुष शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं, महिला शौचालय, प्रांगण में कंकरीट टाइल बिछाने और पीपल टयाला की मरम्मत का कार्य जारी है। मंदिर प्रांगण की सजावट के लिए क्यारियों में विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे लगाने का निर्णय लिया गया।

मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर में चढ़ाए जाने वाले अनाज और अन्य खाद्य सामग्री को गोसदन में दान किया जाएगा।

बैठक में लिए गए निर्णय मंदिर न्यास की आय बढ़ाने और विकास कार्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किए गए हैं।

## 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ई-केवाईसी में दी छूट

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एंव उपभोक्ता मामले ब्रिजेंद्र पठानिया ने बताया कि जिला बिलासपुर में अब तक 3 लाख 2 हजार 93 राशनकार्डधारकों द्वारा ई-केवाईसी करवाई जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की ई-केवाईसी न होने के कारण उन्हें छूट दी गई हैं तथा इसके अतिरिक्त जो भी उपभोक्ता जिनकी ई-केवाईसी नहीं हुई है वे तुरंत मोबाइल फोन पर गूगल प्लेस्टोर से ई-केवाईसी पीडीएस एचपी फेस एप डाउनलोड कर आधार नम्बर अथवा राशन कार्ड नंबर फीड करने के उपरान्त बहुत ही सुगमता व सुविधाजनक तरीके से घर बैठे ही ई-केवाईसी करवाई कर सकते है।

उन्होंने बताया कि राशनकार्ड धारक प्रदेश में स्थित किसी भी उचित मूल्य की दुकान पर ई-पॉश मशीन के माध्यम से भी अपनी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। जिला बिलासपुर के विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ता अपने विकास खंड के निरीक्षकों से भी ई-केवाईसी करवाने व आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नं. 01978-222349 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जनता को मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ : विवेक

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुलज्यार के गांव कड़ोह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान मुख्यातिथि ने कड़ोह सड़क का भूमि पूजन भी किया। इस दौरान विवेक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। जिसका लाभ पात्र को उठाना चाहिए। वहीं, उन्होंने इस दौरान अन्य विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अन्य कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। प्रदेश की जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। लोगों द्वारा कड़ोह सड़क को जल्द पक्का करने की मांग रखी। विवेक कुमार ने कहा कि इस सड़क को पक्का करवाने को लेकर जल्द ही

**विवेक कुमार ने किया कड़ोह सड़क का भूमि पूजन**

दो लाख की राशि मुहैया करवाई जाएगी, ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। इसके अलवा लोगों ने 21 तारीख को होने वाली सोसायटियों की बैठक को जड्डू में करवाने की मांग रखी।

इस दौरान ग्राम पंचायत प्रधान कुलज्यार शिल्पा, कर्म सिंह, कुलज्यार से प्रेमलाल, मत्स्य सचिव जगतपाल, बलवीर सिंह, कड़ोह से प्रताप सिंह, दिनेश कुमार, गिरधारी लाल, बेल्ला बोहरवीं से रमेश कुमार, घनश्याम, देवेंद्र कुमार, प्यार सिंहय ने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य मनेंद्र सिंह चंदेल, युवा कांग्रेस से कपिल गौतम, मदन लाल, कमल देव पूर्व प्रधान, शंकरदास, रघुवीर, निखिल, सुरजीत आदि मौजूद थे।

# धुंध के आगोश में घुमारवीं शहर, थमे वाहनों के पहिए



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सिरखड्ड किनारे स्थित घुमारवीं शहर को धुंध ने अपने आगोश में ले लिया है। पिछले कुछ दिनों से यहां लगातार धुंध पड़ रही है, जिसके चलते जहां ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। सर्दी के दिनों में पड़नी वाली धुंध से लोगों को सुबह के समय परेशानी हो रही हैं। वहीं, धुंध के चलते सड़कों पर विजिबिलिटी भी कम हो गई है। दृश्यता कम होने के कारण यातायात धीमा रहा। सड़कों पर चलने वाले वाहनों को लाइट् का सहारा लेना पड़ रहा है। सड़कों पर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए प्रशासन ने वाहन चालकों से सतर्कता बरतने की अपील की है। शुक्रवार सुबह शहर घने धुंध की चादर में लिपटा नजर आया। यहां इतनी धुंध थी कि कुछ ही मीटर की दूरी पर दृश्यता पूरी तरह से गायब हो गई थी और वाहन चालकों को काफी सतर्कता के चलना पड़ रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग शिमला-धर्मशाला हाईवे और किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर दृश्यता भी काफी कम रही। इसका असर वाहनों की रफ्तार पर भी दिखा।

## अवैध शराब की 36 बोतलें बरामद

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** पुलिस थाना झंडूता की एक टीम ने गश्त के दौरान मुकडाना के पास एक व्यक्ति को तीन पेटी (36 बोतल) देसी शराब के साथ धरा है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना झंडूता की टीम ने मुकड़ाना के पास एक व्यक्ति से तीन पेटियां बरामद की, जिसमें कुल 36 बोतलें शराब देशी संतरा मार्का थी।

मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति की पहचान प्यार सिंह पुत्र हरि राम गांव मुकड़ाना तहसील झंडूता जिला बिलासपुर के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# डॉ. नीरज आपदा प्रबंधन को लेकर सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



डॉ. नीरज को सम्मानित करते पीयूष गोयल।

बिलासपुर जिले की सीमेंट नगरी बरमाना के निकट स्थित बैरी गांव के निवासी जाने माने व्यवसायी दीपक शर्मा के पुत्र डॉ. नीरज शर्मा ने हिमाचल प्रदेश का ही नहीं अपितु पूरे भारतवर्ष में बिलासपुर जिले के गांव बैरी का नाम रोशन किया है।

रक्षा भू-सूचना विज्ञान अनुसंधान प्रतिष्ठान (डीजीआरई), डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त निदेशक के रूप में कार्यरत डॉ. नीरज शर्मा को आपदा प्रबंधन-आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर प्रतिष्ठित विश्व कांग्रेस से सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार समारोह कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित किया गया, जहां केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उन्हें यह सम्मान डब्ल्यूसीडीएम डीआरआर) पुरस्कार 2024 प्रदान किया।

डॉ. नीरज को जुलाई 2023 में विनाशकारी मनाली बाढ़ के दौरान उनके अनुकरणीय साहस और दृढ़ नेतृत्व के लिए पहचाना गया था। उस समय, डॉ. शर्मा डीजीआरई मनाली के प्रभारी अधिकारी के रूप में तैनात थे, जहां उन्होंने एक वीरतापूर्ण निकासी में एक समर्पित टीम का नेतृत्व किया था। उनका नेतृत्व उनकी तात्कालिक टीम से भी आगे बढ़ गया, क्योंकि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में मानव सुरक्षा के प्रति असाधारण प्रतिबद्धता दिखाते हुए आस-पास के प्रतिष्ठानों से कर्मियों को निकालने में मदद की। डॉ. नीरज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई से आपदा प्रबंधन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त डिप्लोमा भी हासिल किया है।

## कहलूर वॉलीबॉल चैंपियनशिप कल से

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला में पहली बार चेतना संस्था व अडाणी फाउंडेशन के सहयोग से जिलास्तरीय कहलूर वॉलीबॉल चैंपियनशिप में



जिले के चारों मंडलों से 80 टीमें भाग लेंगी। चेतना संस्था के सचिव हरीश नड्डा ने कहा कि चैंपियनशिप को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है यह चैंपियनशिप 19 जनवरी से लेकर 16 फरवरी तक चलेगी 19 जनवरी को नयनादेवी, 25 व 26 जनवरी को घुमारवीं 1 व 2 फरवरी को झंडूता,और 8 व 9 फरवरी को सदर ब्लॉक में वॉलीबाल चैंपियनशिप करवाई जाएगी। हर ब्लॉक से तीन टीमें जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित की जाएंगी। जिसमें खंडस्तर पर विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान पर रही टीमों की जिलास्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता 16 फरवरी को करवाई जाएगी।

हरीश नड्डा ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर करना है, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# जयराम ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, झंडूत्ता**



बिलासपुर के घुमारवीं उपमंडल के भगेड़ में स्थित अपाहिज गोवंश उपचार सेवा केंद्र भगेड़ में अचानक हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पहुंचे।
उन्होंने बेसहारा पशुओं को पेड़े खिलाए और गायों की सेवा की। इस बीच जयराम ठाकुर बच्चों से रू-ब-रू होते हुए जीवन में कुछ कर गुजरने की दी प्रेरणा दी और एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का भी जयराम ने संदेश दिया।

इस पर समाजसेवी सुनील शर्मा का कहना है कि जय राम ठाकुर यहां पर गायों की सेवा करने आए । उन्होंने घायल गायों को पेड़े खिलाए साथ ही उनकी सेवा की इस मौके पर हमने उन्हें बताया कि किस प्रकार सड़कों पर जो बैल, गाय घायल हो जाते हैं। उन्हें हम यहां पर लाते हैं और उनकी सेवा करते हैं। उन्होंने बताया कि यहां जो मंदिर बनाया गया है, यहां केवल घास चढ़ाने की ही परंपरा है।

साथ उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उनके द्वारा यहां पर एक पेड़ भी लगाया गया और यहां पर जो कार्य हो रहा है उसकी प्रशंसा की।

## जिला पेंशनर्ज वेलफेयर एसो. के चुनाव 19 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन चांदपुर इकाई के त्रैवार्षिक चुनाव 19 जनवरी को तलवाड़ गांव के राधा कृष्ण एवं हनुमान मंदिर में सुबह 11 बजे करवाए जाएंगे। चांदपुर इकाई के अध्यक्ष देवी राम चौहान एवं प्रेस सचिव गोपाल दास शर्मा ने बताया कि इस इकाई के तहत खन्न, घुगराड, क्यारा, मैहाण, टिहरी, तलवाड़, तरेड, ध्वाल, चकली , लुहणु कनैतां, गलेड़ा, बल्ह-बलवाणा, भंदवाड़, मियां बंदला व कोठी चौक आदि क्षेत्र आते हैं।

उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्रों के नए पेंशनर्ज एसो. की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। उन्होंने सभी सदस्यों व पदाधिकारियों से बैठक में अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है। इस बैठक में जिला व प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

## पति, सास व ननदों के विरुद्ध तंग करने की शिकायत करवाई दर्ज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** महिला पुलिस थाना बिलासपुर में एक महिला ने अपने पति, सास व ननदों के विरुद्ध तंग करने की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी गई शिकायत में महिला ने कहा है कि वह एक कालेज में सहायक प्राध्यापक है। उसकी शादी वर्ष, 2019 में शहर के निहाल सेक्टर में हुई थी। इसकी 2 बेटियां हैं। आरोप लगाया है कि शादी के कुछ समय के बाद उसका पति, सास व ननदें उसे छोटी-छोटी बात पर तंग करने लगे। इतना ही नहीं गत दिवस उसके साथ मारपीट भी की।

डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# श्री नयना देवी जी के नाम पर बने फेसबुक पेज पर डाली अश्लील फोटो

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

विख्यात तीर्थ स्थल माता श्री नयना देवी जी के मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने थाना कोट में मुकद्दमा दायर किया है कि किसी नाम मालूम व्यक्ति द्वारा जय मां नयना देवी के नाम से फेसबुक में पेज बनाया हुआ है। जिस पर माता की तस्वीर के साथ कुछ अश्लील फोटो डाली गई है। उनका कहना है कि इनका पता उन्हें कुछ स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं से मालूम हुआ है। उक्त नाम नामालूम व्यक्ति के खिलाफ तुरंत कार्यवाई अमल में लाने के लिए फेसबुक का पेज बंद करवाने के लिए मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने थाना कोट में मामला दर्ज करवाया है।

बता दें की माता श्री नैना देवी के नाम से किसी ने ग्रुप बनाकर जिसके लगभग 50000 से ज्यादा विवर्स है। जानबूझकर अश्लील व गंदी फोटो डाल रहा है, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था को भारी ठेस पहुंची है। उक्त कार्रवाई के चलते मंदिर अधिकारी श्री नयना देवी जी ने बड़ा संज्ञान लिया है।

उधर नयना देवी पुजारी वर्ग ने

**मंदिर न्यास ने मामला करवाया दर्ज**

भी जय मां नयना देवी के नाम से बनी फेसबुक आईडी को तुरंत बंद करने हेतु प्रशासन से आग्रह किया है तथा जल्द ही उसे व्यक्ति के नाम व पता के बारे में मालूम करने के लिए आग्रह तथा उसे सजा देने का आग्रह किया है तथा उसे तुरंत उसे पर कार्रवाई करने की कार्रवाई अमल में लाने के लिए उन्होंने सरकार से भी आग्रह किया है।

पुजारी वर्ग का मानना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इस तरह से माता का नाम डालकर तथा उसमें माता की फोटो के साथ-साथ गंदी अश्लील फोटो को लगाकर धार्मिक भावनाओं को भारी ठेस पहुंचाई है तथा उक्त व्यक्ति के विरुद्ध करवाई की जाए तथा इस तरह से फेसबुक पेज बनाने के बनाने वाले लोगों पर अंकुश लगाया जाए।

थाना कोट प्रभारी बलबीर सिंह ने बताया कि मंदिर अधिकारी द्वारा मामला दर्ज करवाया गया है तथा साइबर सेल से इस बारे पूरी छानबीन करने को कहा है।

---

**पहल** नंदीश्वर महादेव मंदिर की बेसहारा पशुओं के लिए की थी स्थापना

# यहां मंदिर चढ़ावे में भक्त चढ़ाते हैं घास

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



देवभूमि हिमाचल में बहुत सारे देवी-देवताओं के कई मंदिर स्थित है। जहां भक्त पूर्ण श्रद्धा से मंदिरों में दर्शन कर दान देते हैं, लेकिन बिलासपुर में एक मंदिर ऐसा है जहां चढ़ावे में सोना चांदी, पैसा व प्रसाद नहीं चढ़ता बल्कि भक्त अपनी श्रद्धा से चढ़ाते हैं तो चारा। जी हां यह अनोखा मंदिर स्थापित है, बिलासपुर जिले के भगेड़ में नंदीश्वर महादेव मंदिर स्थित है।

मंदिर में घास चढ़ाने से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। बिलासपुर के कोसरियां से संबंध रखने वाले समाजसेवी सुनील शर्मा ने सड़कों में घूम रहे बेसहारा पशुओं को आश्रय देने के लिए भगेड़ में एक घायल गोवंश के लिए गोशाला का निर्माण किया। जहां वह सड़क दुर्घटना में घायल पशुओं की सेवा करते हैं। वहीं मंदिरों में प्रसाद व सोना चांदी चढ़ावे की परंपरा को

अनंत ज्ञान स्पैशल

देखते हुए सुनील शर्मा ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से गोशाला के साथ ही नंदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण करवाया और इस मंदिर में सोना, चांदी, पैसा चढ़ाने के बजाय इन बेसहारा पशुओं के लिए चारा चढ़ाने की प्रथा शुरू की।(अनंत ज्ञान)

## 14 साल से चली आ रही है पुरानी प्रथा

प्रगति समाजसेवा समिति के संस्थापक सुनील शर्मा का कहना है कि 14 साल से चली आ रही इस पुरानी प्रथा से जहां भगवान को चढ़ने वाला प्रसाद रूपी चारा सीधे पशुओं को मिलता है तो साथ ही काफी संख्या में स्थानीय लोग इस प्रथा से जुड़ते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने इस प्रथा की तारीफ करते हुए बेसहारा पशुओं को चारा देने से उन्हें आत्मिक शांति मिलने की बात कही।

## सुनील शर्मा ने की थी मंदिर की स्थापना

**बिलासपुर** जिला से संबंध रखने वाले सुनील शर्मा बेसहारा पशुओं की मदद करने के लिए इस मंदिर की स्थापना की थी। सुनील शर्मा एक निजी कंपनी में काम कर सालाना लाखों का पैकेज लेने वाले सुनील शर्मा ने वर्ष 2009 में कंपनी छोड़ गोसेवा के क्षेत्र में समाजसेवा का काम अकेले ही तब शुरू किया था। जब सड़क पर एक लाचार घायल अवस्था में गाय को देखा और उसके उपचार में मदद की, तभी से सुनील शर्मा ने बेसहारा व घायल गोवंश की सेवा करने की ठानी और प्रगति समाज सेवा समिति के नाम से एक एनजीओ की स्थापना कर भगेड़ चौक के समीप अपनी जमापूंजी से गोशाला की नींव रखी। सुनील की इस सेवा को देखते हुए ग्रामीण भी मदद के लिए आगे आने लगे हैं।

## प्रदेश में वित्तीय अराजकता और अव्यवस्था चरम पर : राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने हिमाचल प्रदेश में मौजूदा कांग्रेस सरकार की कार्यशैली



पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में वित्तीय अराजकता और अव्यवस्था चरम पर है। उन्होंने 80 करोड़ रुपये की ट्रेजरी के लिए जारी राशि को 'ऊंट के मुंह में जीरा' बताया। इन पैसों से तो एक जिला के ठेकेदारों व कर्मचारियों का भी भुगतान होना असंभव है, जबकि सुक्खू सरकार की नाकामियों की वजह से अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि दो महीने से प्रदेश की ट्रेजरी अघोषित रूप से बंद है, लोग सरकार से अपने पैसे भी वापस नहीं पा रहे हैं।

ट्रेजरी से हर प्रकार के भुगतान रुके हैं, जिसकी वजह से प्रदेश का नुकसान हो रहा है। आज तक ऐसी स्थिति कभी नहीं आई कि इस प्रकार से अघोषित रूप से ट्रेजरी बंद करनी पड़ी हो और आम जनमानस से लेकर तमाम सेवाओं के वेंडर्स के भुगतान रुके पड़ें हों।

व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार वह सारे काम कर रही है जो एक नाकाम सरकार की निशानी होती है। प्रदेश के लोगों को परेशान करने के बाद भी यह सरकार व्यवस्था परिवर्तन का हवाला देकर वाहवाही लूटने की कोशिशें कर रही है। उन्होंने कहा सुक्खू सरकार व्यवस्था पतन की सरकार है जिसकी नाकामी की कीमत पूरे प्रदेश के लोग चुका रहे हैं। गर्ग ने कहा कि इस समय पूरा प्रदेश में विकास के काम ठप पड़े हैं।

# किसानों से कर्ज वसूली के लिए जमीनें कुर्क करना निंदनीय : जम्वाल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



किसानों की समस्या सुनते हुए विधायक त्रिलोक जम्वाल।

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी ग्रामीण कृषि बैंक द्वारा किसानों से कर्ज वसूली के लिए उनकी जमीनें कुर्क करने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि जिस बैंक की स्थापना किसानों के उत्थान के लिए की गई है, वही उनकी जमीनें कुर्क करके उनसे रोजी-रोटी का सहारा छीन रहा है। यहां तक कि बेसहारा महिलाओं को भी नहीं छोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री खुद को किसानों-मजदूरों का हितैषी कहते हैं। बेहतर होगा कि वह मामले में हस्तक्षेप करके वन टाइम सेटलमेंट करवाकर किसानों को राहत पहुंचाएं।

शुक्रवार को कई किसानों ने बिलासपुर में त्रिलोक जम्वाल से मुलाकात कर उन्हें अपनी जमीन की कुर्की के आदेशों से अवगत करवाया। किसानों ने कहा कि उन्होंने खेतीबाड़ी के विस्तार के उद्देश्य से कोरोना महामारी फैलने से पहले हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी ग्रामीण कृषि बैंक से लोन लिया था, हालांकि वे उसकी किश्तें भी नियमित रूप से देते रहे, लेकिन कोरोना ने उनके खेतीबाड़ी के व्यवसाय को भी बुरी तरह से प्रभावित किया। उन्होंने बैंक से जितना ऋण लिया था, अब तक वे उससे अधिक ब्याज की अदायगी कर चुके हैं। इसके बावजूद बैंक की ओर से ऋण वसूली के लिए उनकी जमीनें कुर्क करने के नोटिस जारी कर दिए गए हैं। यदि जमीनें ही नहीं रहेंगी, तो वे खेतीबाड़ी कहां करेंगे।

जम्वाल ने बैंक द्वारा किसानों की जमीनें कुर्क करने की निंदा करते हुए कहा कि यह सरासर गलत है। खेतों में दिन भर मेहनत करने के बावजूद किसान पहले ही कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। बेसहारा मवेशी और जंगली जानवर उनके खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में बैंक द्वारा उनकी जमीनें कुर्क करना उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा ही है।

# ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं कृषि और बागवानी योजनाओं का लाभ : शोभा

## विकास कार्यों को लेकर हुई समीक्षा बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

एनएचपीसी कार्यालय बनीखेत के बैठक कक्ष में जिला चंबा से संबंधित विकास कार्यों बारे समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यम तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने की। बैठक में जिला चंबा में सड़क स्वास्थ्य व शिक्षा के अलावा कई अन्य विभागों से संबंधित विकास के विभिन्न पहलुओं बारे विस्तृत चर्चा व उनकी समीक्षा की गई। शोभा करंदलाजे ने बैठक में उपस्थित राज्य व केंद्र सरकार से संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं को लागू करते समय बेहतर आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को योजनाओं द्वारा लाभान्वित किया जा सके। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों व महिलाओं को दिए जाने वाले आहार, 100 दिवसीय टीवी उन्मूलन अभियान, आंगनबाड़ी केंद्रों में भवनो व अन्य सुविधाओं की उपलब्धता, जिला चंबा में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्कूलों में दिए जाने वाले मध्यकालीन भोजन, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना तथा कृषि व बागवानी विभाग से संबंधित योजनाओं बारे भी विस्तृत चर्चा की गई तथा केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।

उन्होंने कृषि व बागवानी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभागों से संबंधित योजनाओं बारे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें ताकि जिला के ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों के लोग इन योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि कृषि व बागवानी विभाग की नई व उन्नत तकनीकों के बारे में लोगों को जागरूकता शिविरों के माध्यम से भी जागरूक किया जाए, ताकि कम लागत में ज्यादा पैदावार करते हुए किसानों व बागवानों की आर्थकी को सुदृढ़ किया जा सके। इससे पूर्व उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने केंद्रीय राज्य मंत्री का सर्वप्रथम स्वागत किया तथा उन्हें विधिवत सम्मानित किया। उपायुक्त ने समीक्षा बैठक में समय देने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री का आभार व्यक्त किया तथा उन्हें आश्वस्त किया कि बैठक में उनके द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का बखूबी अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।



### सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को उठाएं कदम

**शोभा** करंदलाजे ने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुविधाओं को और मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव को निर्देश दिए कि वे जिला में महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम व नशे की रोकथाम के अलावा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए कारगर कदम उठाएं। बैठक में ईपीएफओ, एमएसएमई, ईएसआईसी, एनएसआईसी तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अतिरिक्त जिला चंबा में सीएसआर के तहत स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों एवं परियोजनाओं के विषय में भी महत्वपूर्ण चर्चा व समीक्षा की गई।

# अहम मुद्दे छोड़कर 'शीशमहल' पर चुनाव लड़ रही है भाजपा : सरीन

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 5 फरवरी को होना है। ऐसे में सभी दलों ने चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक गतिविधियां तेज़ कर दी हैं। आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने कहा कि भाजपा दिल्ली में मुद्दाविहीन है व गाली-गलौज के अलावा कुछ भी करने में अक्षम है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली पानी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को दरकिनार कर भाजपा दिल्ली में शीशमहल व सीएजी जैसे झूठे मुद्दों को आधार बनाकर चुनाव लड़ रही है। जब से चुनाव का बिगुल बजा है तभी से आम आदमी पार्टी ने भाजपा से आग्रह किया की यह चुनाव शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी



जैसे मुद्दों पर लड़ा जाना चाहिए, परंतु अनुराग ठाकुर व संबित पात्रा जैसे भाजपा के कुछ नेताओं ने इन मूलभूत मुद्दों से ध्यान भटकाते हुए शीशमहल का झूठ जनता के सामने फैलाना शुरू कर दिया। इस झूठ का पर्दाफाश करने के लिए आम आदमी पार्टी ने भाजपा के इन नेताओं से पत्रकारों सहित शीशमहल व राजमहल दोनों जनता से दिखाने की पेशकश रखी, जिसे भाजपा नेताओं ने अनदेखा करते हुए सीएजी रिपोर्ट का हवाला देना शुरू कर दिया। भाजपा नेता एक बार फिर झूठ फैला रहे हैं क्योंकि सीएजी की आधिकारिक वेबसाइट पर 5 जुलाई 2022 के बाद दिल्ली प्रदेश से संबंधित कोई भी रिपोर्ट अपलोड नहीं की गई है तो फिर ये भाजपा नेता किस सीएजी रिपोर्ट को दिखाकर जनता को बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मनीष ने कहा की दिल्ली की जनता बहुत प्रबुद्ध है व भली भांति जानती है कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं पर काम करने वाली आम आदमी पार्टी को चुनना है न कि झूठ पर आधारित अनर्गल बयानबाजी करने वाली भारतीय जनता पार्टी को। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय स्टेट बैंक ने स्वरोजगार के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान चंबा।** भारतीय स्टेट बैंक की ओर से संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालू में सॉफ्ट टॉय मेकर एवं सेलर प्रशिक्षण का समापन समारोह हुआ। इस मौके पर पदमश्री ललिता वकील बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहीं। यह जानकारी संस्थान के निदेशक मनीष कुमार रजक ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर दो सप्ताह तक चला। इस दौरान प्रशिक्षुओं को साफ्ट टॉय बनाने के बारे में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही प्रशिक्षुओं को बैंक की विभिन्न जमा और ऋण योजनाओं की जानकारी भी दी। बताया कि बैंक की ओर से प्रशिक्षण के बाद सस्ती दरों पर ऋण भी उपलब्ध करवाया जाता है। समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि मौजूद पदमश्री ललिता वकील ने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

# इंटरस्टेट नाको पर सख्ती, सिटी में 12 नाके लगाए

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

गणतंत्र दिवस को लेकर जिला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के उद्देश्य से इंटरस्टेट व सिटी में नाकाबंदी कर सख्ती बढ़ा दी है। पुलिस द्वारा नाको पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच करके ही आगे जाने दिया जा रहा है। पुलिस ने कासो ऑपरेशन और रोजाना लगाए जा रहे नाको के दौरान एक सप्ताह के अंदर 350 वाहनों के चालान काटे गए हैं। जिनमें वाहनों के कागजात न मिलने, पटाखे मारने वाले बुलेट और वाहनों पर लगाए अनधिकारित स्टीकरो को लेकर 10 वाहन इंपाउंड किए गए। इसके अलावा रांग पार्किंग, ड्रिंक एंड ड्राइव, वाहनों के पूरे कागजात न रखने, ट्रिप्लिंग समेत ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के चालान काटे गए है। थाना डिवीजन नं.1 प्रभारी देवेंद्र



काशनी ने बताया कि कासो ऑपरेशन के दौरान एक स्कूटी के कागजात न मिलने, एक वाहन के नंबर प्लेट गलत लगाने और पुलिस पार्टी को देखकर भागे चालक की बाइक को इंपाउंड किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को कोई अनजान वस्तु या किसी पर शक पड़ता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। अफवाहों से दूरी बनाएं।

डीएसपी सिटी सुमेर सिंह मान ने लोगों से कहा कि पुलिस 24 घंटे उनकी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के उद्देश्य से काम कर रही है। गणतंत्र दिवस को लेकर जिला पुलिस द्वारा पठानकोट के साथ जुड़ती जेएंडके सीमा और हिमाचल-प्रदेश सीमा पर इंटरस्टेट नाको पर 24 घंटे नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा शक पड़ने पर आधार कार्ड या अडेंटीप्रूफ चैक करके ही आगे जाने दिया जा रहा है। नाको पर पुलिस के अलावा स्पेशल कमांडो भी तैनात किए गए है। इसके अलावा सिटी में ट्रैफिक पुलिस द्वारा रोजाना सिंबल चौक, चक्की पुल, लाइटो वाला चौक, खड्डी पुल, ढांगू रोड, सैली कुलिया, काली माता मंदिर रोड, मिशन चौक कुल 12 नाको पर नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। ट्रैफिक प्रभारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस के चलते नाको पर वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# 100 में से 7 वयस्क व्यक्ति मानसिक रोगी: डॉ. कर्ण

## स्वास्थ्य विभाग ने स्कूली छात्रों को जागरूक करने के लिए स्कूलों में आयोजित किए शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा की ओर से शुक्रवार को स्कूली छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या को रोकने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपन ठाकुर ने बताया कि जिले में कुछ स्कूल के छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या को रोकने के लिए जागरूकता शिविर शुरू किए हैं, जिनके तहत आज राजकीय वरिष्ठ विद्यालय मंगला और चनेड़ के छात्रों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित हुए। इन शिविरों के लिए एक टीम गठित की गई है, जिसमें डॉ. कर्ण हितैषी चिकित्सा अधिकारी, छांगा



राम ठाकुर एमईआइओ, दीपक जोशी बीसीसी को-ऑर्डिनेटर, सोनाक्षी मंडला को नियुक्त किया गया है। डॉ. कर्ण हितैषी ने बताया कि जागरूकता शिविरों में नौवीं कक्षा से लेकर बाहरवीं कक्षा तक के छात्रों से बात की गई है। छात्रों को मानसिक रोग, इसके लक्षण है और इससे किस प्रकार से बचा जा सकता है, इसके बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मानसिक अस्वस्थता के कारण ही व्यक्ति को बेरोजगार, बिखरे हुए परिवार, गरीबी, नशीले पदार्थों का सेवन और संबंधित अपराध का सहभागी बनना पड़ता है। आजकल हर 100 में से 7 वयस्क व्यक्ति किसी न किसी तरह के मानसिक रोग से पीड़ित हैं।

उन्होंने मानसिक रोगों के कारणों का उल्लेख करते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का पारिवारिक इतिहास, जीवन के अनुभव जैसे आघात या तकलीफ, जीवन में अवसाद रूपी वातावरण के कारण, बचपन का आघात लगने के कारण, तनावपूर्ण घटनाएं जैसे किसी प्रियजन को खोने के कारण, नकारात्मक विचारों के बढ़ने के कारण, अनहेल्दी आदतों जैसे की पर्याप्त नींद ना लेना या खराब खान-पान की वजह से, ड्रग्स और अल्कोहल का दुरुपयोग से, एक लंबी बीमारी के उपचार के बाद किसी भी व्यक्ति का मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। डॉ. हितैषी ने मानसिक स्वास्थ्य को पत्र बनाने के उपाय भी बताए। उन्होंन कहा कि पॉजिटिव सोच रखें, शारीरिक रूप से सक्रिय रहे, दूसरों की मदद करते रहें, प्रतिदिन 6 से 8 घंटे तक पर्याप्त नींद ले, हेल्दी डाइट ले खासकर मूड को बेहतर बनाने वाली चीजों को खाएं, शराब धूम्रपान और ड्रग्स से बचें, एक्सरसाइज और योग करें।

## पानी निकासी के लिए तीन पाइप नाली स्थापित

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** तरेंबली पंचायत के मुख्य सड़क फड़ोल डूघ से सुरगणी माता मंदिर तक की सड़क पर पानी निकासी की समस्या का समाधान हो गया है। बरसात में जलभराव रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग ने तीन स्थानों पर सुरंग पाइप नाली स्थापित की है।

यह कार्य सुरगणी माता मंदिर समिति और डूघ गांववासियों के निवेदन पर जोगिंद्रनगर लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता जेपी नायक और कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर के विशेष प्रयासों से संपन्न हुआ।

स्थानीय लोगों ने इस कार्य को बरसात के दौरान सड़क पर आने वाली परेशानियों के स्थायी समाधान के रूप में सराहा है।

# मंडी से हुआ नगर खेलकुंभ का आगाज : संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

खेलो भारत मंडी नगर द्वारा आयोजित नगर खेल कुंभ में पांच खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया, वह मंडी की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में चार टीमों ने भाग लिया जिसमें पुरुष वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमें बॉयज हॉस्टल सुंदरनगर वर्सेस आग क्लब शिमला में मैच खेला गया, जिसमें बॉयज हॉस्टल सुंदरनगर विजेता रहा।

महिला वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया, जिसमें वल्लभ गवर्नमेंट कॉलेज मंडी की टीम ने विजय दर्ज की। पुरुष वर्ग की की फुटबॉल प्रतियोगिता में राइजिंग स्टार वर्सेस



नगर खेल कुंभ में मुख्यातिथि प्रतिभागियों के साथ सामूहिक चित्र में।

राइजिंग स्टार ब्लू के बीच में मैच खेला गया जिसमें राइजिंग स्टार ब्लू ने जीत दर्ज की महिला वर्ग में पार्टी में खेली, जिसमें फाइनल मैच देवभूमि कुल्लू वर्सेस बल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में खेला गया। इसमें देवभूमि कुल्लू में जीत दर्ज की।

इसके साथ-साथ बुशु और ग्रेपलिंग खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें 50 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई और ग्रेपलिंग में 54 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागी विश्व और ग्रेपलिंग के प्रतिभागियों को मेडल और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. संजय शर्मा ने बताया कि खेलो भारत के द्वारा पूरे देश भर के अंदर इस तरह के नगर खेलकुंभ का आयोजन किया जा रहा है।

## वन विभाग की तारों के 68 बंडल चोरी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पधर थाना में वन विभाग की तारों के 68 बंडल चोरी होने का मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार द्रंग रेंज वन कार्यालय के तहत टांडू बीट प्रभारी हितेश कुमार महंत ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि टांडू बीट के लिए एएनआर के तहत 68 बंडल कांटेदार तार के आए थे, जिन्हें हमने विद्या देवी गांव गलुधार टांडू सदर मंडी के घर के पास रखा था। गत रोज विद्या देवी ने बताया कि तारों के बंडल वन द्वारा मेरे घर के पीछे रखे थे, जो चोरी हो गए हैं।

वहीं एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है और कहा कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## पीएम स्कूल हेड्स की 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**अनंत ज्ञान, मंडी**



तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में मौजूद प्रतिभागी।

मंडी शहर के सौली खड्ड आयोजित 3 दिवसीय जोनल लेवल की पीएम श्री स्कूल हेड्स की कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हो गई। डाइट मंडी के प्रिंसिपल नरेश शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में पीएम श्री स्कूल के प्रमुखों के साथ मंडी, कुल्लू, बिलासपुर और लाहौल-स्पीति के उपनिदेशक गुणवत्ता और अन्य सभी प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कार्यशाला में सभी स्कूल प्रमुखों को पीएम श्री स्कूल योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। नरेश शर्मा ने कहा कि विभिन्न जिलों से आए मास्टर ट्रेनर ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में इस योजना के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई और बताया गया कि पीएमश्री स्कूलों को एक उदाहरण स्कूल के रूप में कैसे विकसित किया जाए।

स्कूल ट्यूनिंग प्रोग्राम और भविष्य में होने वाले स्कूल एक्सपोजर विजिट के लिए ये स्कूल अन्य स्कूलों के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेंगे।

## गोहर में देवदार के मोछे बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** गोहर पुलिस ने 64253 रुपए के देवदार के मोछे बरामद किए गए। जानकारी के अनुसार सुरेश कुमार, सुनील कुमार प्रभारी बस्सी व हलीण बीट तथा मदन लाल चौकीदार वन विश्राम गृह धरोटधार नाकाबंदी पर थे कि एक पिकअप एचपी32बी 0820 कांढा की ओर से आई। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें से देवदार के लकड़ी बरामद की गई।

बस्सी बीट के प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि तलाशी के दौरान पिकअप के चालक ने अपना नाम गुरदयाल पुत्र हिम प्रभ गांव सलोग डा. बस्सी तहसील चच्योट जिला मंडी बताया। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### सूडोकु 0047 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0046 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# मुल्थान-बड़ाग्रां, बरोट-मियोट सड़क मार्ग हिमपात से बंद

**रूपी ठाकुर, बरोट**

छोटाभंगाल व चौहार घाटी में शुक्रवार को दिनभर बेशक मौसम साफ रहने के चलते तेज धूप भी भी खिली रही। शुक्रवार के दिन लोगों ने दिनभर इस तेज धूप का भरपूर आनंद उठाकर प्रचंड ठंड से राहत तो पाई, मगर छोटाभंगाल घाटी की बड़ाग्रां, कोठी कोहड़, धरमाण तथा मुल्थान पंचायतों को जोड़ने वाला मुल्थान- बड़ाग्रां 16 किलोमीटर सड़क मार्ग हिमपात के चलते वीरवार दिन से ही बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गया है।

लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क मार्ग को बहाल करने के लिए मजदूर व जेसीबी मशीन को लगा दिया है, वहीं बरोट-मियोट 9 किलोमीटर सड़क मार्ग भी गत दिन से ही हिमपात के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गया है। इस सड़क मार्ग में हिमपात को बाहर करने के लिए मजदूरों को लगा दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

## नेरचौक गई बेटी वापस नहीं आई, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में रीता देवी पत्नी नंदलाल गांव सयोरा डाकघर बाल्ट तहसील बल्ह ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 25 वर्षीय उसकी बेटी वंदना कुमारी घर से नेरचौक गई थी, जो वापस नहीं आई।

उसकी तलाश हर जगह की गई, लेकिन कहीं कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज तलाश शुरू कर दी है। वहीं एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

# मंडी बार एसो. व मंडलायुक्त के बीच टकराव हुआ खत्म

**अनंत ज्ञान, मंडी**

बीते दिसंबर महीने की शुरुआत में मंडी के वकीलों के साथ मंडलायुक्त मंडी के साथ कथित दुर्व्यवहार के बाद शुरू हुआ टकराव शुक्रवार को खत्म हो गया। बार एसोसिएशन मंडी ने इसे लेकर मंडलायुक्त के खिलाफ प्रदर्शन भी किया था तथा उनकी अदालत का बहिष्कार भी किया जा रहा था। सुंदरनगर, सरकाघाट व कुल्लू समेत कुछ अन्य बार एसोसिएशनें भी उनके पक्ष में आ गई थी। बार एसोसिएशन ने इस मामले को प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश व सरकार तक भी पहुंचाया था।

शुक्रवार को मंडी सर्किट हाउस में प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव के के पंत ने मध्यस्थता करके इस टकराव को खत्म करवा दिया। बार एसो. मंडी के प्रधान एडवोकेट दिनेश ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव के हस्तक्षेप के बाद यह टकराव खत्म हो गया है।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

18 जनवरी, 2025, शनिवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : पौष, **तिथि** पंचमी (पूर्ण रात्रि): **नक्षत्र** फाल्गुनी (2:52), **पक्ष** : कृष्ण **योग** : शोभन (01:15) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:10-12:52), **राहुकाल** (09:53 -11:12)।

### विशेष दिन

- 18 जनवरी : महादेव गोविंद रानाडे की जयंती आज।
- 19 जनवरी 2025 : महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि कल।

**मेष:** व्यावसायिक संदर्भ में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यस्थल पर आप बहुत ऊर्जावान रहेंगे। आप अपने वाक् चातुर्य से कार्य बना लेंगे।

**वृषभ:** भाग्य आपको अपने वास्तविक लक्ष्य से विपरीत दिशा की ओर ले जाने को अग्रसर है।वर्तमान समय शुभ फल प्रदान करने वाला है।

**मिथुन:** संतान के विवाह की चिंता रहेगी। आज का दिन कुछ मिश्रित परिणाम प्रदान करने वाला हो सकता है। कुछ सकारात्मक घटनाक्रम होंगे।

**कर्क:** व्यवहार में अत्यधिक सफल होंगे और ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बनाएंगे। आपको अपने कार्यस्थल पर कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जा सकती है।

**सिंह :** आप अपनी योग्यता को साबित करने के लिए बेहतर अवसरों का सुचारु रूप से लाभ उठाएंगे। आपके व्यवहार से सहकर्मी खुश होंगे।

**कन्या :** धनकोष में वृद्धि होगी। अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्मविश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते हैं। मन में कई दुविधाएं चल रही है।

**तुला:** पारिवारिक विवाद का आज अंतिम दिन है। महत्वपूर्ण कार्य निपटाने में लगे रहेंगे। आज ज्यादा घमंड से नुकसान आप को ही है।

**वृश्चिक:** व्यावसायिक गतिविधियां हो सकती हैं, किन्तु यह अधर में ही लटक सकती हैं। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। नौकरी की तलाश में भटकना पड़ेगा।

**धनु :** क्या करूं क्या न करूं इसी स्थिति से आप गुजर रहे है। शांति से फैसले लें, जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें। वाहन क्रय करने का मन बना रहे हैं।

**मकर :** स्त्री जातकों का सहयोग मिलेगा और उनसे सलाह करके किसी कार्य को करना लाभकारी रहेगा। आप दूसरों के लिए बुरा न सोचें।

**कुंभ :** बहुत अच्छे अवसर मिलेंगे, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि आप इन अवसरों का कितना लाभ उठा पाते हैं। आज शांति से विचार कर कोई निर्णय लें।

**मीन :** नौकरी में परिवर्तन के लिए यह सही समय नहीं है, अतः यथा स्थिति को बनाए रखने का प्रयास करें। कार्य की अधिकता के कारण जरुरी कार्य पूरे नहीं हो सकेंगे।

# दुर्घटना मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**उमेश, सुंदरनगर**

जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल ने न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-3 मंडी के न्यायालय में विचाराधीन दुर्घटना मामले में उदघोषित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी को पंचायत भवन कुल्लू के करीब शुक्रवार को गिरफ्तार कर आगामी प्रक्रिया के लिए पुलिस थाना सदर के हवाले कर दिया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी अभिषेक सूद पुत्र अशोक सूद निवासी तेगूबेहड़ डाकघर खोखन तहसील और जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश के खिलाफ वर्ष 2017 में पुलिस थाना सदर में दुर्घटना मामले



को लेकर एफआईआर दर्ज किया था। वहीं आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस द्वारा चालान तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया था। जहां न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-3 मंडी के समक्ष विचाराधीन था। ट्रायल के दौरान आरोपी कोर्ट से गैर हाजिर रहा और इस पर न्यायालय द्वारा उसे 13 अगस्त 2017 को उदघोषित आरोपी घोषित कर दिया गया।

इसके उपरांत पुलिस टीम द्वारा आरोपी की धरपकड़ को लेकर विभिन्न जगहों पर दबिश दी गई। लेकिन आरोपी बार-बार पुलिस टीम को चकमा देकर भाग जाता था। इस पर पीओ सेल मंडी टीम एचएचसी मोहिंद्र सैनी, रवि कुमार और नरेश कुमार तथा कांस्टेबल हरीश को आरोपी के बारे में पंचायत भवन कुल्लू के समीप मौजूद होने की सूचना मिली इस पर मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पीओ सेल टीम मंडी ने दुर्घटना मामले में उदघोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गौरव ने हासिल किया प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**




सलापड़ में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में बच्चे व आयोजक।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलापड़ में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी अवनीश दत्त शर्मा ने बताया कि विभाग के दिशा निर्देशों के अनुसार रोड सेफ्टी क्लब द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं।

इसी कड़ी में विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजित किया गया, जिसमें सड़क सुरक्षा पर विद्यार्थियों द्वारा भाषण के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई तथा इस अवसर पर नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गौरव ने प्रथम स्थान व अंशिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य संजय कुमार द्वारा पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया।

बुद्धि केवल ज्ञान में ही नहीं, बल्कि ज्ञान को व्यवहार में लागू करने के कौशल में भी शामिल है। -अरस्तु

## संपादकीय

## भविष्य के लिए हरित ऊर्जा

हिमाचल की सुक्खू सरकार हरित ऊर्जा की ओर निरंतर अग्रसर है। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के शीतकालीन प्रवास के पहले दिन जिले को करोड़ों रुपए की बड़ी सौगातें दीं। इन्हीं में से एक धर्मशाला में स्थापित की गई पहली 750 किलोवाट की सौर ऊर्जा परियोजना है, जिसका उद्घाटन कर उन्होंने यह संकेत दिया है कि वह प्रदेश के पर्यावरण के प्रति बेहद संजीदा हैं। आने वाला समय हरित ऊर्जा का ही है और इसी में सबका भला होगा। हिमाचल सरकार हरित ऊर्जा की ओर काफी तेज गति से बढ़ रही है और इसके लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। सरकार ने वर्ष 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा प्रदेश बनाने का फैसला किया है। निश्चित रूप से सरकार को इसमें कामयाबी मिलेगी, क्योंकि इस दिशा में सरकार का विजन बिलकुल क्लीयर है। इसके अलावा, सरकार प्रदेश को ई-वाहनों के लिए मॉडल राज्य के रूप में विकसित कर रही है। हिमाचल सरकार के इस कदम से न केवल पर्यावरण की सुरक्षा होगी, बल्कि यह राज्य के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अगर प्रदेश का पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो पर्यटक यहां दौड़ा चला आएगा और उससे राज्य सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी। इससे कोई दो राय नहीं कि हरित ऊर्जा के उपयोग से राज्य में ऊर्जा की मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी और यह राज्य के निवासियों के लिए भी लाभकारी होगी।

इस कदम के साथ ही, हिमाचल सरकार राज्य में ई-वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए भी काम कर रही है। इससे न केवल पर्यावरण की सुरक्षा होगी, बल्कि यह राज्य के यातायात और परिवहन को भी सुधारने में मदद करेगा। दुनियाभर में बढ़ते आबादी के बोझ से पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है। हिमाचल में दिनोंदिन वाहनों की तादाद बढ़ रही है। इस वजह से यहां का स्वच्छ वातावरण धुएं से दूषित हो रहा है। जबसे हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनी है सरकार ने शुरू से ही हिमाचल के पर्यावरण के प्रति गंभीरता दिखाई और इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद करने पर जोर दिया। सरकार के कई मंत्रियों और विधायकों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के पास ई-वाहन हैं। सरकार आए दिन आमजन को भी ई-वाहन खरीदने के प्रति प्रेरित करती रहती है। वैसे भी आने वाले वर्षों में पेट्रोल और डीजल की खपत पूरी कर पाना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में वाहनों को चलाने के लिए दूसरे विकल्पों पर निर्भर होना पड़ेगा।

हरित ऊर्जा के बारे में बहुत से लोग बात जरूर करते हैं, लेकिन बहुत कम लोग इसके लाभों से परिचित हैं। दरअसल, हरित ऊर्जा का अभिप्राय: अक्षय स्रोतों से उत्पादित ऊर्जा से है। ये वो अक्षय स्रोत होते हैं जो सूर्य और हवा से प्राप्त होते हैं। इनके उपयोग किए जाने पर हरित ऊर्जा मिलती है तथा कई मृतप्राय: चीजें पुनर्जीवित हो उठती हैं। जब भी हम ऊर्जा के उन रूपों का उल्लेख करते हैं तो वो ऐसे स्रोतों से प्राप्त होते हैं जो समाप्त नहीं होते। इसे नवीकरणीय ऊर्जा कहते हैं। अक्षय ऊर्जा स्रोत वास्तव में खुले में, हवा में, गहरे भूमिगत और हमारे महासागरों में मौजूद होते हैं। वे ग्रह की भौतिक संरचना का हिस्सा भी हैं। हालांकि, यह भी सत्य है कि हमेशा हरित ऊर्जा का उपयोग करना पर्यावरण के लिए 100 प्रतिशत सुरक्षित ऊर्जा का उपयोग करने के बराबर नहीं है। जल की संभावित ऊर्जा के जरिए टरबाइन, जनरेटर आदि से निर्मित उपकरणों से भी बिजली उत्पादित की जा सकती है। वहीं, पवन ऊर्जा से भी बिजली पैदा की जाती है। सौर और तापीय ऊर्जा भी हरित ऊर्जा में सम्मिलित है। दूसरी ओर, सौर तापीय संयंत्र गर्म पानी के उत्पादन के लिए उपयोग किया जाता है।

समुद्री ऊर्जा तरंगों, धाराओं और ज्वार-भाटे की गति के दोहन से पैदा होती है, जो यांत्रिक ऊर्जा को बिजली में परिवर्तित करती है। हम अक्सर सुनते हैं कि अक्षय ऊर्जा हमारे ग्रह के लिए मोक्ष हो सकती है। ऐसा क्यों कहा जाता है? दरअसल, यह तथ्य कि वे ऐसे स्रोतों से आते हैं जो कभी समाप्त नहीं होंगे, इसका मतलब है कि हरित ऊर्जा का व्यवहारिक रूप से अनंतकाल तक उपयोग किया जा सकता है हरित ऊर्जा का बिना किसी डर उपयोग किया जा सकता है, क्योंकि इन संसाधनों की समाप्ति इतनी जल्दी नहीं हो सकती। इसका पर्यावरण पर प्रभाव भी मामूली है। इस प्रकार यह ग्रह की सुरक्षा के लिए एक महान कदम का प्रतिनिधित्व करता है। इन हरित लाभों को इस तथ्य से पूरा किया जाता है कि हरित ऊर्जा एक नए क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती है, जिस पर विशुद्ध रोजगार के संदर्भ में निवेश किया जा सकता है। ■

# अपनी सेहत को देखकर ही महाकुंभ में जाने की सोचें

प्रयागराज में 13 जनवरी को महाकुंभ मेला शुरू हुआ और रिकॉर्ड तोड़ भीड़ इकठ्ठा हुई कभी 20 करोड़ का आंकड़ा दिखाया जा रहा खूब प्रचार चल रहा है और महाकुंभ 26 फरवरी, 2025 को इसका समापन होगा।

लोगों को यह बताया जा रहा है इसके बाद 144 साल बाद आएगा आप जरूर जाए, लेकिन सामर्थ्य के अनुसार कुछ लोग ठंड से मरे भी है अत: अपनी सेहत का ख्याल रख कर ही जाने को सोचे ईश्वर मेला मंदिर कहीं नहीं मिलेगा वो आपके अंदर है और जिस दिन माया के जाल से मुक्ति मिलेगी वो धीरे-धीरे आपको महसूस होने लगेगा कहा जा रहा है इस धार्मिक आयोजन में आध्यात्मिक शुद्धि की चाहत रखने वाले लाखों तीर्थयात्रियों के आने की संभावना है हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, यह आयोजन उस समय की याद दिलाता है। जब देवता और राक्षस अमरता के अमृत के घड़े (कुंभ) के लिए लड़ रहे थे। लड़ाई के दौरान अमृत की कुछ बूंदें पृथ्वी पर चार स्थानों- नासिक, प्रयागराज, हरिद्वार और उज्जैन पर गिरीं। ऐसा माना जाता है कि ये चार स्थान हैं जहां कुंभ मेला लगता है। दुनिया में हजारों बड़ी नदियां और सैकड़ों नदी संगम स्थल हैं जहां नदियां एक दूसरे से मिलती हैं, लेकिन भारतीय समाज द्वारा नदियों के संगम को जो महत्व दिया जाता है, वह दुनिया में कहीं और नहीं मिलता। प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम भूगोल की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण घटना है। मानव सभ्यताएं एक भौगोलिक इकाई के रूप में सभी महान नदियों के तट पर उत्पन्न और विकसित हुई हैं। सिंधु घाटी सभ्यता सबसे प्राचीन मानी जाती है, लेकिन अब यह सभ्यता इतिहास की धूल में लुप्त हो गई है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मेसोपोटामिया हो, ग्रीक हो या रोमन, सभी सभ्यताओं का क्रम टूट गया है। गंगा यमुना बेसिन क्षेत्र में एक मानव सभ्यता का जन्म और विकास हुआ, जो आज भी बरकरार है। गंगा यमुना बेसिन की यह सांस्कृतिक विरासत प्रयागराज में कुंभ के रूप में प्रकट होती है ब्लू नाइल और व्हाइट नाइल भी सूडान के खार्तू में मिलती हैं, मेडिसन, जेफरसन और गैलाटिन नदियां भी मोंटाना में मिलती हैं, राइन और आरवे भी जिनेवा में मिलती हैं, इसी तरह रियो नेग्रा और अमेजन भी ब्राजील के सलीमा में मिलती हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं, लेकिन किसी भी मानव संस्कृति ने भारत की तरह नदियों के पर्यावरणीय महत्व को नहीं समझा और उन्हें महत्व नहीं दिया।



धर्म के नाम पर एक स्थान पर एकत्र होने की परंपराएं दुनिया के कई हिस्सों में मौजूद हैं, लेकिन कुंभ की परंपरा इन सभी से अधिक प्राचीन है। देवताओं और दानवों ने अमृत को आपस में बांट लिया, लेकिन जब अंत में भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर निकले तो अमृत पाने के लिए देवताओं और दानवों में युद्ध छिड़ गया। समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश के लिए देवताओं और दानवों में युद्ध हुआ इस कार्य के लिए जयंत के साथ 4 अन्य देवताओं को भी भेजा गया था। जिसमें चंद्रमा के कलश को छलकने से बचाना था। सूर्य को कलश को टूटने से बचाना था। बृहस्पति को दैत्यों को रोकना था और शनि को जयंत पर नजर रखनी थी कि कहीं वो सारा अमृत खुद न पी जाए।

असुरों से अमृत बचाने के लिए इंद्र के पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर भागने लगे। इस अमृत को संभालने की जिम्मेदारी चंद्रमा को दी गई, लेकिन छीना-झपटी में वो कलश को संभाल नहीं पाए, जिसके कारण हजारों सालों से धर्म के नाम पर लोग इकट्ठा होते आ रहे हैं, चाहे वो अमृत हो या अफ्रीका, जापान हो या येरुशलम। इनमें से अधिकतर की शुरुआत का कोई लिखित रिकॉर्ड नहीं है, लेकिन फिर भी अगर किंवदंतियों को आधार मानें तो शायद कुंभ पर्व ऐसी परंपराओं में सबसे प्राचीन है। हिंदू धर्म में महाकुंभ किसी पर्व से कम नहीं है। इसके बारे में मान्यता है कि जो कोई भी महाकुंभ में स्नान करता है, उसके सारे पाप धुल जाते हैं और उसे जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति मिल जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार अमृत पाने की चाह में देवताओं और दानवों के बीच समुद्र मंथन हुआ। इस दौरान कई तरह के रत् निकले कैमरे लगा दिए गए हैं और हम गिनती करने जा रहे हैं। इसीलिए श्रद्धालुओं के आने की गणना की जाती है। सुविधाएं आगंतुकों के लिए वीआईपी पेटेंटशहर में बारिश होने जा रही है। इसमें 150 महाराजा यानी वीआईपीटी सिटीबर्नी जा रही है। इसका एक दिन का शुल्क 30 हजार रुपए से अधिक होगा।

1500 सिंगल रूम, 400 फैमिली टेंट भी तैयार हो रहे हैं। इसके अलावा ड्रामशहर तैयार हो गया है। जिसका किराया एक लाख से अधिक है। महाकुंभ में डेढ़ लाख शौचालय अगले डेढ़ महीने में गंगा किनारे 10000 एकड़ में फैले इस क्षेत्र में इतने लोग आएंगे कि दुनिया के सभी देशों की आबादी इसके बराबर नहीं होगी। इस बार अनुमान है कि 40 करोड़ लोग आएंगे। साधुओं समेत 50 लाख तीर्थयात्री पूरे महाकुंभ के दौरान शिविरों में रहने की योजना बना रहे हैं। इस दौरान हर दिन 50 लाख लोगों का जन्म होता है। इससे उत्पन्न होने वाले कचरे का प्रबंधन और उसका उपचार अपने आप में एक बहुत बड़ी चुनौती है।

इस दौरान उत्पन्न होने वाले कचरे के निपटान और उपचार के लिए IRE और BARC द्वारा विकसित तकनी का इस्तेमाल किया जाएगा। इसलिए आप अपने अंदर ही ईश्वर ढूंढो अच्छे कर्म करो और राम नाम का जाप कर दुनिया से अलविदा ले यही आपकी अमूल्य धरोहर है राम ही महाकुंभ राम ही रक्षक जो प्रभु को जान गया वो सभी संत को लोग भगवान श्री के भक्त होंगे और उन्हें आप जानते होंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# आसमान छू रहे भवन निर्माण सामग्री के रेट

हिमाचल प्रदेश में पक्का मकान बनाने की चाहत रखने वालों की हसरतें धूमिल होती जा रही हैं। सीमेंट दामों में निरंतर वृद्धि ने जनता की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सीमेंट कंपनियों ने 5 से लेकर 20 रुपए तक दाम बढ़ा दिए हैं। भवन निर्माण सामग्री दाम दिनोंदिन आसमान को छू रहे हैं।

सीमेंट, सरिया और ईंट दामों में निरंतर वृद्धि के चलते विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि सीमेंट कंपनियों के ऊपर राज्य सरकारों का कभी कोई नियंत्रण नहीं रहा है। सीमेंट कंपनियों ने पिछले बीस दिनों में दो बार सीमेंट के दाम बढ़ाकर जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाया है। ताजा अधिसूचना अनुसार हिमाचल प्रदेश की तीन सीमेंट कंपनियों ने सीधे 15 रुपए वृद्धि करने का ऐलान किया है। आज के दौर में पक्का मकान बनाना बहुत खर्चीला बन चुका है। पूर्व भाजपा सरकार के समय भी सीमेंट कंपनियों के प्रबंधक अपनी मनमर्जी से दाम बढ़ाते रहे हैं। आजाद विधायकों द्वारा इस मुद्दे को विधानसभा सत्र में उठाने के बावजूद जनता को कोई राहत नहीं मिली। सीमेंट कंपनी प्रबंधक पहाड़ों का सीना चिरकर सीमेंट तैयार कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के पर्यावरण में जमीन आसमान का अंतर आ चुका है। गनीमत यह पहाड़ की जनता को उद्योगों द्वारा फैलाया जा रहा बेतहाशा प्रदूषण उनके जीवन यापन को बदल रहा है।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

सुख की सरकार प्रदेश में सत्तासीन होते ही सीमेंट कंपनी प्रबंधकों ने अपनी मनमर्जी से सीमेंट दामों में वृद्धि करने का फरमान जारी किया था। प्रदेश सरकार ने सीमेंट कंपनी प्रबंधकों को चेताया कि वह सरकार की मर्जी बगैर ऐसा कदम उठाने के लिए अधिकृत नहीं है। सुख की सरकार के सख्त आदेश के बावजूद सीमेंट कंपनी प्रबंधकों ने अपनी फैक्ट्रियों में ताला जड़कर हजारों कामगारों को बिना पूर्व सूचना दिए बाहर का रास्ता दिखा दिया था। सीमेंट कंपनियों पर ताला लगने से ट्रक ड्राइवर, टायर पंचर, चाय पान और ढाबा संचालकों के करोबार पर विपरीत असर पड़ा था। ठीक इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सीमेंट कंपनी प्रबंधकों पर राज्य सरकारों का कोई नियंत्रण नहीं है। सीमेंट कंपनी प्रबंधकों और ट्रक ड्राइवर यूनियन में किराए में वृद्धि को लेकर अक्सर विवाद बना रहता है।



हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य इसलिए ट्रक यूनियन की सदैव मांग रहती है कि वाहन अत्यधिक ईंधन वहन करते हैं। हिमाचल प्रदेश उद्योगों में निर्मित सीमेंट प्रदेश की जनता को महंगा मिलना राज्य सरकारों की विफलता का नतीजा है। पड़ोसी राज्य पंजाब में भी सीमेंट दामों में वृद्धि हुई है। मगर बावजूद इसके हिमाचल प्रदेश की तुलना में पंजाब, दिल्ली में सीमेंट सस्ते दामों में बिक रहा है। केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने हिमाचल प्रदेश को 92364 मकान स्वीकृत करके गरीब जनता की मदद करने की कोशिश की है। पंचायतों में आजकल लाभार्थी अपने दस्तावेजों की फाइल जमा करवाए जाने को लेकर होड़ मची हुई है। उम्मीद जताई जा रही है कि लाभार्थियों के बैंक खातों में बहुत जल्दी पैसा केंद्र सरकार डालने वाली है।

पीएम आवास योजना में चयनित हुए हिमाचल प्रदेश के हजारों लाभार्थियों को सीमेंट दाम वृद्धि का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पीएम आवास योजना में चयनित हुए पात्र गरीबों का आंकड़ा केंद्र सरकार ने सार्वजनिक किया है। प्राकृतिक आपदा में बेघर हुए लोगों का पुनर्वास किए जाने के लिए सुख की सरकार ने उन्हें 7 लाख रुपए का अनुदान दिए जाने का ऐलान किया है। हिमाचल प्रदेश में बेघर हुए कुल कितने लोगों को मकान सहित अनुदान राशि मिली इसका कोई आंकड़ा सार्वजानिक नहीं हुआ है। आधुनिकता की चकाचौंध रोशनी में प्रत्येक व्यक्ति अपना अलग पक्का मकान बनाने का सपना संजोता है। बैंकों से ऋण लेकर भी लोग पक्का मकान बनाने को पहल देते हैं। नौकरी पेशा कर्मचारी अपने सेवाकाल दौरान बैंकों का ऋण चुकाने में मशगूल रहते हैं। सरकारें गरीब लोगों को मकान बनाने के लिए जितना अनुदान देती उससे पक्का मकान तैयार कर पाना असंभव होता है। सरकारों द्वारा गरीब लोगों को मकान बनाने के लिए दिए जाने वाला अनुदान सांत्वना कहलाता है। पक्की ईंटों के दाम भट्टे पर 7 हजार रुपए से अधिक हैं। प्रत्येक ईंट भट्टे मालिकों के अपने अपने दाम हैं। जनता को ईंट घरों तक मंगवाने के लिए किराया भी चुकाना पड़ता है। आज हालात ऐसे बन चुके है कि ट्रेक्टर चालक खड्ड नालों से रेत, बजरी और पत्थर तक नहीं निकाल पा रहे हैं। खनन विभाग अधिकारी ऐसे ट्रेक्टर चालकों का चालान करके उनके साथ अन्याय कर रहे हैं। बेलचों से रेत, बजरी भरना अवैध खनन मानना बिलकुल गलत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**किसी** भी देश में जब जनसंख्या विस्फोटक स्थिति में पहुंच जाती है तो संसाधनों के साथ उसकी गैर-अनुपातित वृद्धि होने लगती है, इसलिए इसमें स्थिरता लाना जरूरी होता है। संसाधन एक बहुत महत्वपूर्ण घटक है। भारत में विकास की गति की अपेक्षा जनसंख्या वृद्धि दर अधिक है। संसाधनों के साथ क्षेत्रीय असंतुलन भी तेजी से बढ़ रहा है। दक्षिण भारत कुल प्रजनन क्षमता दर यानी प्रजनन अवस्था में एक महिला कितने बच्चों को जन्म दे सकती है, में यह दर करीब 2.1 है जिसे स्थिरता दर माना जाता है, लेकिन इसके विपरीत भारत और पूर्वी भारत, जिसमें बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे राज्य हैं, इनमें कुल प्रजनन क्षमता दर चार से ज़्यादा है। यह भारत के भीतर एक क्षेत्रीय असंतुलन पैदा करता है। जब किसी भाग में विकास कम हो और जनसंख्या अधिक हो, तो ऐसे स्थान से लोग रोजगार तथा आजीविका की तलाश में अन्य स्थानों पर प्रवास करते हैं। किंतु संसाधनों की सीमितता तथा जनसंख्या की अधिकता तनाव उत्पन्न करती है। **विपिन, नुरपुर**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल

**आचार्य** देवव्रत गुजरात के राज्यपाल हैं। इसके पूर्व वे हरियाणा के कुरुक्षेत्र के गुरुकुल में प्रधानाचार्य थे। गुजरात के राज्यपाल का प्रभार संभालने से पहले देवव्रत जी हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल थे। आचार्य देवव्रत का जन्म पानीपत जिले के समालखा कसबे के पावटी गांव में हुआ। पिछले चार दशकों से उनका घर कुरुक्षेत्र में है और वे लंबे समय तक कुरुक्षेत्र गुरुकुल के प्राचार्य रहे हैं। जीरो बजट खेती, गो संवर्धन और आर्य समाज की गतिविधियों के अलावा आरएसएस से जुड़े भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रहते हुए कई आंदोलनों में सक्रिय रह चुके हैं। उनकी बड़ी भूमिका 13 अप्रैल, 1913 को स्वामी श्रद्धानंद द्वारा स्थापित कुरुक्षेत्र गुरुकुल को बुलंदियों तक पहुंचाने में रही है। आर्य समाज के साथ जुड़े रहे आचार्य देवव्रत ने इससे पहले हरियाणा के कुरुक्षेत्र में गुरुकुल के प्रधानाचार्य के तौर पर सेवाएं दी हैं। हिंदी में पोस्ट ग्रेजुएट देवव्रत जी को अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों में 30 साल से ज्यादा का अनुभव है। उन्हें विश्व भर में भारतीय संस्कृति एवं वैदिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार की दिशा में काम करने और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है। राष्ट्रपति भवन से राज्यपाल बनने की दोनों बार सूचना तब मिलीं, जब आचार्य देवव्रत रोहतक के शिक्षण संस्थान में संबोधित कर रहे थे। आचार्य अब गुजरात के राज्यपाल होंगे, उन्हें यह सूचना भी रोहतक के एलएन हिंदू कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मिली। ■



आचार्य देवव्रत
जन्म : 18 जनवरी, 1959

# नस्लीय भेदभाव पर अंकुश लगाना समय की मुख्य मांग


हमारे सभ्य समाज में नस्लवाद भेदभाव का होना बेहद शर्मनाक बात है। इसलिए हम चाहते हैं कि नस्लवाद को समाप्त करने के लिए भरसक प्रयास अत्यावश्यक है। इसमें कोई संदेह नहीं कि समय-समय पर समूचे संसार में रंग भेदभाव पर अंगुली उठती रही है पर अफसोस अमेरिका जैसी विश्व महान शक्ति को भी इस गंभीरतम मामले में जूझना पड़ रहा है। वहां भी आए दिन अंग्रेज युवा क्रोधित होकर अश्वेत लोगों पर हमला कर रहे हैं, जिसकी एक ज्वलंत उदाहरण कुछ वर्ष पूर्व अकारण अमेरिकन पुलिस द्वारा बहुत ही बेरहमी से पिटाई कर एक अश्वेत नौजवान को मौत के घाट उतार देना है।

यह सिलसिला लगातार कई यूरोपियन देशों में जारी है। ऐसी ही घिनौनी घटनाएं मानवता को शर्मसार करती हैं। निस्संदेह अमेरिकन वासियों ने एक अश्वेत बाराक ओबामा को अपने देश का राष्ट्रपति भी चुना था, उन्होंने अपने कार्यकाल में इस विषय में अति प्रशंसनीय कदम उठाए। यह बात कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि अश्वेत होते हुए उन्होंने अत्याधिक लोकप्रियता प्राप्त की। समस्त वर्गों के लोगों को परस्पर मिलाया। उनके द्वारा करवाए कामों को सदैव याद रखा जाएगा और ठीक इसके विपरीत अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो इस चिंतनीय विषय पर कभी भी गौर भी नहीं किया, बल्कि श्वेत नागरिकों को अश्वेत लोगों पर हर मामले में प्राथमिकता ही दी। अब यह बात काबिलेगौर होगी कि अपनी दूसरी पारी में ट्रंप का इस गंभीरतम विषय पर कैसा रुख होगा? युग बदल चुका है पर अभी भी समस्त विश्व में कहीं न कहीं नस्लवाद पर अंकुश नहीं लग पाया। प्राचीन/नवीनतम कविवर इस गंभीर विषय पर आधारित अपना काव्य सृजन कर रहे हैं। लोगों को रंग भेदभाव से ऊपर उठकर एक सच्चे इंसान बन इंसानियत की ओर अग्रसर चलने को प्रेरित कर रहे हैं।



लेखक: वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

अंग्रेज प्रसिद्ध कवि विलियम ब्लेक ने अपनी सुप्रसिद्ध काव्य रचना 'द लिटिल ब्लैक बॉय' में एक अश्वेत लड़के को अपने श्वेत साथी को नस्लवाद पर ही ध्यान केंद्रित करवाया। वाकई कवि विलियम ब्लेक ने बेहद शानदार /उत्कृष्ट उदाहरणें देकर रंग भेदभाव को समाप्त करने की अपील की थी। यहां दुख इस बात का है कि अभी भी सभ्य समाज में नस्लवाद पर टीका टिप्पणी वैसे की वैसे यथावत जारी है। अगर इस मामले में अमरीका देश में अत्याधिक अराजकता फैल रही है तो सोचिए अन्य देशों की स्थिति अत्यंत शोचनीय होना तो स्वाभाविक ही है, इसलिए अमेरिकन शासनकाल इस समय ऐसे चौराहे पर आ खड़ा हुआ है, जो बहुत खतरनाक अव्यवस्थित हालत में है और तो और वहां के पुलिस प्रशासन में भी नस्लवाद घर कर चुका है। अश्वेत लोग भयभीत हैं।



वहां की संसद पर करीब दो सौ साल के बाद हमला हुआ। गनीमत यह रही कि हमलावरों में अश्वेत लोगों की अपेक्षा श्वेत लोग शामिल थे। चूँकि पुलिस अधिकारी श्वेत थे तो बात आई गई हो गई। हमारे जीवन का कोई भी क्षेत्र हो वहां नस्लवाद के लिए कोई स्थान नहीं। विशेषत: खेल जगत में तो इसे कतई भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। वस्तुत: ये खेल हमारे उदात्त जिंदगी के मूल्यों की अगुवाई करता है।

इस समय हम जिस समाज में रह रहे हैं, वहां नस्लवाद का होने की बात सोचना भी घृणित कार्य से कम नहीं है। इस बात का जिक्र मैं बीते समय भारत-आस्ट्रेलिया क्रिकेट लड़ी दौरान आस्ट्रेलियाई दर्शक व आस्ट्रेलियाई क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा हमारे मुल्क के खिलाड़ियों पर की गई नस्लवाद टिप्पणी पर कर रहा हूं। बेशक आस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने इस बात पर अफसोस प्रकट किया है और माफी भी मांग ली थी। यहां यह तो स्पष्ट ही हो गया है कि समूचे विश्व में विकसित देशों में अभी भी नस्लवाद को बढ़ावा देने वाले लोगों की कमी नहीं है। दर्शक दीर्घा से हमारे क्रिकेट खिलाड़ियों पर की गई नस्लवाद टिप्पणियां मन को कचोटतीं हैं। इस बात पर एक्शन लिया जाना अत्यावश्यक है अन्यथा खेल के मैदान भी नस्लवाद का अड्डा बन कर रह जाएंगे। हमारे देश के बहुत से लोग रोजगार की तलाश में विदेशी धरती पर जीवन-यापन कर रहे हैं। इनमें पंजाबियों की बहुलता है पर दुखद बात तो यह है कि इन्हें अपनी सुरक्षा हेतु अपनी ही पहचान छिपानी पड़ रही है। यह जीना भी कोई जीना है।

निस्संदेह ऐसे कुत्सित प्रयास हमारे लोगों की उत्कृष्ट उन्नति से ईर्ष्या का दुष्परिणाम है। हमारे भारतवासियों ने विदेशों में जाकर अपनी प्रतिभा के बल पर बुलंदियों के झंडे गाड़ दिए हैं। इस कारण नस्लवाद का यह भी एक मुख्य कारण है। ऐसी सोच श्वेत नागरिकों की बेतुका है। श्वेत नागरिकों को भी प्रतिभावान बन कर नस्लवाद सोच से ऊपर उठना होगा। बेरोजगार व बेकार रहने से नस्लवाद टिप्पणी करने से अहित किसका होगा? इससे नस्लवादी लोग जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पिछड़ जाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

## नन्ही गुड़ियां



डॉ.राजीव डोगरा

*नन्ही नन्ही गुड़िया आई चांद सितारे साथ है लाई।*
*दो चोटियां बनाकर आई*
*देखकर उसको*
*सबके चेहरों पर मुस्कुराहट आई।*
*लाल-लाल गालों से मुस्कुराती दूध जैसे दांत*
*सबको दिखाती नन्हे नन्हे हाथों से क ख ग*
*लिखकर आई, लिखावट उसकी सबको पसंद आई।*
*गोल-गोल गालों को मटकाती*
*खुद को परियों की रानी कहलाती।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना, हिंदी हैं हम...

'सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चिद दु:ख भाग्ववेत'। कितना महान और कितनी उदार है भारतीय संस्कृति की पहचान। भारतीय संस्कृति पूरी सृष्टि में अपने उदार चिंतन और विश्व बंधुत्व की भावना को बनाए रखने में सदैव स्मरणीय है और विश्व को सकारात्मक दिशा और दृष्टिकोण के लिए प्रेरित करती है। वास्तव में हमारे धर्म में किसी भी समुदाय, पंथ, जाति को निम्न और हीन भावना से नहीं देखा जाता है।

विवेकानंद जी के शब्दों में 'संसार में सभी धर्म श्रेष्ठ हैं हर धर्म एक दूसरे के लिए सम्माननीय है' 11 सितंबर 1893 को तीस वर्ष के युवा संन्यासी ने शिकागो की धर्मसंसद में धर्म की जो उदार व्याख्या प्रस्तुत की थी वह धार्मिक आस्था के इतिहास में अतुलनीय उदाहरण बन गया था, परंतु कालांतर में हमारे समाज में बढ़ रहे भौतिकवादी दृष्टिकोण, संवेदना हीन हृदय और स्वार्थ सिद्धि की भावना ने धर्म की परिभाषा और व्यवहार को ही विकृत कर दिया। धर्म वास्तव में किसी भी प्राणी के सामाजिक जीवन और कर्तव्य की भावना से निहित होता है।



लेखक : विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, चंबा

भारतीय दर्शन में कभी भी किसी समुदाय तक धर्म को संकुचित और सीमित नहीं किया है। भारतीय दर्शन में सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाए की भावना निहित है। हम सभी लोगों और प्राणी मात्र की भलाई की कामना करते हैं।



विगत कुछ वर्षों से हमारे समाज में और राष्ट्र में धर्म की जो तस्वीर प्रस्तुत की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। धर्म के नाम पर आपसी मतभेद, टकराव, दंगा फसाद और हत्याएं एक स्वस्थ समाज के माथे पर कलंक है, जिस से बचा जाना चाहिए। धार्मिक उन्माद और टकराव की घटनाओं का अगर गहराई से मंथन किया जाए, तो यह प्रतीत होता है कि ऐसे कृत्यों में सम्मिलित लोगों को न तो धर्म का ज्ञान है और न ही समझ, आस्था और श्रद्धा तो दूर की बात है! ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ राष्ट्र विरोधी शक्तियां सिर्फ अपने स्वार्थ सिद्धि हेतु और अपनी सत्ता और अस्तित्व को बचाए रखने के लिए समाज के निर्धन और जरूरतमंद लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें धार्मिक उन्माद और कट्टरवाद के गर्त में धकेल रहे हैं और धर्म के आधार पर हमारे समाज और संस्कृति को बांटकर अपना स्वार्थ सिद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह संपूर्ण सृष्टि मानवता की राह देख रही है, संसार के अधिकांश देशों में छिड़ी जंग संसार के विनाश के द्वार खोल रही है। धर्म और संप्रदाय के नाम पर मतभेद और दुश्मनी संसार में एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं, क्योंकि वसुधैव कुटुंबकम् की भावना हमारे देश की मूल भावना है और हमारा कर्तव्य भी है और यही धर्म है कि अगर हम सच में धर्म में आस्था और श्रद्धा रखते हैं तो सभी प्राणियों में सद्भावना विकसित करने का प्रयास करना चाहिए,यही प्रकृति का भी संदेश है और हमारा दायित्व भी अन्यथा प्रकृति जब अपनी लीला दिखाती है तो उसके आगे मानव का कोई अस्तित्व नहीं है और प्रकृति सर्वोच्च सत्ता है। अत: मानव जीवन में धर्म की सच्ची व्याख्या और व्यवहारिकता को परिलक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि, मजहब नहीं सिखाता आपस में वैर रखना, हिंदी हैं हम,वतन है हिंदोस्ता हमारा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### नगर निगम मंडी की बैठक में महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने की विकासात्मक कार्यों की समीक्षा

# नगर निगम में भरे जाएंगे खाली पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम की साधारण बैठक महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर निगम में विकासात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए शीघ्र अति शीघ्र रुके हुए कार्यों को पुन: प्रारंभ करने और उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने, जिन कार्यों के टेंडर हो चुके हैं उनके आबंटित पत्र शीघ्र जारी करने का बैठक में निर्णय लिया गया।

सभी रुके हुए कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि नागरिकों को समय पर सुविधा मिल सके और शहर का समग्र विकास अवरुद्ध न हो।

महापौर ने अधिकारियों से कहा कि वे सभी बुनियादी ढांचा विकास, सड़कों के निर्माण, स्ट्रीट लाइट, जल आपूर्ति, सफाई और अन्य सार्वजनिक सेवाओं से संबंधित कार्यों की स्थिति का गहराई से मूल्यांकन करें और उन कार्यों को फिर से चालू करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। बैठक में रिक्त पदों को भरने का निर्णय लिया, ताकि निगम के कार्यों की गति प्रभावित न हो।

## टेंडर के आवंटित पत्र शीघ्र ही होंगे जारी





नगर निगम की बैठक में भाग लेते हुए महापौर व पार्षद।

**ये रहे उपस्थित** बैठक में उपमहापौर माधूरी कपूर, पार्षद अलकनंदा हांडा, सोमेश उपाध्याय, राजेंद्र मोहन, योगराज, वीरेंद्र सिंह आर्य, सुदेश कुमारी, हरदीप सिंह, सुमन ठाकुर, दीपाली जसवाल, कृष्ण भानु, दिनेश पटियाल, नितिन भाटिया, यशकांत कश्यप, दर्शन ठाकुर, संजय शर्मा, नगर निगम आयुक्त एचएस राणा, अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार, सहायक अभियंता नरेश, अनुभाग अधिकारी राकेश गुलेरिया व निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खाली पदों को भरने व धनराशि के लिए सरकार को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**नगर** निगम के सदन में एक महत्वपूर्ण सूचना दी गई, जिसमें बताया गया कि सरकार द्वारा नगर निगम में स्वीकृत 189 पदों से 87 पद समाप्त कर दिए हैं, जिनमें बेलदार, भिश्ती, पलम्बर, माली, मैसन, सफाई कर्मचारी और कार्टमैन इत्यादि हैं। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रिक्त पदों को समाप्त किए जाने के बावजूद नगर निगम में खाली पदों को शीघ्र भरा जाएगा, ताकि निगम के कार्यों की गति प्रभावित न हो।

महापौर ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के लिए शीघ्र ही सरकार से आवश्यक सहमति प्राप्त की जाएगी तथा निगम में अन्य खाली पड़े पदों को भरने व विकासात्मक कार्यों के लिए धनराशि प्रदान करने के लिए सरकार से शीघ्र भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके साथ सदन ने सर्वसम्मति से गृहकर उपनियम-2024 को स्वीकृति प्रदान की।

## मारपीट करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सदर थाना मंडी में कृष्णा कुमारी पत्नी प्रकाश नंद निवासी भलाणा ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी जेठानी पत्नी जवाहर लाल व उसका लड़का तारा चंद व उसकी पत्नी कांता देवी ने रास्ता रोक कर उसके साथ मारपीट की। शिकायत में कहा है कि कांता देवी ने दराट से बार किए व गाली-गलौज व मारने की धमकी दी। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## परिजनों पर मारपीट का आरोप, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सुंदरनगर थाना में नरेश कुमार पुत्र योगराज शर्मा गांव शिकारी डॉ. कलौहड त. सुंदरनगर मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह गौशाला के पास अपनी जमीन पर दीवार लगा रहा था, तो इसके चाचा प्रकाशचंद ने उसके साथ गाली-गलौज की। उसी समय उसका बेटा विक्की और उसकी पत्नी मंजू देवी भी झगड़ा करने लग गई। प्रकाश चंद ने नीचे गिरा दिया उसके बाद उसके बेटे विक्की तथा उसकी पत्नी मंजू देवी ने मारपीट की। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### औषधीय और खाद्य पौधों के व्यावसायीकरण पर मंथन

# आधुनिक तकनीक से किसान बनेंगे सशक्त

**अनंत ज्ञान, मंडी**

राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड आयुष मंत्रालय के तहत क्षेत्रीय औषधीय पौधशाला केंद्र (आरसीएफसी) जोगिंद्रनगर ने हरियाणा के पलवल जिले की ग्राम पंचायत औरंगाबाद में औषधीय पौधों के मूल्य संवर्धन और फसल उपरांत प्रथाओं पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में औषधीय और खाद्य पौधों की जानकारी और उनके व्यावसायिक उपयोग पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में डोमेन विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ. तारा सेन ने औषधीय पौधों की खेती और उनके उत्पादों के मूल्य संवर्धन के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने पर विस्तृत जानकारी साझा की।

**औरंगाबाद में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित**

उन्होंने इन पौधों को औषधीय और व्यावसायिक उत्पादों में बदलने के व्यावहारिक तरीकों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान औषधीय पौधों की उपयोगिता और लाभों पर चर्चा की गई।



किसानों व आयोजकों के साथ डॉ. तारा सेन।



## इन औषधीय पौधों की उपयोगिता और लाभों पर हुई चर्चा

**एक** दिवसीय प्रशिक्षण में पलाश, यूफोर्बिया हिरता (दूधी), अश्वगंधा, फिलांथस निरुरी (भुई आंवला), मोरिंगा, ओपंटिया (नागफनी), डैंडेलियन आदि औषधीय पौधों की उपयोगिता और लाभों पर चर्चा हुई। स्वयं सहायता समूहों के लिए आजीविका के अवसर पर कार्यक्रम में मंडी की स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए मिलेट्स आधारित लड्डू और बिस्कुट प्रदर्शित किए गए, जिनमें औषधीय पौधों जैसे शतावरी, अश्वगंधा, गिलोय और काउंच (म्यूकुना प्रूरीन्स) का उपयोग किया गया था।

## पैकेजिंग और विपणन पर डाला प्रकाश

**औषधीय** पौधों की क्षमता को उजागर करते हुए स्वास्थ्य और आय में वृद्धि की संभावना को प्रस्तुत किया। यह स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के विपणन और मूल्य संवर्धन के लिए नए द्वार खोलने की दिशा में भी एक प्रभावी कदम है। डॉ. स्वेता ठाकुर, तकनीकी सलाहकार ने सभा को संबोधित करते हुए प्रमुख उद्देश्यों और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर प्रकाश डाला।

## कार्यशालाएं होगी आयोजित

**कार्यक्रम** में धर्मवीर कंबोज प्रसिद्ध नवप्रवर्तक द्वारा उनकी बहुउद्देश्यीय मशीन का प्रदर्शन था। उन्होंने आंवला जूस, एलोवेरा जेल, हल्दी अर्क और अमरूद जूस जैसे विभिन्न मूल्य-वर्धित उत्पादों की तैयारी का प्रदर्शन किया। आरसीएफसी औषधीय पौधों की खेती, मूल्य संवर्धन और विपणन को बढ़ावा देने के लिए आगामी दिनों में उत्तर प्रदेश (मथुरा) और हिमाचल प्रदेश (नूरपुर बेदी) में इसी प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### लोगों ने अपनी जमीन की करवाई केवाईसी



**अनंत ज्ञान, महादेव।** तहसील सुंदरनगर के अंतर्गत आते पटवारखानों में भी जमीन संबंधी केवाईसी करवाने का कार्य जोरों पर चल रहा है। शुक्रवार के दिन पटवारखाना महादेव के अंतर्गत आते भूमि मालिकों ने केवाईसी से संबंधित प्रपत्र भरकर अगली आवश्यक कार्रवाई के लिए पटवारी के यहां जमा करवाया। कुछ दिनों से चल रहे इस राजस्व संबंधी कार्य से बेखबर इंदरु, कृष्ण, बली राम, शेर सिंह, दिला राम आदि ने बताया कि उन्हें इस बारे आज ही मालूम पड़ा, वहीं उन्हें केवाईसी संबंधी प्रपत्र यानि फार्म निजी दुकानदार के यहां जाकर खरीदना पड़ा और लोग मजबूरीवश खरीद रहे हैं। ऐसे में उन्हें लगता है कि कहीं न कहीं व्यवस्था परिवर्तन की प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही बड़ी-बड़ी बातों में अभी भी खासी कमी है जिसका उन्हें बहुत अफसोस है।

### नितिन मेहता ने किया 'मंडी री लुड्डी' का विमोचन

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर उपमंडल के टिहरा क्षेत्र से संबंध रखने वाली लता पठानिया द्वारा गाई गई 'मंडी री लुड्डी' का विमोचन कांगड़ा के मेडिकल कॉलेज टांडा के ऑडिटोरियम में आयोजित नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड शो में साउथ स्टार नितिन मेहता ने किया। काबिलेजिक्र है कि लता पठानिया पेशे से एक अध्यापिका हैं और संगीत में भी रुचि रखती हैं। उन्होंने 2013 से संगीत के क्षेत्र में कार्य करना शुरू किया और अब तक लगभग 100 के करीब हिंदी, पहाड़ी तथा संस्कृत गाने एल सीरीज यूट्यूब के माध्यम से प्रस्तुत किए हैं। अभी हाल ही में टांडा मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में बेटियां फाउंडेशन के सौजन्य से नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड शो का आयोजन किया गया, जहां साउथ स्टार नितिन मेहता ने अपने कर कमलों द्वारा 'मंडी री लुड्डी' का विमोचन किया। इस अवसर पर लता पठानिया ने बेटियां फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ ज्योत्सना जैन, एमडी प्रांजल जैन, राष्ट्रीय संयोजक संदीप चौधरी सहित समस्त टीम व प्रशसकों का भी आभार व्यक्त किया।



### रंगकर्मी गुड्डू के निधन पर जताया शोक



**अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर के मुख्य बाजार भोजपुर के कपड़ा व्यापारी-समाजसेवी और अपने समय के प्रसिद्ध रंगकर्मी वरिष्ठ नागरिक सुदर्शन गुड्डू के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र भर में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. श्री गुड्डू द्वारा बड़े-बड़े मंचों पर पेश की जाती रही मिमिक्री, उनके अभिनय, हास्य-व्यंग्य इत्यादि की खूब चर्चा करने सहित साहित्य एवं संस्कृति की जानी मानी संस्था सुकेत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद सुंदरनगर के सचिव कृष्ण चंद्र महादेविया ने उन्हें एक नेक दिल इंसान बताया। संस्थापक सदस्य रतन लाल शर्मा, सुरेन्द्र मिश्रा, उतम चंद शर्मा, डॉ. पीसी कौंडल, कवि राजेंद्र तथा नवोदित कवियत्री हरपिंद्र कौर आदि ने दिवंगत श्री गुड्डू को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कूका आंदोलन में हुए नरसंहार बारे करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर निगम की साधारण बैठक महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पार्षद हरदीप सिंह राजा ने सर्वप्रथम भारत की आजादी के लिए कूका आंदोलन में 17 व 18 जनवरी 1872 मलेरकोटला पंजाब में हुए नरसंहार बारे अवगत करवाते हुए सदन से श्रद्धांजलि भेंट करने के लिए दो मिनट का मौन रखने का आग्रह किया तथा जानकारी दी कि किस प्रकार 66 नामधारी कूका सिखों को अंग्रेजी सरकार के अधिकारियों के द्वारा बिना कोई केस चलाए हुए मलेरकोटला के परेड मैदान में तोपों के साथ उड़ाकर शहीद किया गया था। यह विद्रोह अंग्रेजों के द्वारा गौ हत्या को बढ़ावा देने के खिलाफ किया गया था। इस आंदोलन के दौरान लोगों को सरकारी सेवाओं कानूनों और विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करने के लिए प्रेरित किया था।

## सुंदरनगर-चाय का डोहरा सड़क नहीं बस चलने योग्य

**संजय सलवानी, जड़ोल**

पिछले दो वर्षों से बंद पड़ी सुंदरनगर से चाय का डोहरा वाया सलवाणा से सुंदरनगर चलने वाली बस मामले ने शुक्रवार को फिर निराश कर दिया।

बता दें कि गत रोज आक्रोशित सलवाणा पंचायत के ग्रामीणों ने विधायक राकेश जंवाल से मुलाकात की और बस चलाने की मांग की। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए विधायक ने हिमाचल पथ परिवहन के अधिकारियों को आदेश दिए कि तुरंत बस चलाई जाए।

इस पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार सुबह तय रूट पर बस भेजी। बस में एचआरटीसी सब इंस्पेक्टर रोशन चंद और पीडब्ल्यूडी के सुपरवाइजर भी मौजूद रहे। सड़क पर बस चलने के दौरान अधिकारियों ने रिपोर्ट दी कि यह रूट बस योग्य नहीं है।



**अधिकारियों ने बस चला कर दी रिपोर्ट, ग्रामीण निराश**

गौर हो ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1100 नंबर पर भी शिकायत की गई थी, जिस पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने कहा था कि विभाग बस चलाने के लिए तैयार है, सरकार से अनुमति मांगी गई है, वहीं मामलों को लेकर स्थानीय विधायक राकेश जंवाल जनता के साथ धरने पर बैठने की चेतावनी भी दे चुके हैं। शुक्रवार को जब ग्रामीणों के लिए खुशी के पल आए तो अधिकारियों की रिपोर्ट उन्हें एक बार फिर निराश कर गई।

गौर हो कि आपदा के बाद से यह मार्ग खस्ताहाल था, जिस कारण यहां चलने वाली बसें नहीं चल पा रही थी। कुछ समय बाद मार्ग तो ठीक हो गया, लेकिन ग्रामीणों की बार बार मांग के उपरांत भी विभाग समय पर बस नहीं चला पाया, जिसको लेकर ग्रामीण विधायक के पास गए।

विधायक ने अधिकारियों को आदेश दिए, लेकिन अंतत: निर्माण किया मार्ग सही नहीं पाया गया।(अनंत ज्ञान)

## वेस्ट मटेरियल की दुकान में चोरी

**अनंत ज्ञान , जोगिंद्रनगर।** हाईवे से सटे गुरुद्वारा परिसर के समीप एक वेस्ट मटेरियल की दुकान में बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। शातिर चोरों ने दुकान से तांबा, पीतल, एल्युमिनियम और लोहे का सामान चुरा लिया।

चोरी गए सामान की कीमत करीब तीन लाख रुपए आंकी गई है। दुकान के मालिक असगर मोहम्मद ने बताया कि करीब 180 किलोग्राम तांबा, 170 किलोग्राम पीतल, 180 किलोग्राम एल्युमिनियम और 7-8 क्विंटल लोहे का सामान गायब है।

थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। डीएसपी देवराज ने कहा कि चोरी की इस वारदात को लेकर गहन जांच जारी है।

# जिले में 1,59,250 राशन कार्डों की ई-केवाईसी शेष

**अनंत ज्ञान, मंडी**

जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंडी विजय सिंह हमलाल ने कहा कि जिला मंडी के जिन उपभोक्ताओं ने अपने राशन कार्ड की ई-केवाईसी नहीं करवाई है वे शीघ ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें।

खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से पिछले दो साल से राशन कार्ड उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी करवाने के लिए प्रक्रिया चल रही थी। विभाग की ओर से बार-बार ई-केवाईसी करवाने के लिए तिथि को आगे बढ़ाया जा रहा था, लेकिन फिर भी कई उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी ई-केवाईसी नहीं करवाई है। ई-केवाईसी न करवाने वालों के अब राशन कार्ड ब्लॉक किए गए हैं। जिले में कुल 1076821 उपभोक्ताओं में से 917437 की ई-केवाईसी हो गई है, जबकि 159250 उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी होनी शेष है। जो राशन कार्ड ब्लॉक हुए हैं वह ई-केवाईसी करवाने के ही अनब्लॉक होंगे और राशन ले सकेंगे।

उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी करने के लिए मोबाइल एप्लीकेशन गूगल प्ले स्टोर से ई-केवाईसी पीडीएस एचपी ऐप डाउनलोड करके की जा सकती है। वहीं आधार कार्ड लेकर उचित मूल्य की दुकान पर ई-केवाईसी के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कर ई-केवाईसी करवा सकते हैं।

# कुन्नू में टायर पंचर की दुकान में हुआ धमाका

**अनंत ज्ञान, पधर**

नेशनल हाईवे 154 मंडी पठानकोट पर कुन्नू बाजार में एक टायर पंचर की दुकान में जोरदार धमाका होने से अफरा तफरी मच गई।

कुन्नू बाजार में टायर पंचर लगाते समय प्रेसर गन से अचानक धमाका हो गया और प्रेशर गन 30 फुट दूर उड़कर साथ लगते एक घर के दरवाजे में जा टकराई और दरवाजा टूट गया। वहीं प्रेशर गन के धमाके से दुकान का सारा सामान इधर-उधर बिखर गया और दुकान की छत भी टूट गई, लेकिन इस धमाके से तीन लोगों को हल्की चोट पहुंची है। दुकान मालिक ने बताया कि पंचर लगाते समय यह हादसा हुआ है।

**प्रेशर गन ने 30 फुट दूर उड़कर तोड़ा दरवाजा**

वहीं घटना का पता चलते ही समाजसेवी रमेश सोनी, शम्मी, लाल चंद सहित आसपास के व्यापारी व अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य में जुट गए। रमेश सोनी ने बताया कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने पधर प्रशासन से गुहार लगाई है कि दुकानदार की मदद की जाएं।

## मढ़धारवासी रिपोर्ट आने तक न पीएं बावड़ियों का पानी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एसडीएम मंडी सदर ओमकांत ठाकुर ने कोट व मढ़धार क्षेत्र की डिब्बा व खनियार बावड़ियों का पानी रिपोर्ट आने तक न पीने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि मंडी सदर उपमंडल के कोट व मढ़धार क्षेत्र में डायरिया के कुछ-एक मामले प्रकाश में आए हैं, जिसके उपरांत क्षेत्र में जल शक्ति विभाग द्वारा डिब्बा व खनियार बावड़ियों से जल के नमूने परीक्षण के लिए लिए गए।

इन बावड़ियों का पानी प्रयोग न करने की लोगों को पहले भी सलाह दी गई थी। सूचना के अनुसार क्षेत्र में डायरिया के कुल 13 मामले पाए गए थे।

# वेटरन कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स कमेटी मनाएगी स्थापना दिवस

**रितेश, सरकाघाट**

वेटरन कॉर्प्स ऑफ सिग्नल कमेटी सरकाघाट कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक सैनिक विश्राम गृह सरकाघाट में भूतपूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कैप्टन प्यार चंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 फरवरी को अपनी सिग्नल कोर का स्थापना दिवस सरकाघाट में मनाने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर सभी कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स के पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को सादर आमंत्रित करती है। कमेटी का आय व्यय सबके समक्ष प्रस्तुत किया। साथ में कोर ऑफ सिग्नल के वेटरन वीर नारियों को इस संगठन से जुड़ने के लिए कहा। इस स्थापना दिवस पर 9 डोगरा के बैंड मास्टर वेटरन बीर सिंह जो घुमारवीं से हैं, अपनी कला देश भक्ति गीतों से इस समारोह का आगाज करेंगे।

इस बैठक में वेटरन अमृत लाल, अध्यक्ष कर्म सिंह परमार, उपाध्यक्ष रमेश कुमार, सुरेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष गुरदीप सिंह, सचिव ओम प्रकाश, जसवंत सिंह, मुनि लाल, अनिल कुमार गुलेरिया, प्रवक्ता बालम राम, आरके जमवाल मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)




वेटरन कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स कमेटी के पदाधिकारी सामूहिक चित्र में।

# पूर्व सैनिक लीग लडभड़ोल ने मनाया स्थापना दिवस

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

पूर्व सैनिक लीग इकाई लडभड़ोल ने स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन विचित्र सिंह ने शिरकत की। पूर्व सैनिक लीग इकाई के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने स्वागत किया। कार्यक्रम में जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, लेकिन दिल्ली में चुनावी व्यस्तताओं के कारण वे उपस्थित नहीं हो सके। लीग के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान ने इकाई की स्थापना और उसकी गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए वीर नारियों और पूर्व सैनिकों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामुदायिक भवन कैंटीन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन इसे अब तक शिफ्ट नहीं किया गया है। उन्होंने विधायक प्रकाश राणा के सहयोग की सराहना की और मुख्यमंत्री व मंडी सांसद से मांग की कि कैंटीन भवन को जल्द से जल्द शिफ्ट किया जाए। (अनंत ज्ञान)





स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित पूर्व सैनिक।

## डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर में आज नवाजे जाएंगे होनहार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर शिरकत करेंगे।

समारोह का आयोजन छात्रों की शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए उन्हें सम्मानित करने के उद्देश्य से किया गया है। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने बताया कि यह कार्यक्रम छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें और अधिक प्रेरित करने का एक प्रयास है।

# जोगिंद्रनगर में सौंदर्य और प्रतिभा का महाकुंभ 18 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के सोनी एनक्लेव होटल में 18 जनवरी को आयोजित होने वाले 'मिस मंडी 2025' प्रतियोगिता में 13 प्रतिभाशाली लड़कियां कैटवॉक करते हुए हुनर का प्रदर्शन करेंगी।

स्माइल हिमाचल संस्था द्वारा आयोजित और स्ट्रिंग्स एंड स्टेप्स डांस एकेडमी के सहयोग से यह भव्य कार्यक्रम बच्चों के लिए डांस शो और किड्स प्रतियोगिता के साथ शुरू होगा। जिला परिषद सदस्य ममता भाटिया ने कहा कि यह आयोजन मंडी की नई पीढ़ी को आत्मविश्वास और पहचान दिलाने का जरिया बनेगा।

पहला स्थान हासिल करने वाली लड़की को फिल्मों में शामिल होने का मौका मिलेगा। पहले चरण में किड्स शो और डांस प्रतियोगिता और 13 प्रतिभाशाली लड़कियां कैटवॉक करेंगी। मंच पर न केवल मंडी जिले, बल्कि अन्य क्षेत्रों से आई प्रतिभाएं भी हिस्सा लेंगी। इस प्रतियोगिता में सौंदर्य, बुद्धिमत्ता और आत्मविश्वास का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

**अनदेखी** करोड़ों की लागत से बने विश्राम गृह में न फर्नीचर और न ही कोई सामान

# शोपीस बना लोक निर्माण विभाग का धनोटू विश्राम गृह

**आदर्श यादव, नेरचौक**

लोक निर्माण विभाग का निर्माणाधीन धनोटू विश्राम गृह महज शोपीस बनकर रह गया है। नौ सेट वाला यह विश्राम गृह बनकर पूरी तरह से तैयार हो गया है। ठेकेदार ने कार्य पूर्ण कर इसे लोक निर्माण विभाग के सुपुर्द भी कर दिया है। मगर इसमें न ही फर्नीचर है और न ही कोई सामान, जिससे करोड़ों रुपए की लागत से बना यह विश्राम गृह शोपीस बनकर रह गया है और यदि विभाग इसे समय रहते उपयोग में नहीं लाएगा तो यह खंडहर बन कर रह जाएगा। लोक निर्माण विभाग का यह विश्राम गृह चंडीगढ़-मनाली मार्ग के साथ बनाया गया है, यह लोअर नाचन का इकलौता विश्राम गृह होगा।(अनंत ज्ञान)



## पूर्व सरकार में हुआ था टेंडर

विश्राम गृह का कार्य पूर्व की भाजपा सरकार के समय इसका टेंडर एक करोड़ 21 लख रुपए में अवार्ड हुआ था। करीब 4 साल उपरांत 3 करोड़ 25 लख रुपए खर्च करने पर कार्य पूर्ण हो गया है। विभाग को अभी भी संबंधित ठेकेदार लाखों रुपए की देनदारियां बकाया है। वहीं फर्नीचर व दूसरी सामग्री के लिए लाखों रुपए की धनराशि की आवश्यकता है।

> निर्माणाधीन विश्राम गृह धनोटू में माइनर कार्य शेष रह गया है। साथ ही इसमें फर्नीचर व अन्य सामग्री की जरूरत है जिसके लिए 32 लाख रुपए का एस्टीमेट स्वीकृति के लिए उच्च कार्यालय को भेजा है। स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
> **-संजय शर्मा, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण मंडल गोहर।**

**क्या कहते हैं क्षेत्रवासी** क्षेत्रवासी तिलक राज, संतराम, राजेंद्र, पंकज व संजय ने बताया कि धनोटू विश्राम गृह के निर्माण कार्य में पूर्व सरकार की गलत नीतियों के कारण विलंब हुआ है। टेंडर अवार्ड के बाद इसमें अतिरिक्त निर्माण करवाया गया जिस वजह से इसमें ज्यादा खर्च आया है।

## जनसंपर्क अधिकारी का पद वर्षों से खाली

**भीम बसेड़ू, महादेव।** बीएसएल (बीबीएमबी) परियोजना सुंदरनगर के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय की नाक के नीचे वर्षों से जन संपर्क अधिकारी का पद खाली पड़ा है और पार्ट टाइम वर्कर से खूब कार्य लिया जा रहा है। जब तक यहां संबंधित कार्यालय में जन संपर्क अधिकारी कार्यरत था, तब तक कार्यालय के ऊपर कार्यालय जन संपर्क अधिकारी अंकित था, मगर अधिकारी के रिटायर होने के बाद बदल कर जन संपर्क कार्यालय आदि लिख दिया गया है। यानी संबंधित कार्य के अधिकारी का पद नहीं भरा गया है।



ऐसे में इस पद को दरकिनार रखने से पद की अहमियत अपने स्थान पर क्या होती है, आसानी से समझा जा सकता है। लोगों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस पद को भरा जाए।(अनंत ज्ञान)

# लोनिवि ब्लैक स्पॉट को करे दुरुस्त : एडीसी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर की अध्यक्षता में जिला रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला में रोड सेफ्टी को लेकर किए गए जा रहे विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मंडी जिला में पिछले एक वर्ष के दौरान 272 एक्सीडेंट हुए हैं जिनमें 108 लोगों की असामयिक मृत्यु हुई है और 430 लोग घायल हुए हैं।

उन्होंने कहा कि जिला में यह आंकड़ा बहुत ज्यादा है। इसके लिए उन्होंने लोक निर्माण विभाग को ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर दूरस्त करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता डीके वर्मा ने बताया कि जिला में 268 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं जिनमें 32 ब्लैक स्पॉट्स को दुरुस्त कर दिया गया है।

## आंखों का होगा चेकअप

**रोहित** राठौर ने बताया कि शीघ्र ही जोगिन्द्रनगर, सुंदरनगर, सरकाघाट और मंडी में वाहन चालकों की आंखों की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कैंप लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त रोड सेफ्टी के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए शिवरात्रि मेले से पहले बाइक रैली भी आयोजित की जाएगी।

## सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देश

रोहित राठौर ने एनएचएआई और लोनिवि के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए कि वह सड़क निर्माण के दौरान जानकारी के लिए सड़क निर्माण कंपनियां रिफलैक्टिंग टेप, डिवाईडर आदि लगाए।

## सड़क सुरक्षा पर चर्चा

बैठक में फोरलेन सड़क पर डडौर, नागचला, नगबाई, झिडी, बैली ब्यू सहित एक्सिडेंट को लेकर संवेदनशील अन्य स्थानों पर सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में कमेटी के सदस्य आरटीओ मंडी गिरीश सुमरा सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बेटियों के अधिकारों की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के पंचायत मोमन्यार में बौल हार में बाल विकास परियोजना धुंदला के अंतर्गत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत कैंप लगाया गया। इस मौके पर वार्ड पंच केसर सिंह व वार्ड पंच विजय कुमारी, आशा वर्कर रीना, आशा, सरला, सुमना उपस्थित रहीं। इस कैंप में उषा रानी की गोद भराई कर बेटी के महत्व पर पर्यवेक्षक द्वारा बेटियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर बल दिया तथा बेटियों के अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान के तहत केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा की, जिसमें स्टाफ सहित अन्य महिलाओं ने भी अपने अधिकारों व बेटिओं की सुरक्षा, शिक्षा संबंधी जानकारी ली।

### नगर निगम की परिभाषा समझें भाजपा नेता : सीमा



**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा नेताओं को नगर निगम की सही मायने में परिभाषा ही पता नहीं है, इसलिए भाजपा नेता नगर निगम का विरोध कर रहे हैं। यह बात ऊना ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि नगर निगम में शामिल की गई पंचायतों में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी, जो बात भाजपा नेताओं को हजम नहीं हो पा रही है, इसलिए छटपटा रहे हैं और नगर निगम के रास्ते में रोड़ा अटकाने का असफल प्रयास करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता बताएं क्या ऊना नगर निगम बनना गलत है और नए क्षेत्रों को निगम में शामिल करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता विपक्ष की साकारात्मक भूमिका निभाने में असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में अंतर्कलह का दौर चल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मिशन देश व प्रदेश का विकास करवाना है। उसके लिए प्रदेश सरकार भरसक प्रयास कर रही है, लेकिन भाजपा नेताओं को विरोध के अतिरिक्त कुछ दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता नगर निगम की परिभाषा समझ लें, उसके बाद अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि नगर निगम आने वाले समय में एक विशाल विकास कार्यों की गाथा लिखेगा और भाजपा नेता यूं ही छटपटाते रहेंगे।

### स्कूल में आरओ सिस्टम लगाया



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल कलां में एक स्थानीय कंपनी मॉड्यूल्स कॉस्मेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड गोंदपुर जयचंद ने स्कूल के बच्चों को स्वच्छ पानी पीने के लिए एक आरओ दान किया है। इस मशीन की क्षमता एक घंटे में 100 लीटर पानी साफ करने की है। इस शुभ कार्य के लिए स्कूल प्रधानाचार्य मीनाक्षी गुप्ता ने स्कूल प्रबंधन समिति, सभी अध्यापकों तथा बच्चों की तरफ से मॉड्यूल्स कॉस्मेटिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राजन धीर का धन्यवाद किया और कहा कि मैं आशा करती हूं कि वह भविष्य में भी हमारे स्कूल के लिए इस तरह के पुण्य कार्यों में सहयोग देते रहेंगे। इस मौके पर स्कूल के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### बाथु ने बट क्लां की टीम को 69 रनों से हराया

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली विधानसभा मे चल रहे सासंद खेल महाकुंभ का समापन शुक्रवार को पीसीपीए स्टेडियम में हुआ, जिसका समापन प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रवक्ता प्रो. राम कुमार ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर किया, फाइनल मैच मे बाथु की टीम ने बट क्लां की टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। फाइनल मैच में पहले बल्लेवाजी करते हुए बाथु की टीम ने 136 रनों का लक्ष्य रखा, जिसका पीछा करते हुए बट क्लां की टीम 67 रनों पर सिमट गई।

### कार्यशाला में नशे के दुष्प्रभाव बताए



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** थानाकलां खंड स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से स्वास्थ्य, स्वच्छता और पौषण विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में स्वास्थ्य संस्थाओं और ग्राम पंचायत, आशा वर्कर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रथम सत्र में स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर स्वास्थ्य शिक्षक कंचन माला ने व्याख्यान दिया। उन्होंने सदस्यों को नशा और उनके दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी। दूसरे सत्र में पौषण विषय पर कार्यशाला में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षक कंचन माला, सुनील कुमार, महिला स्वास्थ्य निरीक्षक ललिता शर्मा व पंचायतों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** कुटलैहड़ के हिमाचल हवेली जोगीपंगा में विधायक विवेक शर्मा के सौजन्य से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। पूर्व में रहे विधानसभा उपाध्यक्ष एवं कुटलैहड़ का नेतृत्व कर चुके स्व. रामनाथ शर्मा को समर्पित पहली श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विधायक विवेक शर्मा, उनकी पत्नी मृदु शर्मा एवं समस्त परिवार ने विधिवत पूजा-अर्चना की। कथा व्यास आचार्य शिव कुमार शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का महत्व और इसकी प्रासंगिकता पर कथा मानव जीवन को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के चारों पुरुषार्थों की ओर ले जाती है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोकुल वृंदावन की कहानियों को प्रस्तुत किया। पहले दिन की कथा के विराम पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजकों ने बताया कि कथा के दौरान हर दिन भंडारे की व्यवस्था रहेगी। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह देखा गया। स्थानीय निवासियों ने आयोजन को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग दिया है। विधायक ने कुटलैहड़ की समस्त जनता से आग्रह किया कि प्रतिदिन सुबह 11 से 2 बजे तक हिमाचल हवेली जोगीपंगा में हर दिन कथा व्यास आचार्य शिव कुमार शास्त्री जी अमृत वर्षा करेंगे, जिसमें पहुंचकर अपना बहुमूल्य आशीर्वाद मुझे और मेरे परिवार को दें ओर श्रीमद् भागवत कथा सुनकर कृतार्थ बनें। (अनंत ज्ञान)

### पीर बाबा लखदाता धुसाड़ा में भंडारा 19 को

**हीना पठानिया, बड़ूही।** अंब उपमंडल के तहत धुसाड़ा गांव के पीर बाबा लखदाता (मोहल्ला भराईयां) में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी 19 जनवरी को विशाल वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पीर बाबा लखदाता भंडारा आयोजन समिति के सदस्य शमशेर मोहम्मद ने दी। उन्होंने कहा कि सुबह के समय लगभग 11 बजे झंडे की रस्म पूरी की जाएगी। इस मौके पर स्थानीय महिलाएं पीर बाबा लखादाता की महिमा का गुणगान करेंगी। इसके उपरांत दोपहर एक बजे से देर शाम तक पीर बाबा लखादाता परिसर में विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आयोजकों की ओर से क्षेत्रवासियों से भंडारे में बढ़-चढ़कर उपस्थिति दर्ज करवाने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### प्रभु कृपा दुख निवारण समागम 2 को ऊना में

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रभु कृपा दुख निवारण 741वां समागम का आयोजन ऊना में बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए भगवान श्री लक्ष्मी नारायण धाम सेवा समिति ऊना के संचालक मुकेश कपिला ने बताया कि प्रभु कृपा निवारण समागम में सद्गुरूदेव ब्रह्मर्षि कुमार स्वामी जी के साथ गुरू मां भी उपस्थित रहेंगी। मुकेश कपिला ने कहा कि इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन 2 फरवरी को सायं 4 बजे से स्थानीय पैलेस सनशाइन होटल ऊना-चंडीगढ़ हाइवे बहडाला में किया जाएगा।

# लडोली पंचायत ने निजी भूमि पर ही बना दिया सार्वजनिक शौचालय

## पंचायत के प्रमुख पदाधिकारी अपने वार्ड पंच पर हुए मेहरबान, जांच में हुआ खुलासा

**विवेक शर्मा, अंब**

उपमंडल अंब के लडोली पंचायत में पंचायत ने संपूर्ण स्वच्छता अभियान ग्रामीण के तहत सामुदायिक शौचालय बनाने के लिए मिले 2 लाख 10 हजार रुपए को स्वाहा कर दिया। पंचायत मुखिया के सहमति से सामुदायिक तौर पर लोगों को लाभ देने की बजाए पंचायत में दरिया दिली दिखाते हुए अपने वार्ड पंच के घर में ही शौचालय बना दिए।

इस कार्य में पंचायत के मुख्य लोग ही नहीं विकास खंड कार्यालय अंब की भी कलई खुलकर सामने आ गई। दरअसल फरवरी 2021 में लडोली पंचायत को संपूर्ण स्वच्छता अभियान ग्रामीण के तहत सामुदायिक शौचालय बनाने के लिए 2 लाख 10 हजार की राशि आवंटित हुई थी। पंचायत के प्रमुख पदाधिकारी अपने वार्ड पंच इस कदर मेहरबान हुए कि



निजी भूमि पर बना हुआ सामुदायिक शौचालय।

उसने इनका निर्माण उसके आंगन में ही कर डाला। अगस्त 2023 में इसी गांव के काबल सिंह ने इसकी शिकाया जिला पंचायत अधिकारी के पास की। सितंबर माह में उन्होंने इसकी जांच के निर्देश बीडीओ अंब को दे दिए। 6 महीने तक विकास खंड कार्यालय ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। विवाद बढ़ने के बाद जनवरी 25 में विभाग ने इसकी जांच की।

जांच में पाया गया कि जिस जगह यह शौचालय बनाए गए हैं, उसके आसपास के ज्यादातर घरों में शौचालय बने हुए हैं और जिस भूमि पर बनाए गए हैं, वह वार्ड पंच की अपनी निजी भूमि है। अगस्त 2023 में शिकायत होने के बाद वार्ड पंच ने बड़ी ही होशियारी से 31 जनवरी, 2024 को इस जमीन को पंचायत के नाम कर दिया।

बड़ी बात है कि यह शौचालय न केवल वार्ड पंच के आंगन में बनाए गए हैं, बल्कि उनके दरवाजे भी उनके आंगन की तरफ ही लगाए गए हैं। नियमों अनुसार सामुदायिक शौचालय को न केवल आम जनमानस के द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले रास्तों की तरफ होने चाहिए, बल्कि इनका निर्माण भी पंचायती भूमि पर ही होना चाहिए।

पंचायत के कर्ताधर्ता ने सभी नियमों को ताक पर रखकर अपने वार्ड पंच को लाभ देने के लिए सरकार की संपूर्ण स्वच्छता अभियान के 2 लाख 10 हजार की तिलांजलि दे दी। इस संदर्भ में विकास खंड अधिकारी ओमपाल डोगरा का कहना है कि संपूर्ण स्वच्छता अभियान ग्रामीण के तहत बने इन शौचालयों के निर्माण में नियमों की अनदेखी हुई है। जिस जगह पर इनका निर्माण किया गया है, उससे स्पष्ट होता है कि शौचालय व्यक्ति विशेष को लाभ देने के नजरिए से बनाए गए हैं । मामले की जांच रिपोर्ट को आगामी कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दिया गया है। वहीं, पंचायत प्रधान ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि पहले भूमि पंचायत के नाम की गई थी, फिर ही निर्माण किया गया था। (अनंत ज्ञान)

## सांसद खेल महाकुंभ के तहत क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, 16 टीमें भिड़ेंगी



सांसद खेल महाकुंभ के तहत इंदिरा स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता में भिड़ते खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सांसद खेल महाकुंभ ऊना विधानसभा क्षेत्र 2024-25 में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज इंदिरा स्टेडियम में हुआ। इस कार्यक्रम में ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सतपाल सिंह सत्ती ने जहां सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों की सराहना की, वहीं उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों से बचने के लिए युवाओं को खेलने के लिए प्रेरित किया।

इस खेल महाकुंभ में शुरुआती मैच अरनियाला 11 और खोगो 11 मैहतपुर के बीच में हुआ, जिसमें मैहतपुर की टीम विजेता रही, वहीं दूसरे मैच में मोनू 11 बसदेहड़ा की टीम ने सिंह 11 ऊना को हराया। क्रिकेट टीम ऊना के संयोजक विनय ने बताया इस अवसर की ऊना विधानसभा की 16 टीम हिस्सा ले रही हैं। विजेता टीम को पार्लियामेंट स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा।

इस अवसर पर विधानसभा ऊना खेल महाकुंभ के संयोजक सुशील कुमार, सह संयोजक रमन कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल देव, डीसीए ऊना अध्यक्ष मदन पुरी, विनय कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष रुपिंदर सिंह दहल, विनोद पुरी, नवदीप कश्यप, अनीश ठाकुर, जसविंद्र मोनू, रजत रज्जी, वरुण कुमार, उमंग ठाकुर, लवीश गर्ग, दिनेश सैनी, अभिषेक कालिया, प्रमोद वर्मा, पुरुषोत्तम भाटिया, विशाल भाटिया व अन्य उपस्थित थे ।

## विधायक सतपाल सत्ती ने नगर निगम बनाने की प्रक्रिया पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और ऊना सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने जिला मुख्यालय को नगर निगम बनाने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने नगर निगम के लिए शामिल की गई 14 पंचायतों के विकास कार्यों को रोकने और इन पंचायत के अस्तित्व को खत्म करने के लिए प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी की गई दोनों अधिसूचनाओं पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।



विधायक ने कहा कि नगर निगम को लेकर सरकार ने अभी केवल मात्र घोषणा की है, जबकि नगर निगम का क्षेत्र और इसके वार्ड अभी तक भी तय नहीं किए जा सके हैं। इन परिस्थितियों में उन पंचायतों के विकास कार्यों को लंबे समय तक रोकना दुर्भाग्यपूर्ण कदम है। सतपाल सत्ती ने आरोप लगाया कि सरकार किसी भी हाल में जनता के विकास कार्यों से बचना चाहती है, यही कारण है कि बिना नगर निगम का गठन हुए न केवल ग्राम पंचायत में चल रहे कार्यों को रुकवा दिया गया है, बल्कि ऊना नगर परिषद में भी विकास को पूरी तरह रोकने के लिए फरमान जारी कर दिए गए हैं।

विधायक ने कहा कि अभी तक सरकार ने नगर निगम के लिए कमिश्नर को नियुक्त किया है, जबकि कमिश्नर ने अभी तक नगर निगम के गठन को लेकर कोई कसरत भी शुरू नहीं की है, ऐसे में लोगों के विकास कार्यों को रोकना कहां तक उचित है। वहीं, उनके ही विस क्षेत्र के संतोषगढ़, नंगड़ा, खानपुर, फतेहपुर अधिक क्षेत्रों में भारी भरकम खनन मशीनरी सरेआम काम कर रही है लेकिन प्रशासन की क्या मजाल कि उस पर कोई हाथ डाल दे।

## विधायक बबलू ने भैरा में पंचवटी पार्क का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, अंब**

चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने शुक्रवार को भैरा के वार्ड नंबर एक में करीब 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पंचवटी पार्क का भूमि पूजन करके उसकी आधारशिला रखी, साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उनका निदान किया।

विधायक बबलू ने कहा कि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की हर पंचायत में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को करवाया जा रहा है। भैरा पंचायत में ही करोड़ों रुपए के विकास कार्य चल रहे है। भैरा से चुरूडू बाया हंबोली सड़क स्नाकोत्तर करने के लिए सात करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। वहीं, भैरा से पंजोड़ा वाया बाबा बालक नाथ मंदिर तक करीब आठ किलोमीटर संपर्क मार्ग के लिए नावार्ड के तहत 12.96 करोड़ रुपए



चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू पंचवटी पार्क की आधारशिला रखते हुए।

खर्च किए जाएंग, जिसकी स्वीकृती भी मिल चुकी है। इसी तरह से वार्ड एक में सार्वजानिक शौचालय के निर्माण पर 2.10 लाख रुपए, वर्षाशालिका निर्माण के लिए 10 लाख और वार्ड एक में जीम के लिए डेढ़ लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

बबलू ने कहा कि क्षेत्र का विकास तभी संभव है, जब स्थानीय लोग भी विभागों व सरकार का साथ दें। कई बार स्थानीय लोगों की आपत्ति के चलते विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो जाती है। सरकार विकास करवाने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन लोगों के सहयोग के बिना यह संभव नहीं है।

इस मौके पर स्थानीय लोगों ने विधायक ने स्थानीय लोगों की मांग पर वार्ड नंबर एक में ट्यूबवैल में दोबारा बोर करवाने की घोषणा की, जिस पर 25 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल, जिला परिषद सदस्य सतीश शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, बीडीओ अंब ओमपाल डोगरा, तहसीलदार अंब प्रेम पाल, एसडीओ जलशक्ति विभाग नीरज धीमान, लोक निर्माण विभाग भानू ओहरी, एसडीओ बिजली विभाग बलविंद्र कुमार, स्थानीय प्रधान अंजना कुमारी, उपप्रधान सुरेंद्र कुमार, मास्टर बलदेव लंबड़, सतिंद्र खन्ना, चन्नण ढिल्लों, कुलदीप कुमार, वार्ड पंच सुदेश कुमार बख्शीश सिंह, जीवन कुमार, रक्षा देवी, सरवण सिंह, गुरदयाल सिंह ढिल्लों, प्रधान गोगिंद्र सिंह, पूर्व प्रधान हंबोली सरवण सिंह, पवन कुमार, मास्टर कुलदीप कुमार व मदन लाल फौजी उपस्थित रहे।

## पंचायत पर सामग्री का भुगतान न करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, अंब।** कलरूही पंचायत द्वारा करवाए गए कार्य में निर्माण सामग्री सप्लाई करने वाले ठेकेदार ने समय पर भुगतान न होने कारण विकास खंड अधिकारी अंब को शुक्रवार एक शिकायत पत्र दिया है, जिसमें उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 वर्ष में मैंने पंचायत के कहने पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कलरूही में निर्माण सामग्री सप्लाई की थी , परंतु सितंबर 2022 में पंचायत ने कार्य अधूरा छोड़ दिया और मेरी अदायगी यह कहकर रोककर दी की कार्य की असेसमेंट नहीं हुई।

ठेकेदार राजीव ने बताया कि 23 फरवरी को भी एक शिकायत पत्र विकास खंड अधिकारी को दिया था और उसके बाद 20 दिन के अंदर असेसमेंट करवा कर पेमेंट करने की बात विभाग द्वारा की गई थी परंतु 2025 शुरू हो गया औ मुझे मेरे रुपए का भुगतान नहीं हो पाया है। पंचायत सचिव कलरुही ने कहा कि जल्द असेसमेंट कर एक सप्ताह के भीतर ठेकेदार का भुगतान कर दिया जाएगा।

## केसीसीबी ने विभिन्न योजनाओं व एटीएम फ्रॉड की दी जानकारी



जागरूकता शिविर में मौजूद ग्राहक और बैंक अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की शास्त्री मार्केट दौलतपुर चौक शाखा ने शुक्रवार को चलेट में जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

इस मौके पर शाखा प्रबंधक सतीश कुमारी व स्टाफ सदस्य वरिंद्र सिंह, सुरिंद्र कुार ने लोगों को सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जिनमें डिजिटल बैंकिंग, अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना जिस का उद्देश्य किसानों को उनकी कृषि और अन्य गतिविधियों के साथ-साथ गैर कृषि गतिविधियों के लिए बैंकिंग प्रणाली से आवश्यकता आधारित और समय ऋण सहायता प्रदान करना है, की जानकारी दी गई।

इस मौके पर उन्होंने विशेष तौर पर एटीएम फ्रॉड के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सेल्फ ग्रुप की सदस्य निशा कुमारी, रजनी राणा, सुरेंद्र सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कुटलैहड़ की ननावी-गलौड़-फाहल सड़क 33 वर्ष के इंतजार के बाद अब भी अधूरी

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

उपमंडल बंगाणा के बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र के लोगों को 1992 में एक नई उम्मीद थी, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री शांता कुमार ने ननावी-गलौड़-फालह सड़क निर्माण की घोषणा की थी। इस सड़क का उद्देश्य क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध करवाना और स्थानीय निवासियों को आवागमन की कठिनाइयों से राहत दिलाना था परंतु 33 वर्ष के बाद भी यह सड़क केवल कागजों तक ही सीमित है।

स्थानीय लोगों की आशाएं और सरकार से अपेक्षाएं समय के साथ धुंधली हो चुकी हैं। जोगेंद्र देव ने कहा कि 1992 में मुख्यमंत्री शांता कुमार ने इस सड़क परियोजना की घोषणा की थी। इस परियोजना को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के सोलह सिंगीधार विकास की दिशा में एक मील का पत्थर माना जा रहा था, लेकिन इसके बाद न तो इस सड़क के लिए धनराशि

**प्रत्येक चुनाव में इस सड़क का मुद्दा जरूर उठता रहा है, लेकिन परिणाम आज भी शून्य : जोगेंद्र देव**

का प्रावधान हुआ, न ही इस ओर ध्यान दिया गया और न कोई कदम उठाया गया। प्रत्येक चुनाव में इस सड़क का मुद्दा जरूर उठता रहा है, लेकिन परिणाम आज भी शून्य है।

उन्होंने कहा कि ननावी, गलौड़ और फाहल जैसे क्षेत्रों के निवासियों को इस सड़क से सीधा लाभ मिलेगा। जोगिंद्र देव ने कहा सरकारें केवल वादे करती हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने की जिम्मेदारी कोई नहीं लेता। यह सड़क लोगों के लिए जीवनरेखा हो सकती थी, लेकिन 33 वर्षों के बाद भी सड़क न होने की वजह से लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही सब भूल जाते हैं। इस सड़क का मुद्दा हर विधानसभा चुनाव में उठता है और राजनीतिक दल इसे अपने घोषणा पत्र में शामिल करते हैं, लेकिन जीत के बाद यह मुद्दा उपेक्षित रह जाता है। कई बार विपक्षी दल भी इस मामले पर सरकार को घेरते रहे हैं, लेकिन क्षेत्र की जनता को कोई समाधान नहीं मिला। जोगेंद्र देव ने कहा कि अगर जल्द ही इस सड़क पर काम शुरू नहीं हुआ, तो ग्रामीण स्तर पर प्रदर्शन किए जाएंगे।

कुटलैहड़ के विधायक शर्मा को इस मुद्दे पर प्राथमिकता देनी चाहिए। इस सड़क का निर्माण न केवल स्थानीय निवासियों को राहत देगा, बल्कि पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को भी बढ़ावा देगा। आर्य ने कहा कि यह सड़क केवल एक विकास परियोजना नहीं, बल्कि ग्रामीणों की जरूरत है। सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाकर इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करना चाहिए, ताकि क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा और विकास के अवसर मिल सकें। (अनंत ज्ञान)

**जानकारी** ऊना जिले के लिए नाबार्ड के तहत 40 करोड़ की 4 नई सड़कें स्वीकृत : उपमुख्यमंत्री

# मुकेश ने जरूरतमंदों को बांटे सहायता राशि के चेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिले के लिए नाबार्ड के तहत 40 करोड़ रुपए की लागत की 4 नई सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शुक्रवार को ऊना में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि ये सड़कें गगरेट, हरोली, श्री चिंतपूर्णी और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्रों में बनाई जाएंगी इन परियोजनाओं के तहत गगरेट में 6.46 करोड़ रुपए की लागत से राम मंदिर से बन्ने-दी-हट्टी (अंदोरा अपरला, जट्टां-दा-बेहड़ा) सड़क का निर्माण होगा। हरोली में 11.77 करोड़ रुपए की लागत से गोंदपुर बैहली से बाथू-गुरपलाह सड़क बनाई जाएगी। श्री चिंतपूर्णी में 12.96 करोड़ रुपए की लागत से भेड़ा से पंजोरा (बाबा बालक नाथ मंदिर) सड़क का निर्माण होगा। कुटलैहड़ में 10.44 करोड़ रुपए की लागत से बौल-झंबर-लाम से टक्का पुल सड़क का निर्माण किया जाएगा। इससे पहले उपमुख्यमंत्री



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री पंजवार में जनसमस्याएं सुनते हुए।

ने हरोली के पंजावर में संत बाबा माधो दास निर्वाण (घाटी वाले) जी के सत्संग में भाग लिया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा जी ने उन्हें कर्मयोगी की तरह निरंतर जनसेवा और जनकल्याण में समर्पित रहने की मंगल कामनाएं दीं।

इसके अलावा,उपमुख्यमंत्री ने वहां जनसमस्याओं को सुना और उनका मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने बाबा भर्तृहरि युवा क्लब खड्डु के टूर्नामेंट आयोजन के लिए 1 लाख रुपए की सहयोग राशि का चेक प्रदान किया। किसान यूनाइटेड वाईएफसी यूथ फुटबाल क्लब पंडोगा को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। ईसपुर के सुरेंद्र कुमार को चिकित्सा उपचार के लिए 1.50 लाख रुपए की सहायता प्रदान की तथा पंजावर की विमला देवी को पारिवारिक कठिनाइयों के मद्देनजर 25 हजार रुपए की मदद दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणजीत राणा ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए क्षेत्र में विकास के अनुपम कार्यों के लिए उनका आभार जताया।

इस मौके राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कांग्रेस पदाधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## ऊना में 31 तक मनाया जा रहा सड़क सुरक्षा माह : एसडीएम



एसडीएम सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आयोजित बैठक में जानकारी देते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को सड़क यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। यह जानकारी एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान ने एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। इस बैठक का आयोजन सड़क सुरक्षा माह के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रमों और जागरूकता अभियान की रूपरेखा तैयार करने के लिए किया गया था। बैठक में परिवहन विभाग, शिक्षण संस्थानों और अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

विश्व मोहन देव चौहान ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह मनाने का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों बारे जागरूक बनाना है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझ सके।

सड़क सुरक्षा माह के दौरान शिक्षण संस्थानों में क्विज, पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इन प्रतियोगिताओं के जरिए बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की पालना सुनिश्चित बनाने के लिए जागरूकता संदेश दिया जाएगा। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी उत्तम डोड, महिला आईटीआई ऊना के प्रधानाचार्य इंजीनियर बी एस ढिल्लों, ईओ एमसी मैहतपुर वर्षा चौधरी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हामटा में होगी पहली स्कीमो चैंपियनशिप

**अनंत ज्ञान, मनाली।** हिमाचल स्की पर्वतारोहण संघ पहली हिमाचल स्की पर्वतारोहण (स्कीमो) चैंपियनशिप आयोजित करने जा रही है। यह चैंपियनशिप मनाली के हामटा के उच्च-ऊंचाई वाले गंतव्य पर होने वाली है। यह आयोजन हिमाचल प्रदेश और भारत में स्की पर्वतारोहण, एक नए मान्यता प्राप्त ओलंपिक खेल को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह चैंपियनशिप न केवल एथलीटों के लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी, बल्कि हामटा को पर्यटन और साहसिक गतिविधियों के लिए अपार संभावनाओं वाले एक नए शीतकालीन खेल स्थल के रूप में उजागर करेगी। यह आयोजन हिमाचल सरकार के पर्यटन और खेलों के लिए नए गंतव्यों की खोज और विकास के दृष्टिकोण के साथ संरेखित करते हुए, दूरदराज के क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा। इस आयोजन के मुख्यातिथि मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़, स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ इस एकदिवसीय चैंपियनशिप का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन शीर्ष राष्ट्रीय एथलीटों और युवा प्रतिभाओं की उपस्थिति स्की पर्वतारोहण के लिए बढ़ते उत्साह खासकर दूरदराज के पहाड़ी क्षेत्रों में युवाओं के बीच नई ऊर्जा और एक मंच प्रदान करेगा। स्की पर्वतारोहण में धीरज, तकनीकी कौशल और लचीलापन शामिल है, जो इसे भारतीय एथलीटों के लिए बहुत संभावना वाला खेल बनाता है।

### आइस हॉकी कप छात्र वर्ग में शम जोन विजेता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** जिला लाहौल-स्पीति के काजा में आयोजित चार दिवसीय आइस हॉकी कप प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता शुक्रवार को कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने की। इस मौके पर अभय डोगरा और रॉयल एनफील्ड के शिंजोय विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने उपस्थित लोगों एवं आइस हॉकी कप प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए बड़े हर्ष का विषय है कि स्पीति के काजा में पिछले वर्ष से आइस हॉकी कप प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत तो होती रहती है, लेकिन इससे भी बड़ी बात है इन खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेना। उन्होंने बताया कि खेलों में भाग लेने से बच्चों एवं खिलाड़ियों को न केवल खेलने के लिए एक उचित मैदान उपलब्ध होता है, बल्कि बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए भी एक सुनहरा मौका मिलता है। आप में से ही खिलाड़ी आने वाले समय में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, खेलो इंडिया और ओलंपिक में भाग लेकर अपने गांव, जिला व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस चार दिवसीय आइस हॉकी कप प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में शम जोन विजेता, जबकि सेंटर जोन उपविजेता रहा और लड़कियों के वर्ग में सेंटर जोन विजेता व तोद जोन उपविजेता रहा। इसी प्रकार ब्वॉयज के अंडर-18 आयु वर्ग में तोद जोन विजेता, जबकि सेंटर जोन उपविजेता रहा।कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त शिखा ने इस चार दिवसीय आइस हॉकी कप प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीम सहित सभी खिलाड़ियों को पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य कोच स्पीति अमित बेलवाल सहित सभी प्रशिक्षकों को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर लें भाग : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रेड क्रॉस सोसायटी कुल्लू की ओर से 21 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला रेडक्रॉस समिति कुल्लू की अध्यक्ष एवं डीसी तोरुल एस रवीश ने सभी रक्तदाताओं से सोसायटी की ओर से आयोजित किए जा रहे रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में दाखिल किए गए विभिन्न मरीजों को रक्त की आवश्यकता को देखते हुए इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस नेक कार्य के लिए अधिक से अधिक रक्तदाता प्रातः 10 बजे कमरा नंबर-320 ब्लड बैंक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में पहुंचे।

### रेडक्रॉस सोसायटी का वार्षिक कैलेंडर जारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने जिला रेड क्रॉस सोसायटी कुल्लू का वर्ष 2025 का वार्षिक कैलेंडर शुक्रवार को जारी किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू में पीड़ित मानवता की सेवा में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि सोसायटी द्वारा समय-समय पर जिले के दूरदराज क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों की सुविधा के लिए उनके घरद्वार के निकट चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है । इसके अतिरिक्त रक्तदान शिविर का भी आयोजन समय-समय पर किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिला रेड क्रॉस सोसायटी तथा उपमंडल स्तरीय रेड क्रॉस समितियां द्वारा प्रति वर्ष विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पीड़ित लोगों को सहायता पहुंचाने में अग्रणी भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि जिले के उपमंडल मनाली, कुल्लू, बंजार, आनी तथा निरमंड में भी उपमंडल स्तरीय रेड क्रॉस समितियां क्रियाशील हैं, जो पीड़ित तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता में सदैव प्रयासरत हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी सहित रेडक्रॉस के सचिव वीके मोदगिल भी उपस्थित रहे।

# नेहरूकुंड पर्यटकों के लिए बना स्नो प्वाइंट, अटल-टनल रही बंद

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



बर्फबारी के दूसरे दिन शुक्रवार को नेहरूकुंड ही पर्यटकों का स्नो प्वाइंट बन गया। कुछ एक पर्यटक फोर बाई फोर वाहन में सोलंगनाला जा पहुंचे।

वहीं, बर्फ के कारण अटल टनल पर्यटकों के लिए बंद रही। हालांकि केलांग से फोर बाई फोर वाहनों में लोग मनाली आए, लेकिन सड़क में लगे बर्फ के ढेर को देखते हुए पर्यटकों को सोलंगनाला तक ही छोड़ा गया। बीआरओ द्वारा सड़क से बर्फ हटाने व पार्किंग व्यवस्था होने पर ही पर्यटक वाहनों को सोलंगनाला तक भेजा जाएगा। सोलंग नाला की पर्यटन कारोबारी तुली व उर्मिला ने बताया कि आज फोर बाई फोर वाहन ही सोलंग नाला आए, जबकि सभी सामान्य वाहनों को नेहरूकुंड तक ही भेजा गया।

उन्होंने बताया कि आज कम पर्यटक वाहन आए, लेकिन सभी वाहनों के सोलंगनाला पहुंचने से उनका भी कारोबार चल पड़ेगा। शुक्रवार सुबह जैसे ही धूप खिली, तो पर्यटक होटलों के प्रांगण में बर्फ का आनंद लेने उतर आए। होटलों में बर्फ का आनंद लेने के बाद पर्यटकों ने पर्यटन स्थलों का रुख किया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया शुक्रवार को हालात को देखते हुए सामान्य वाहनों को नेहरूकुंड तक ही भेजा गया, जबकि फोर बाई फोर वाहनों को सोलंग नाला तक जाने की अनुमति दी गई। उन्होंने बताया कि शनिवार को भी अटल टनल पर्यटकों के लिए बंद रहेगी। हालात सामान्य होने पर ही पर्यटकों को सोलंग नाला से आगे भेजा जाएगा। (अनंत ज्ञान)



शुक्रवार को दाएं तट की महिलाओं ने विंटर कार्निवाल में आयोजित होने वाली महानाटी को लेकर किया अभ्यास।

## मालरोड में वाद्ययंत्रों की धुन पर सैकड़ों महिलाओं के एक साथ थिरके कदम

**अनंत ज्ञान, मनाली**

विंटर कार्निवाल में आयोजित होने वाली महानाटी में विजेता बनने को दाएं तट की महिलाओं ने शुक्रवार को मालरोड मनाली में कड़ा अभ्यास किया।

उन्होंने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए टिप्स व गुर सीखे। वाद्ययंत्रों की धुन में सैकड़ों महिलाओं के कदम एक साथ थिरके। महिलाओं ने दो चरणों में लगभग तीन घंटे कड़ा अभ्यास किया। नाटी किंग बालक राम ने महिलाओं का नेतृत्व किया और टिप्स सिखाए। इससे पहले 15 जनवरी को वामतट की महिलाओं ने कड़ा अभ्यास किया था। मालरोड में डाली महानाटी का पर्यटकों ने भी आनंद लिया। विंटर कार्निवाल की तैयारी जोरों से चल रही है। विधायक भुवनेश्वर गौड़ कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। उन्होंने महिलाओं के प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि कार्निवाल में महिलाओं की सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया गया है। घाटी के 276 महिला मंडलों व स्वयं सहायता समूहों की दो हजार से अधिक महिलाएं महानाटी सहित कार्निवाल परेड की शोभा बढ़ाएंगी। विधायक ने कार्निवाल कमेटी के साथ भी चर्चा की ओर तैयारी का जायजा लिया। कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम मनाली ने कहा कि कार्निवाल के सफल आयोजन को लेकर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दाएं तट की महिलाओं ने महा नाटी को लेकर अभ्यास किया।

## विधायक प्राथमिकता में डाली जाएगी शमशर-पनेई सड़क : लोकेंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान, आनी**



मुझे वोट बैंक की राजनीति नहीं आती, मुझे जनता ने चुना है और जनता के काम प्राथमिकता के आधार पर करना मेरा धर्म है। यह बात आनी विधानसभा क्षेत्र के युवा विधायक लोकेंद्र कुमार ने कराना गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। वे जांजा क्षेत्र के संपल, बागी, कराना क्षेत्र के दौरे पर थे, जहां उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना।

कराणा में उन्होंने कहा कि कराणा क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करने वाली शमशर से पनेई सड़क की मांग वर्षों से की जा रही है। उन्होंने जनता से वादा किया कि 3 फरवरी को होने वाली विधायक प्राथमिकता की बैठक में इस सड़क को डाला जाएगा। लोकेंद्र कुमार ने कहा कि विरोधी उन पर आनी विधानसभा क्षेत्र के काम नहीं करने के आरोप लगा रहे हैं, उन्हें बताना चाहूंगा कि आजकल हर काम का ऑनलाइन डाटा उपलब्ध है और जाकर चेक करें कि आनी के लिए उन्होंने क्या-क्या किया है। उन्होंने कहा कि वे दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले और आनी के एक एनएच के साथ-साथ सड़कों के विभिन्न प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा की। लोकेंद्र कुमार ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आजादी के बाद यह देश में किसी प्रदेश की पहली सरकार है, जिसने ट्रेजरियां बंद करके रख दी हैं और विकास कार्य करने वाले ठेकेदारों के लाखों, करोड़ों रुपए रोक रखे हैं। सड़कों के लिए पीएमजीएसवाई के तहत मिलने वाले केंद्र सरकार के पैसों को पेंशन में बांट दिया। भर्तियां हो नहीं रही हैं। क्षेत्र में चिट्टे जैसे जानलेवा नशे के चंगुल में युवा पीढ़ी के फंसने पर चिंता जताते हुए कहा कि हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस दलदल को साफ करने के लिए एकजुट होना होगा।

## प्रभावित परिवार के लिए पंजाब नेशनल बैंक बना मददगार

**अनंत ज्ञान, सैंज।** देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक पंजाब नैशनल बैंक कई तरह के बचत खातों के अलावा ग्राहकों के लिए विभिन्न प्रकार की बीमा योजना की सुविधा प्रदान कर प्रभावित परिवारों के लिए मददगार साबित हो रहा है। इसी कड़ी में पंजाब नेशनल बैंक की औट शाखा में केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने दुर्घटना बीमा के तौर पर दस लाख का क्लेम प्रदान किया। पंजाब नेशनल बैंक की औट शाखा में ब्रांच मैनेजर संजीव कुमार की उपस्थिति में गिरिराज (नॉमिनी) को दस लाख का क्लेम सेटेलमेंट लेटर दिया। औट शाखा में खाता धारक किशोरी लाल की पहाड़ी से पैर फिसलने से मौत हुई थी।

## केंद्र ने ब्यास के तटीकरण को लेकर आज तक नहीं दिखाई कोई गंभीरता : गौड़

**अनंत ज्ञान, मनाली**



मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार ने ब्यास के तटीकरण को लेकर आज तक गंभीरता नहीं दिखाई है।

विधायक शुक्रवार को मनाली में कुल्लू-मनाली पर्यटन विकास मंडल की बैठक में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सुन रहे हैं कि ब्यास नदी के तटीकरण को कभी 1200, तो कभी 1600 करोड़ स्वीकृत हुए हैं। इस बात को विधानसभा में तथा प्लानिंग की बैठक में उठाया, लेकिन वहां से जवाब मिला की ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी के तटीकरण को लेकर केंद्र सरकार ने कोई पहल नहीं की है। गौड़ ने कहा कि धुंधी से लेकर औट तक नदी हर साल करोड़ों रुपए का नुकसान करती है। कई बार जानमाल का भी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि इस नदी का तटीकरण होना बहुत जरूरी है। इस मामले को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गंभीरता से समझा है और लोगों के दर्द को देखते हुए फ्लड प्रोटेक्शन को लेकर बजट का विशेष प्रावधान किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री 18 जनवरी को फ्लड प्रोटेक्शन को लेकर आधारशिला रखने जा रहे हैं। पिछले साल भी सीएम ने पतलीकूहल में फ्लड प्रोटेक्शन को लेकर आधारशिला रखी थी, जिसका काम चल रहा है।

## तांदी गांव के अग्नि प्रभावित परिवारों को एनएचपीसी ने बांटी राहत राशि



**अनंत ज्ञान, सैंज**

पार्बती पावर स्टेशन के ग्रुप महाप्रबंधक प्रभारी प्रकाश चंद के आह्वान पर एनएचपीसी के कर्मिकों द्वारा कुल्लू के बंजार घाटी के तांदी गांव में बीते दिनों हुए भीषण अग्निकांड से पीडित परिवारों की सहायता के लिए सर्दियों के जरूरी कपड़े व 75,000 रुपए की सहायता राशि भेंट की गई। महाप्रबंधक सुनील कुमार द्वारा इस राहत सामग्री व सहायता राशि का चैक गांव वालों की उपस्थिति में तांदी गांव के समिति सदस्य सुरेंद्र सिंह को सौंपा गया।

### बार एसोसिएशन ने भी की मदद

**मनाली।** कुल्लू के बंजार उपमंडल की तांदी गांव में भीषण अग्निकांड में बेघर हुए ग्रामीणों की मदद के लिए बार एसोसिएशन मनाली ने 22, 800 की राशि दान दी है। एसोसिएशन के प्रधान इंद्रजीत ठाकुर ने कहा कि एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने मिलकर तांदी में हुए भीषण अग्निकांड में प्रभावितों के लिए बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने कुछ राशि इकट्ठा की है।

## पति का साया सिर से उठते ही वंती देवी पर टूटा मुसीबतों का पहाड़

**अनंत ज्ञान, सैंज**



सैंज घाटी की एक महिला ने ससुराल पक्ष पर जमीन हड़पने के लालच में अत्याचार का आरोप लगाया है। महिला ने कहा कि पति की मौत के बाद उस पर लगातार घर छोड़ने का दबाव बनाया जाता रहा और बच्चों को भी उससे छीन लिया गया। दर-दर भटकने के लिए मजबूर हुई महिला ने बंजार थाना में मामला दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। यह महिला बीते शुक्रवार को पल्दी की दुर्गम पहाड़ियों में पांच दिन के बाद अचेत अवस्था में मिली। पांच दिन तक कड़ाके की सर्दी में उसका जीवित मिलना किसी अचंभे से कम नहीं था।

सैंज घाटी की बनोगी पंचायत के पातल गांव की वंती देवी (27) पांच दिन से लापता थी। पल्दी के गनेउली गांव स्थित मायके से वंती देवी गलु के रास्ते पैदल घर की ओर निकली थी, लेकिन जब वह घर नही पहुंची, तो मायके वालों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस थाना बंजार में दर्ज करवाई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर भी महिला की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बीते शुक्रवार सुबह पनिहार की दुर्गम पहाड़ियों में चील कौए मंडरा रहे थे। जंगल में घास काटने गई महिलाओं ने देखा, तो वंती देवी को वहां अचेत अवस्था में पाया। जानकारी के अनुसार वंती देवी के पति कमलेश कुमार की एक साल पहले सैंज में हत्या हुई थी। पति का साया सर से उठते ही उस पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा। ससुराल पक्ष से लगातार प्रताड़ना झेलनी पड़ी। वंती देवी ने बताया कि कमलेश को उसके ताऊ ने गोद लिया था। ताऊ की मृत्यु के बाद उनकी जमीन और मकान कमलेश के नाम हो चुके थे। कमलेश की हत्या के बाद यह संपत्ति वंती देवी और उसके दो बेटों के नाम होनी थी, लेकिन कमलेश के मूल माता-पिता को यह रास नहीं आया। बताया जा रहा है कि सास ससुर संपत्ति में वंती देवी को हिस्सेदारी देने के पक्ष में नहीं थे। आरोप लगाया कि यहीं से वंती पर अत्याचार का सिलसिला शुरू हुआ। कुछ दिन पहले ही सास दोनों बच्चों को भी वंती से छीनकर कुल्लू ले गई। हालात से तंग आकर वह दो दिन के लिए थाटीबीड़ स्थित मायके गई, लेकिन वहां उसे बच्चों की याद सताती रही तो पैदल ही घने जंगल के रास्ते घर को निकल पड़ी। हालात से वंती का मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ गया है और उसे कुल्लू अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वंती देवी का बयान दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस थाना बंजार के प्रभारी चंद्रशेखर ने बताया कि बीते सप्ताह महिला को मायके वालों के हवाले किया गया। हालत नाजुक होने से वह बयान देने की हालत में नहीं थी। गंभीर हालात के चलते बंजार अस्पताल से उसे क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि घटना के एक सप्ताह बाद महिला ने बंजार थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। इसमें वंती देवी ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष

## महिलाओं को अब रूढ़िवादी सोच को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की जरूरत

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** बदलते समय के साथ सभी को बदलना पड़ता है और बदलाव ही संसार का नियम है, लेकिन पुराने जमाने में नारी शक्ति को ज्यादातर कभी उस तरह से उभरने दिया ही नहीं गया, जिस तरह से आज के समय में महिलाओं ने अपनी काबिलियत के दम पर पूरी दुनिया में बदलाव की मिसाल पेश की है, वो अपने आप में काबिले तारीफ है और काबिले गौर भी। आज की महिलाओं ने बदलते वक्त के तालमेल बैठाते हुए खुद को पहले से ज्यादा मजबूत और काबिल बना दिया है, ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि नारी ही शक्ति का अवतार है और नारियों के दम से ही आज दुनिया में कई सकारात्मक बदलाव हुए हैं। आज की नारी को किसी ओर चीज की जरूरत नहीं है बस जरूरत है तो सिर्फ बस मौके की। आज की महिलाएं हर कार्य को पूरी निष्ठा और लगन के साथ करती हैं और कार्यक्षेत्र हो या घर परिवार की जिम्मेदारी हर काम को पूरी ईमानदारी के साथ करने में सक्षम हैं। आज शिक्षा के क्षेत्र में हर तरफ केवल लड़कियों का ही बोलबाला है और देश के हर बड़े ओहदे पर आज महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जो कि बदलते वक्त के साथ बदल रहे समाज का एक सकारात्मक संकेत है। ऐसे ही विभिन्न मुद्दों पर महिलाओं के विचारों से परिचित होते हैं

**नारी को किसी और चीज की जरूरत नहीं, जरूरत सिर्फ मौके की**

### महिलाओं को अपनी मदद के लिए आज किसी के सहारे की जरूरत नहीं

महिलाओं को बदलते वक्त के साथ खुद की काबिलियत को निखारने का कार्य करना होगा और साथ ही अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपनी क्षमताओं पर ओर मेहनत करते हुए लगातार कार्य करते रहना होगा। सभी महिलाओं को अपने काम के साथ अपने सामाजिक और गृहस्थ जीवन के बीच भी तालमेल बैठा कर चलना होगा। महिलाओं के कार्य करने में अक्सर परिवार के सहयोग की अपेक्षा रहती है, मगर देश में आज भी बहुत सी महिलाएं ऐसी हैं, जिन्हें परिवार से सहयोग नहीं मिल पाता है, जिस कारण महिलाएं खुल कर सामने नहीं आ पाती। महिलाओं को अब रूढ़िवादी सोच को पीछे छोड़ कर आगे बढ़ने की जरूरत है। महिलाओं को अपनी मदद के लिए आज किसी के सहारे की जरूरत नहीं है, जरूरत है तो बस सही शिक्षा की ओर सही मौके की ओर साथ ही सही दीक्षा में प्रयास करने की।



इंदू नवनीत भारद्वाज, सुल्तानपुर (कुल्लू।

### हुनर और काबिलियत पर ध्यान देने की जरूरत

आज के समय में महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए खुद पर विश्वास करना बहुत ज्यादा जरूरी है। आज की महिलाओं को आग बढ़ने के लिए अपने हुनर और काबिलियत पर ध्यान देने की जरूरत है। महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना जरूरी है, जो महिला आज के समय में घर बार और काम सभी में बराबर अपनी भागीदारी देती है उसे सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है, मगर जो काम के सिलसिले में अपने घर बार को देख नहीं पाते, उन्हें सिर्फ कामकाजी महिला मान लिया जाता है। महिलाओं को आज के समय में अपने-अपने परिवार के सदस्यों के विश्वास और सहयोग की जरूरत हमेशा रहती है। महिलाओं में एक साथ कई कार्यों को अंजाम देने की अनोखी काबिलियत होती है इसलिए एक ही समय में महिलाएं घर, परिवार और कार्यक्षेत्र को बराबर समय देकर उस कार्य को पूरा करने का सामर्थ्य रखती हैं।



इंदू पटियाल, बंजार।

### संयम से काम लेते हुए बढ़ना चाहिए आगे

महिलाएं आज के समय में हर वो काम करके दिखा सकती हैं, जिसकी अक्सर लोग उनसे अपेक्षा नहीं करते। समय के साथ सही शिक्षा और सही दिशा में किए गए प्रयासों से ही महिलाओं को सफलता मिलेगी और सफलता के शिखर को छू पाएंगी। महिलाओं को हर विपरीत परिस्थितियों में खुद को ढालने की काबिलियत और पूरी क्षमता से काम करने की क्षमता को विकसित करना होगा तभी सही दिशा में आगे बढ़ पाएंगी। महिलाओं के अंदर जी तोड़ मेहनत करने की जन्मजात गुण होते हैं। माता, पिता, भाई, बहन, बेटी और बेटे से हर महिला को सहयोग, प्यार और सम्मान की जरूरत होती है तभी महिला हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर पाती है। महिलाओं को कार्यक्षेत्र में ओर घर परिवार में तालमेल बैठाना बहुत जरूरी होता है, मगर अक्सर ऐसा नहीं हो पाता है, जिस कारण अनचाही परेशानी से जूझना पड़ जाता है इसलिए महिलाओं को संयम से काम लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए और अपनी काबिलियत का लोहा मनवाना चाहिए।



पंडित खुशबू भारद्वाज, कुल्लू।

### काबिल और शिक्षित होना सबसे ज्यादा जरूरी

महिलाओं को अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए ज्यादा प्रयास करने की जरूरत नहीं बस जरूरत है, तो खुद को पहचाने की ओर अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को तराशने की। महिलाओं को अपने वैवाहिक जीवन और अपने कार्यक्षेत्र को अलग रखना आना चाहिए, ताकि दोनों का असर एक-दूसरे पर न पड़े। आज भी समाज में बहुत सी महिलाएं ऐसी हैं, जिन्हें सिर्फ अपने परिवार से उम्मीदें होती हैं कि वह सहयोग करे, मगर कुछ ही परिवार अपने बेटियों और बहुओं को सहयोग दे पाते हैं। मेरा मानना है कि महिलाओं को दूसरों से अपेक्षा रखनी ही नहीं चाहिए, बल्कि सिर्फ और सिर्फ खुद से अपेक्षा रखें और अपनी क्षमताओं से अपेक्षा रखें। महिलाएं जिस तरह से अपने घर को मैनेज करती हैं ठीक वैसे ही घर परिवार, समाज और सामाजिक ताने-बाने के बीच तालमेल बैठा कर चल सकती हैं। महिलाओं का काबिल और शिक्षित होना सबसे ज्यादा जरूरी है, ताकि वह शिक्षा और अपनी काबिलियत के दम पर सफलता के मुकाम को हासिल कर सके।



इंद्रा शर्मा, मनाली।

## न्यूज ब्रीफ

### एचटी लाइन टूटने से 8 मवेशियों की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर के हरिपुरखोल पंचायत में वीरवार शाम एक बड़ा हादसा हुआ, जहां करंट की चपेट में आने से 8 मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 2 अन्य मवेशी घायल हुए हैं। इस हादसे में एक गाय, 2 कटड़ी और 5 भैंसें शामिल हैं। वहीं, अन्य 2 मवेशी घायल हुए हैं, जिनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, हरिपुरखोल पंचायत के वार्ड नंबर-3 जामनीघाट गांव में मरियम पत्नी स्व. नूर मोहम्मद के घर के समीप एचटी लाइन अचानक टूटकर मवेशियों पर आ गिरी। इस बीच करंट लगने से मवेशी मौके पर ही मर गए। इस हादसे से महिला पशुपालक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। उधर, बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता सुमित चौधरी ने बताया कि हादसा इंसुलेटर में ब्लास्ट होने के बाद कंडक्टर गिरने से हुआ है। पंचायत प्रधान संगीता देवी के पति जालम सिंह और प्रदेश सचिव भाजपा मनीष चौहान ने बताया कि यह हादसा बिजली बोर्ड की लापरवाही से हुआ है। वहीं, प्रदेश भाजपा सचिव मनीष चौहान ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा के साथ लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### ठेकेदारों ने की फाइनेंस कमेटी निरस्त करने की मांग

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** परवाणू नगर परिषद के ठेकेदारों ने नगर परिषद द्वारा समय पर भुगतान न होने के चलते कार्यकारी अधिकारी को लिखित रूप में शिकायत दी है। अपनी शिकायत में उन्होंने कार्यकारी अधिकारी को बताया कि नगर परिषद द्वारा बनाई गई फाइनेंस कमेटी द्वारा पिछली बैठक में उन सभी ठेकेदारों का भुगतान करने की बात की थी, जिसका नाम लिस्ट में शामिल किया गया था, लेकिन बैठक के इतने समय बाद भी उन ठेकेदारों का भुगतान नहीं हुआ, जिसका नाम लिस्ट में शामिल किया गया था, जबकि उन ठेकेदारों के भुगतान कर दिए गए, जिनके नाम लिस्ट में ही नहीं थे। ठेकेदारों ने ऐतराज जताते हुए कहा कि प्रदेश की किसी भी नगर परिषद में फाइनेंस कमेटी का गठन नहीं किया गया है न ही नगर परिषद कानून में ऐसा कोई प्रावधान है। नाम गुप्त रखने की बात पर कुछ ठेकेदारों ने बताया कि नगर परिषद अध्यक्ष के पति जो कि स्वयं ठेकेदार हैं, उनके द्वारा नगर परिषद कार्यों में हस्तक्षेप किया जा रहा है तथा केवल उनके द्वारा चयनित ठेकेदारों का ही भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें काम न करने देने की धमकी देकर दबाने का प्रयास किया जा रहा है और नए ठेकेदारों को काम दिए जा रहे हैं। इस बारे में कार्यकारी अधिकारी महेंद्र प्रताप ने बताया कि ठेकेदारों द्वारा दी गई शिकायत की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में पाया गया है कि कुछ ठेकेदारों के हस्ताक्षर बिना उनकी जानकारी के किए गए हैं। किसी भी ठेकेदार का भुगतान नहीं रोका गया है। केवल जिनके कार्यों की गुणवत्ता में कमी पाई जा रही है, उन्हें कार्य ठीक करने को कहा गया है, जिस कारण भुगतान रोके गए हैं।

### चूड़धार में हिमपात से पांच फुट जमी बर्फ



**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले की सबसे ऊंची चोटी चूड़धार में इस बार का पांचवा हिमपात दर्ज किया गया, जबकि नौहराधार-हरिपुरधार में चार बार बर्फबारी हो चुकी है। नौहराधार-हरिपुरधार में हल्की-हल्की बर्फबारी हुई है। हिमपात से क्षेत्र के तापमान में भारी गिरावट दर्ज हुई है, जिससे पूरे क्षेत्र में शीतलहर का प्रभाव बढ़ गया है व चूड़धार में हिमपात से पांच फुट जमी बर्फ जम गई है।

### मंडल चुनाव में भाजपा की गुटबाजी आई सामने

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** भाजपा राजगढ़ मंडल चुनाव में अध्यक्ष पद के चुनाव में गुटबाजी आज सभी के सामने आ गई। बुधवार को संपन्न हुए चुनाव में विधायक रीना कश्यप और सांसद सुरेश कश्यप ने दोनों गुटों को झटका देते हुए सुरेश वर्मा को अध्यक्ष बना दिया। यह बात पच्छाद युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि पच्छाद में भाजपा की गुटबाजी जगजाहिर है और पिछले दिनों मीडिया में भी सुर्खियों में रही। बुधवार को हुए मंडल अध्यक्ष के चुनाव में सुरेश कश्यप गुट का कोई भी नेता मंडल में अध्यक्ष नहीं हुआ और ऐसा पहली बार हुआ होगा, जब मंडल के अध्यक्ष चुनाव से कई दिग्गज नेताओं ने किनारा किया। पच्छाद में विधायक रीना कश्यप पहले से अलग-थलग हैं और सांसद सुरेश कश्यप के समर्थक और पूर्व मंडल पदाधिकारी विधायक के सभी कार्यक्रमों से किनारा करते चले आ रहे हैं। विक्रम ने कहा कि अभी तो शुरुआत है और आने वाले समय में भाजपा कई गुटों में बंटने वाली है।

### अलग-अलग हादसों में 2 गाड़ियां टकराईं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस थाना पच्छाद के अंतर्गत अलग-अलग हादसों में 2 गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत ये रही है कि दोनों ही हादसों में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। लेकिन दोनों वाहनों को नुकसान पहुंचा। पहला हादसा नाहन-कुमारहट्टी हाईवे पर नैनाटिक्कर के समीप भुजियाना गांव के समीप पेश आया, जहां एक कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बताया जा रहा है कि शिमला नंबर की यह गाड़ी सराहां से कुमारहट्टी की तरफ जा रही थी। इसी बीच अनियंत्रित होकर यह गाड़ी सड़क पर पलट गई। हादसे में गाड़ी को काफी क्षति पहुंची है। बताया जा रहा है कि गाड़ी में दो लोग सवार थे, जिन्हें हल्की चोटें आई हैं। दूसरा हादसा भी नैनाटिक्कर के समीप धालपा में सामने आया। यहां नैनाटिक्कर से कुछ ही दूरी पर यह कार 500 मीटर नीचे खाई में लुढ़क गई। बताया जा रहा है कि उक्त कार शिमला की तरफ जा रही थी। इसी बीच गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में चली गई। गनीमत यह रही कि गाड़ी सवार को हल्की चोटें आई हैं, लेकिन चालक ठीक है, जबकि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है।

### प्रतिभावान बच्चों को सामने लाए एमबीएम टीम




**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने गत सायं नाहन के एसएफडीए हॉल में आयोजित एमबीएम क्विज प्रतियोगिता 24-25 के विजेताओं के पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नाहन के विधायक अजय सोलंकी भी उपस्थित थे। विधानसभा उपाध्यक्ष ने एमबीएम क्विज प्रतियोगिता 24-25 के विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों में अलग-अलग तरह की प्रतिभा देखने को मिलती है। बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती और कुछ बच्चे तो इतने प्रतिभावान होते हैं कि वह गलत सवाल का जवाब भी इतने विश्वास से देते हैं, जिससे लगता है कि उसका जवाब सही है। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारा भविष्य हैं, ये न केवल सिरमौर, न प्रदेश बल्कि पूरे भारतवर्ष का भविष्य हैं। उन्होंने एमबीएम टीम को बधाई देते हुए कहा कि आप ग्रामीण क्षेत्रों में इन मोतियों को चुनकर यहां तक लाए और इन्हें यह मंच प्रदान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभावान बच्चों की कमी नहीं है, आवश्यकता है तो उन्हें एक उपयुक्त मंच प्रदान करने की।

# माल रोड में सेटबैक एरिया की सबलेटिंग से दुकानदारों की चांदी

## प्रशासन की चेतावनी, अब सबलेटिंग पाई गई तो होगा 25,000 हजार का चालान, 12 दुकानदारों के सामान्य चालान काटे गए

**आर मोहन चौहान, सोलन**

राजधानी शिमला के माल रोड की तर्ज पर सोलन माल रोड को स्वच्छ सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अब प्रशासन ने दुकानों के सामने सबलेटिंग से सख्ती से निपटने का निर्णय लिया है।

प्रदेश के शहरों में दुकानदारों की मनमानी से बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए हाई कोर्ट ने पहले सभी जिलाधीशों को आदेश दे रखें हैं। इसको लेकर सोलन प्रशासन लगातार अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाए हुए है। माल रोड पर दो दिनों तक अतिक्रमण हटाने की मुहिम में पाया कि दुकानदारों ने ही सेटबैक एरिया को सबलेट कर प्रतिदिन के हिसाब से किराये पर दिया है। इससे दुकानदारों की चांदी होने के साथ सबलेट एरिया में भी अतिक्रमण कर सड़क पर ही दुकानें सजाई जा रही थी। कानून की दृष्टि से इस प्रकार की प्रैक्टिस अवैध है। कुछ जगहों पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर कॉरिडोर में ही शटर लगा लिए हैं। लिहाजा प्रशासन ने अब ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सख्ती से निपटने का निर्णय लिया है। (अनंत ज्ञान)



सोलन माल रोड को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने मौके पर पहुंची एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बंसल।

> **माल रोड** को स्वच्छ सुंदर और अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में रूटीन कार्रवाई की जा रही है। दुकानों की सबलेटिंग बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभी फिलहाल चेतावनी दी जा रही है अगली बार 25 हजार तक का चालान काटने का प्रावधान है। जरूरत पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी होगी।
>
> **डॉ. पूनम बंसल, एसडीएम, सोलन**

### बाजार में अतिक्रमण की होड़

**दुकानदारों** की मनमानी के चलते सोलन मॉल रोड और मुख्य बाजार में अतिक्रमण की होड़ लगी है। लोगों को दुकानों के सामने हो रहे अतिक्रण से पैदल चलने में खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं। स्थानीय प्रशासन तहबजारियों पर तो कार्रवाही करती है, लेकिन दुकानदारों को मात्र चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है। बता दें कि हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने बाजार से न केवल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की, बल्कि नियमित रूप से फायरब्रिगेड की माकड्रिल सुनिश्चित की थी। इससे बाजार खुले-खुले नजर आने लगे थे। अतिक्रमण के कारण सड़कों में लोगों का चलना-फिरना भी मुश्किल हो गया है। इसके बाद प्रशासन ने फिर से अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई है।

### दुकानदारों को नहीं प्रशासन का डर

**दुकानदारों** के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें प्रशासन का कोई डर नहीं है। दुकानदार रोज सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण कर दुकानों के सामने सामान लगा रहे हैं। इतना ही नहीं नगर निगम की तरफ से की जाने वाली कार्रवाई के दौरान भी सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश की जाती है। ऐसी स्थिति में यदि फायरब्रिगेड व एंबुलेंस से बाजार से गुजारना पड़े, तो मुश्किल हो जाता है।

### अधिकतर दुकानदारों ने किया कार्रवाई का समर्थन

प्रशासन की कार्रवाई का अधिकतर दुकानदारों ने समर्थन किया है। मात्र 10 से 15 फीसदी ही हैं, जो इसका विरोध कर रहे हैं। प्रशासन ने साफ शब्दों में कह दिया है कि ड्रेन नाली के बाद भी दुकानदारों को कम से कम तीन फुट अंदर सामान रखना होगा, ताकि राहगीरों को फुटपाथ पर चलने और खरीददारी में दिक्कत न हो। साथ ही दुकानों के सामने खाली पड़ी जगह पर सबलेट कर स्टॉल और फड़ी लगाने की भी अनुमति नहीं होगी। माल रोड पर लंबे समय से यह गतिविधियां चल रही थी, जहां सेटबैक एरिया में सब्जी, फल और चाट-पापड़ी की दुकानें सजाई जा रही थी, अब इस प्रकार की गतिविधियों की पुनरावृत्ति होने पर नियमानुसार 25 हजार रुपए का चालान किया जाएगा। फिलहाल ऐसे करीब 12 दुकानदारों के सामान्य चालान काटे गए हैं। बता दें कि शहर में अतिक्रमण काफी ज्यादा बढ़ गया है कंट्रोल लाइन तक लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। इससे सड़क काफी संकरी हो रही है, जिससे राहगीरों को भी चलने में परेशानी आ रही है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने मुहिम शुरू कर दी है।

## शिलाई बिजली उपमंडल में 2022 से सहायक अभियंता का पद रिक्त

**अनंत ज्ञान, शिलाई**




जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा के शिलाई बिजली उपमंडल में वर्ष 2022 से सहायक अभियंता का पद रिक्त पड़ा है, जबकि उपमंडल के तीन सेक्शनों में वर्तमान में मात्र एक कनिष्ठ अभियंता कार्यरत हैं। इसी तरह यहां मात्र तीन जेओआईटी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उपमंडल में वरिष्ठ सहायक अभियंता के दो पद भी रिक्त पड़े हैं। ऐसे में बेहतर बिजली सेवाओं की उम्मीद करना मुश्किल है। सरकार और बिजली बोर्ड की उपेक्षा से दूरदराज के शिलाई क्षेत्र में लोगों को बिजली की आंख-मिचौनी झेलने पड़ रही है। तकनीकी कर्मियों की बिजली आपूर्ति को सुचारू रूप से बहाल करने में अहम भूमिका रहती है पर परिप्रेक्ष्य में तीनों सेक्शन में बहुत कम कर्मचारी कार्यरत होने से बिजली सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। जानकारी के अनुसार शिलाई बिजली उपमंडल में अनेक वर्षों से रिक्त पदों की समस्या देखने मिल रही है। वहीं, सहायक अभियंता का अतिरिक्त कार्यभार पांवटा उपमंडल 2 के सहायक अभियंता देख रहे हैं। इस व्यवस्था से जनता और विभाग को भी स्टाफ के अभाव में अनेक प्रकार की समस्याएं देखने को मिल रही हैं। स्थानीय लोग इस समस्या को स्थानीय विधायक और सरकार तक पहुंचाने का प्रयास कर चुके हैं पर कहीं सुनवाई नहीं हो रही है।

## 112 नशीले कैप्सूलों सहित धरा आरोपी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सदर थाना नाहन के अंतर्गत पुलिस ने एक व्यक्ति को नशीले कैप्सूलों सहित गिरफ्तार कर एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस के द्वारा यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर अमल में लाई गई। पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति बोगरियों के रास्ते पर पैदल आ रहा था।

इसी बीच पुलिस ने उसे जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर व्यक्ति के कब्जे से 112 नशीले कैप्सूल बरामद किए गए। एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टा ने बताया कि आरोपी डिंपल चौहान पुत्र रामपाल निवासी नाहन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। थाना सदर नाहन के एसएचओ बृज लाल मेहता ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 18 तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

## ट्रक मालिक से नकदी लूटने का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



हिमाचल-हरियाणा सीमा पर मंडी निवासी ट्रक मालिक से नकदी व ट्रक की चाबियां लूटने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उससे पूछताछ के बाद शेष तीनों आरोपियों की शिनाख्त, तो वहीं वारदात में प्रयोग की गई दो बाइकों को भी बरामद कर लिया है।

सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि मंडी के करसोग निवासी हिमेंद्र कुमार ने परवाणू पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया कि 15 जनवरी को वह अपने अपने ट्रक को लेकर तत्तापानी से हरियाणा के कालका स्थित चरनियां में ईंट खरीदने के लिए जा रहे थे, तो दिन में सवा बारह बजे के लगभग, जब वह टिपरा के नजदीक हिमाचल की सीमा में लघुशंका के लिए रूके। इसी दौरान अचानक 2 लड़के पहले एक बाईक पर सवार होकर उनके पास पहुंचे। देखते ही देखते इसी समय सड़क के किनारे अपनी बाइक के साथ खड़े दो अन्य लड़के भी ट्रक के पास आ गए। इनमें से दो लड़कों ने हिमेंद्र को धक्का मारकर पकड़ लिया व अन्य दो ने पर्स से 12,400 रुपए निकाल लिए। इस बीच युवकों ने ट्रक की चाबी भी निकाल ली और साथ ले गए। हिमेंद्र की शिकायत पर परवाणू पुलिस थाने में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। पुलिस ने घटना स्थल के पास लगे हुए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को चेक किया तथा संभावित स्थलों पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दी। इसी दौरान वारदात में संलिप्त एक आरोपी कालका के टिब्बी मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय पारस को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि वारदात में उपयोग की गई दोनों मोटर साइकिलों को भी जब्त कर लिया है। जांच के दौरान पाया गया कि यह दोनों मोटर साइकिल इस वारदात में संलिप्त अन्य आरोपियों रितिक व अर्जुन की हैं, जो सीताराम खेड़ा कालका हरियाणा के रहने वाले हैं। एसपी ने बताया कि तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 4 लाख की ठगी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



प्राइवेट बीमा कंपनियों में फंसी धनराशि को वापस दिलाने के नाम पर सोलन के कथेड़ निवासी व्यक्ति को ठगने के दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने यूपी के बुलंदशहर से गिरफ्तार कर लिया है। पहला आरोपी यूपी के देवरिया से पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

इस मामले में दोनों आरोपी अब पुलिस की गिरफ्त में हैं। अब पुलिस उनके बैंक खातों का विश्लेषण कर रही है। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि सोलन के कथेड़ बाईपास निवासी अमर लाल शर्मा ने 3 मार्च 2024 को सोलन के सदर पुलिस थाने में बताया कि 13 जुलाई 2022 को उन्हें किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया, जिसने अपना नाम दीपक शर्मा बताया था। दीपक ने उनसे पूछा था कि क्या उनकी कुछ धनराशि प्राइवेट बीमा कंपनियों में फंसी है। इस पर अमरलाल ने बताया कि उनके करीब 4 लाख रुपए विभिन्न बीमा कंपनियों में फंसे हुए हैं। इसके अगले ही दिन दीपक नामक व्यक्ति ने उसे दोबारा फोन किया और बताया कि वह उनकी धनराशि वापस दिलवा सकता है, लेकिन इसके लिए उन्हें कुछ रुपये उसके खाते में जमा करवाने होंगे। इसके बाद इसने कई बार अलग-अलग बैंक खातों में अनजान व्यक्ति को रुपए भेजे, लेकिन इसे कोई भी पैसा वापस न मिला। इसपर पुलिस थाना सदर सोलन में 3 मार्च, 2024 को धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया और जानकारी जुटाई। इसके बाद यूपी के देवरिया के बरईपार पांडेय को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने बुलंदशहर के एतमादपुर गांव निवासी 31 वर्षीय सचिन को गिरफ्तार कर लिया। उसे तीन दिन के लिए पुलिस रिमांड में लिया गया है।

## 6.9 ग्राम चिट्टे सहित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर पुलिस टीम ने नाहन में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए स्थानीय निवासी शिवांशु लोहिया के कब्जे से 6.9 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया है। आरोपी शिवांशु लोहिया पुत्र सुभाष लोहिया निवासी छोटा चौक नाहन, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है और उसकी उम्र 33 वर्ष बताई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना सदर नाहन में मामला दर्ज किया है और आगामी कार्रवाई जारी है। हालांकि, पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल भी उठ रहे हैं क्योंकि अभी तक पुलिस का यह दल केवल छोटी मछलियों को ही पकड़ पाया है, जबकि मुख्य सरगना अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

## मिड-डे-मील वर्कर्स को चार माह से नहीं मिला वेतन : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**




सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि सरकारी स्कूलों में कार्यरत मिड-डे-मील वर्कर्स को चार महीने से वेतन नहीं मिल रहा है, जिससे उनको अपने परिवार का पालन-पोषण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मिड-डे-मील वर्कर्स को महीने का केवल मात्र 4500 रुपए वेतन मिलता है, लेकिन यह वेतन भी सरकार समय पर नहीं देती है। रावत ने मिड-डे-मील वर्कर्स की आवाज को बुलंद करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में कार्यरत अन्य कर्मचारियों के साथ मिड-डे-मील वर्कर्स का वेतन भी मिलना चाहिए, ताकि वह भी अपने परिवार का सही ढंग से पालन-पोषण कर सके। उन्होंने कहा कि मिड-डे-मील वर्कर्स को अन्य कर्मचारियों की तरह उनको भी हर महीने वेतन मिलना चाहिए।

## सरकारी पद छोड़ मुख्य प्रवक्ता बन जाएं नरेश चौहान : सुखराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार को अपना सरकारी पद छोड़ कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता बन जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सलाहकार जो भी बयानबाजी करते हैं, वह केवल राजनीतिक होती है।

चौधरी ने नरेश चौहान को सलाह देते हुए कहा कि अगर उनका काम केवल सरकार का मुख्य प्रवक्ता बनना है, तो वह अपना पद छोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी कांग्रेस के नेता को मौका मिलता है, तब वह नेता प्रतिपक्ष पर टिप्पणी देना शुरू कर देते हैं, वह यह केवल इसलिए करते हैं, क्योंकि वह राजनीतिक माइलेज लेना चाहते हैं। चौधरी ने कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं कि नरेश चौहान अपने लिए भी राजनीति जमीन तलाश रहे हो। उन्होंने कहा कि मीडिया सलाहकार ने बिजली सब्सिडी छोड़ने का राजनीतिक स्टंट खेला है। चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के पक्ष में केवल नरेश चौहान ही बोलते हैं और कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता एवं अध्यक्ष मौन हैं।

## बिजली मीटरों का कनेक्टेड लोड होगा चेक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाडलाघाट के तहत बिजली बोर्ड द्वारा बिजली मीटरों का कनेक्टेड लोड चेक किया जा रहा है। इस संबंध में बिजली उपमंडल दाडलाघाट के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के तहत आने वाले कुछ उपभोक्ताओं के बिजली मीटर बहुत समय पहले से लगे हुए हैं, लेकिन उनके बिल में कनेक्टेड लोड बहुत ही कम है। वे उपभोक्ता जिन्होंने अभी तक अपने बिजली मीटरों का लोड रीवाइज नहीं करवाया है, वे जल्द करवा लें।

## बायोइंजीनियरिंग टीम ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट



**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय की बायोइंजीनियरिंग टीम ने इंटर-फैकल्टी और स्टाफ क्रिकेट टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार चैंपियनशिप खिताब के साथ हैट्रिक बनाई।

2023, 2024 और अब 2025 में विजय हासिल करते हुए, टीम ने शिक्षाविद् और प्रेरणादायक गुरु डॉ. पंकज चौहान के नेतृत्व में खुद को एक मजबूत ताकत के रूप में स्थापित किया। खेल विभाग द्वारा आयोजित और विक्रांत चौहान के संचालन में आयोजित इस टूर्नामेंट में 17 टीमों ने भाग लिया। कड़े मुकाबले वाले फाइनल में, बायोइंजीनियरिंग टीम ने बेबी बूमर्स टीम को हराया। टूर्नामेंट में व्यक्तिगत प्रतिभा में, ऋषभ श्याम को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना, जबकि रोहित नेगी को बल्ले से उनके शानदार योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार दिया गया।

**समारोह** संजय अवस्थी आईटीआई अर्की के दीक्षांत समारोह में पहुंचे, कहा-तकनीकी शिक्षा पर इस वर्ष खर्च किए जा रहे 330 करोड़

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व अंग्रेजी में स्टेनो पाठ्यक्रम करवाए जाएंगे स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, अर्की**



अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों को भविष्य की तकनीक सीखाने के लिए योजनाबद्ध कार्य कर रही है, ताकि छात्रों को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिल सके। संजय अवस्थी सोलन जिले के अर्की में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि आईटीआई अर्की में कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और अंग्रेजी में स्टेनो पाठ्यक्रम आरंभ करने का मामला मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और स्वीकृत होते ही यह पाठ्यक्रम यहां आरंभ किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में तकनीक के माध्यम से ही अनेक कार्य संपन्न होंगे इसलिए यह आवश्यक है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में छात्रों को भविष्य की तकनीक के विशेषज्ञ प्रयोग के लिए तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस दिशा में सतत् प्रत्यनशील हैं और गत दो वर्षों में राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों और आईटीआई में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन विज्ञान एवं डाटा साईंस में बीटेक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम आरंभ किए गए हैं। संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार नीवन पाठ्यक्रम आरंभ करने के साथ-साथ छात्रों को रोजगार प्रदाता बनाने और बेहतर रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए कार्य कर रही है। इस वित्त वर्ष पर तकनीकी शिक्षा क्षेत्र पर 330 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। संजय अवस्थी ने कहा कि आईटीआई प्रशिक्षुओं को न केवल कौशल प्रदान करना, बल्कि उन्हें तकनीकी रूप से दक्ष बनाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि आईटीआई में छात्रों के कौशल को सुधार कर भविष्य के लिए उन्हें तैयार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने और जन-जन को स्वावलंबी बनाने के लिए शिक्षा एवं तकनीक का प्रयोग करना हर छात्र को आना चाहिए।

उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छात्र व्यायाम, शिक्षा एवं अपने लक्ष्य निर्धारण के लिए संकल्पित होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किया गया कठिन परिश्रम ही भविष्य की सफलता की नींव रखता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि क्षितिज तक अपनी सीमाओं का विस्तार करें और परिश्रम के माध्यम से अपना, समाज का और देश तथा प्रदेश का हित साधें।

उन्होंने आईटीआई अर्की में कंप्यूटर बेस्ड लैब के निर्माण के लिए प्राक्लन अनुरूप धनराशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने यहां आवश्यक खाली पदों को भरने का आश्वासन दिया। उन्होंने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंच निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए, आयोजन समिति को 21 हजार रुपए व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को 2100 रुपए देने की घोषणा की।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब विश्वविद्यालय में जापानी कलाकारों ने बिखेरा जादू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जापानी कलाकारों ने आज पंजाब विश्वविद्यालय में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर अपना जादू बिखेरा। पारंपरिक जापानी कला रूपों का प्रदर्शन करने वाला यह कार्यक्रम प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत सुश्री टी. हाशिमोतो, जिन्होंने ब्रश-स्याही लेखन की जटिल कला का प्रदर्शन किया, के जापानी सुलेख के लाइव प्रदर्शन से हुई। इसके बाद ईडो काल की पारंपरिक जापानी नृत्य शैली तमासुदारे का शानदार समूह प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन में चार जापानी कलाकार -वाई. हाशिमोतो, टी हाशिमोतो, वाई काबुरागी और के नकाजिमा ने समन्वय और कलात्मकता के मनोरम प्रदर्शन में लयबद्ध मंत्रों का प्रदर्शन करते हुए बांस के वाद्ययंत्रों को विभिन्न आकृतियों में बदल दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब यूनिवर्सिटी की डीएसडब्ल्यू (महिला) प्रोफेसर सिमरित काहलों की उपस्थिति रही। इसके बाद कलाकारों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। बाद में जापानी प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति प्रो. रेणु विग से उनके कार्यालय में मुलाकात की।

### पंजाब सरकार व चुनाव आयुक्त को फटकार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब की तरनतारन, तलवाड़ा और डेरा बाबा नानक नगर परिषदों के चुनाव 10 मार्च तक करवाए जाएंगे। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में शुक्रवार मामले की सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने चुनाव न करवाए जाने पर पंजाब सरकार और राज्य चुनाव आयुक्त को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद तीन नगर परिषदों के चुनाव नहीं करवाने पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार व राज्य चुनाव आयुक्त को कड़ी फटकार लगाई है। सुनवाई के दौरान राज्य चुनाव आयुक्त की तरफ से कहा गया कि इन तीनों नगर परिषदों के चुनाव 10 मार्च तक करवा दिए जाएंगे। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार और राज्य चुनाव आयोग को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा था कि आप अपने लोकतंत्र का मजाक बना रखा है। हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार और राज्य चुनाव आयुक्त को बु वार तक की मोहलत देते हुए कहा था कि यदि तब तक चुनाव की तारीख नहीं बताई गई तो चुनाव आयुक्त को हाजिर होना होगा। कोर्ट को बताया गया कि इन तीन में से दो के चुनाव तो 2020 से पहले ही आयोजित हो जाने चाहिए थे। चार साल से चुनाव नहीं कराए गए और अब भी समय की मांग जा रहा है।



### राज्य की 18 जेलों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने राज्य की 18 जेलों में उन्नत निगरानी प्रणालियों के एकीकरण के साथ सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों को तेज कर दिया है। 13 जनवरी तक, 598 एक्स-रे और अन्य सुरक्षा मशीनों के साथ-साथ 647 व्यक्ति गत सीसीटीवी कैमरे (जिन्हें 'कैमरा स्ट्रैंड्स' कहा जाता है) रणनीतिक रूप से स्थापित किए गए हैं। ये कैमरे जेलों के भीतर और आसपास के प्रमुख क्षेत्रों की निगरानी के लिए डिज़ाइन किए गए एक व्यापक नेटवर्क का हिस्सा हैं। 'कैमरा स्ट्रैंड्स' शब्द एक व्यापक प्रणाली से जुड़ी अलग-अलग परिचालन कैमरा इकाइयों को दर्शाता है। प्रत्येक कैमरा सुविधाओं के भीतर विशिष्ट क्षेत्रों की निगरानी करने के लिए तैनात किया गया है। इसके साथ ही, सुरक्षा बढ़ाने के लिए बॉडी स्कैनर, बैगेज एक्स-रे मशीन, वी-कवच 2.0 जैमर और जेल कैदियों को बुलाने की सुविधा जैसे अतिरिक्त उपाय शुरू किए गए हैं।



### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी एवं सेंट जॉन एंबुलेंस (भारत), हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा शुक्रवार को जींद जिले के जिमखाना क्लब में एक राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों के रैडक्रास सचिव, सहायक सचिव तथा जिला प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता अंकुश मिगलानी, वाइस चेयरमैन तथा डॉ. मुकेश अग्रवाल राज्य महासचिव, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी एवं सैंट जॉन एम्बुलेंस (भारत), हरियाणा राज्य शाखा द्वारा की गई। हरियाणा राज्य रेड क्रॉस के संयुक्त सचिव अनिल जोशी द्वारा राज्य महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया।

### रांची में झरने में डूबने से तीन युवकों की मौत

**एजेंसी, रांची।** झारखंड के रांची जिले में शुक्रवार को तिरू झरने में नहाते समय डूबने से तीन युवकों की मौत हो गई। यह झरना बुढ़मू थाना क्षेत्र में स्थित है और राज्य की राजधानी से लगभग 40 किलोमीटर दूर है। बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार ने पुष्टि की कि मृतकों में एक चान्हो और दो रांची के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि तीनों युवकों की आयु 20 से 25 साल के बीच थी। ये युवक पिकनिक मनाने के लिए झरने पर गए थे, उसी दौरान यह घटना हुई।



### श्रीलंका : पूर्व राष्ट्रपति से संपत्ति के मामले में पूछताछ

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से शुक्रवार सुबह पुलिस के अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) ने द्वीप राष्ट्र के दक्षिणी कटारगामा शहर में एक संपत्ति के बारे में पूछताछ की। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री रह चुके महिंदा राजपक्षे के छोटे भाई गोटबाया से पुलिस ने करीब दो घंटे तक पूछताछ की और तीर्थ नगरी में स्थित संपत्ति के बारे में नोटिस दिए जाने के बाद सीआईडी ने उनका बयान दर्ज किया।

### फर्जी प्रमाण पत्र से अध्यापक बनी पाक महिला, केस दर्ज

**एजेंसी, बरेली (उप्र)।** जिले के फतेहगंज पश्चिमी थाना में फर्जी प्रमाण पत्र के जरिये बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक की नौकरी हासिल करने वाली कथित पाकिस्तानी महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। बरेली के उप पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मुकेश चंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी, फतेहगंज पश्चिमी ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में शुमायला खान के खिलाफ धोखाधड़ी और दस्तावेजों में हेराफेरी के आरोप में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। मिश्रा ने बताया कि शुमायला खान पर कूटरचित प्रमाण पत्रों के जरिये बेसिक शिक्षा विभाग में सरकारी प्राथमिक विद्यालय माधोपुर में सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी हासिल करने का आरोप है। शुमायला पर नियुक्ति के दौरान उपजिलाधिकारी सदर, रामपुर के कार्यालय से जारी निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था।



### 'नीट' की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

**एजेंसी, कोटा।** राजस्थान के कोटा शहर में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे ओडिशा के 18 वर्षीय एक छात्र ने अपने छात्रावास के कमरे में फंदे से लटक कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि यह घटना वीरवार रात विज्ञान नगर के अंबेडकर कॉलोनी में हुई। पुलिस के अनुसार, ओडिशा के मयूरभंज जिले का रहने वाला अभिजीत गिरी अप्रैल 2024 से नीट की तैयारी कर रहा था और उसने यहां के एक कोचिंग संस्थान में प्रवेश लिया था। एएसआई लाल सिंह तंवर ने कहा कि कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर कर्मचारी ने छात्रावास के कुछ छात्रों के साथ जबरन दरवाजा खोला। दरवाजा खुलने पर अभिजीत का शव पंखे से बंधे एक फंदे से लटका पाया गया।

# पंजाब में कई जगहों पर नहीं दिखाई गई 'इमरजेंसी', एसजीपीसी ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने शुक्रवार को कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज के खिलाफ पंजाब में कई जगहों पर सिनेमाघरों के बाहर प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप राज्य में ज्यादातर जगहों पर फिल्म रिलीज नहीं हो पाई। फिल्म में रनौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रही हैं। यह फिल्म 1975 से 1977 तक 21 महीनों के आपातकाल के दौरान के घटनाक्रम पर केंद्रित है।

राजनीतिक पृष्ठभूमि की यह फिल्म केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से प्रमाण पत्र मिलने में देरी और सिख समुदाय को गलत तरीके से पेश करने के आरोपों को लेकर विवादों में रही। फिल्म की रिलीज में कई बार देरी के बाद इसे शुक्रवार को देश भर में रिलीज किया गया।

लुधियाना, अमृतसर, पटियाला और बठिंडा के कई सिनेमाघरों में फिल्म नहीं दिखाई गई। राज्य में मॉल और सिनेमाघरों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया। अमृतसर में प्रदर्शनकारियों को काले झंडे और तख्तियां लेकर जाते देखा गया, जिन पर लिखा था ''फिल्म 'इमरजेंसी' पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए'' और ''फिल्म 'इमरजेंसी' का बहिष्कार हो''।

एसजीपीसी के प्रताप सिंह ने कहा, ''हमने फिल्म की रिलीज रोकने के लिए केंद्र सरकार और पंजाब सरकार से बात की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।'' उन्होंने कहा कि वे रिलीज रोकने के लिए इकट्ठा हुए हैं क्योंकि फिल्म पंजाब की शांति को भंग करने के लिए बनाई गई है। उन्होंने कहा, ''सिख पात्रों को आपत्तिजनक तरीके से चित्रित किया गया है।''

एसजीपीसी के एक अन्य सदस्य कुलवंत सिंह मनन ने कहा, ''रनौत भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) की सांसद हैं और एक सांसद की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण होती है। उन्हें समाज में सभी को एक साथ लाने के लिए काम करना चाहिए, लेकिन इसके बजाय वह विभाजन पैदा कर रही हैं।''

### इमरजेंसी' पर प्रतिबंध लगाने की मांग कला और कलाकार का उत्पीड़न : कंगना

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा कि 'इमरजेंसी' पर प्रतिबंध लगाने की शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की मांग और फिल्म का पंजाब के कुछ ही हिस्सों में सीमित प्रदर्शन 'कला और कलाकार' का पूरी तरह से उत्पीड़न है। एसजीपीसी प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी ने गुरुवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर 'इमरजेंसी' पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। कंगना ने कहा, ''यह कला और कलाकारों का पूरी तरह से उत्पीड़न है। पंजाब के कई शहरों से सूचना मिल रही है कि ये लोग 'इमरजेंसी' को प्रदर्शित नहीं होने दे रहे हैं।'' भाजपा सांसद (38) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं सभी धर्मों का अत्यधिक सम्मान करती हूं। मैंने चंडीगढ़ में पढ़ाई की है और वहीं पली-बढ़ी हूं। मैंने सिख धर्म को करीब से देखा और उसका पालन किया है। मेरी छवि बिगाड़ने और 'इमरजेंसी' को नुकसान पहुंचाने के लिए झूठ बोला जा रहा है।

# अंब-अंदौरा से प्रयागराज महाकुंभ के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**




उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के लिए हिमाचल प्रदेश के अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन सेवा शुरू की जा रही है। यह जानकारी रेलवे विभाग के प्रवक्ता ने दी।

विशेष ट्रेन शुक्रवार रात 10:05 बजे अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी और रात 10:30 बजे ऊना रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन शनिवार शाम 6 बजे प्रयागराज के फाफामऊ जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन शनिवार रात 10:30 बजे फाफामऊ जंक्शन से रवाना होगी और रविवार शाम 5:50 बजे अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन लौटेगी।

रेलवे प्रवक्ता ने बताया कि महाकुंभ के लिए बड़ी संख्या में लोग यात्रा कर रहे हैं। मात्र आठ दिनों में एसी थ्री टियर और स्लीपर क्लास के पांच डिब्बे पूरी तरह भर चुके हैं। यात्रियों की भारी मांग को देखते हुए कुल छह विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी।

**स्टेशनों पर ठहराव:** विशेष ट्रेन ऊना में पांच मिनट रुकेगी। इसके अलावा यह ट्रेन नंगल डैम, आनंदपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा, चंडीगढ़, अंबाला कैंट, यमुनानगर, जगाधरी, सहारनपुर, रुड़की, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, लखनऊ और रायबरेली जैसे स्टेशनों पर भी ठहरेगी।

यात्रियों की सुविधा के लिए पहल रेलवे विभाग ने महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यह विशेष ट्रेन सेवा शुरू की है। इससे हिमाचल और आसपास के क्षेत्रों से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

## फोर्टिस हॉस्पिटल ने 80 वर्षीय लकवा ग्रस्त महिला की बचाई जान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



ब्रेन स्ट्रोक एक ऐसी प्रमुख समस्या है जो लंबे समय तक दिव्यांगता और मृत्यु का कारण बन सकती है। यह जानलेवा स्थिति मस्तिष्क की कोशिकाओं को अपरिवर्तनीय क्षति पहुंचाती है। हालांकि, उन्नत स्वास्थ्य तकनीकों जैसे मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टॉमी अब चुनिंदा अस्पतालों में 24×7 उपलब्ध है, जिनमें फोर्टिस मोहाली प्रमुख है। कुछ मामलों में, मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टॉमी ने स्ट्रोक के 24 घंटे बाद भी गंभीर मरीजों की जान बचाने में मदद की है।

मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टॉमी एक मिनिमल इनवेसिव प्रोसेस है, जिसमें मस्तिष्क की धमनी में एक कैथेटर डालकर खून के थक्के को हटाया जाता है। यह रक्त प्रवाह को पुनर्स्थापित करता है और ब्रेन स्ट्रोक मरीजों के इलाज की समय सीमा को 24 घंटे तक बढ़ाकर दिव्यांगता या मृत्यु से बचाता है।

ऐसे ही एक मामले में, फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली के इंटरवेंशनल न्यूरोरैडियोलॉजी डिपार्टमेंट के एडिशनल डायरेक्टर, डॉ. प्रो. विवेक गुप्ता के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने हाल ही में चंडीगढ़ की 80 वर्षीय महिला का इलाज किया। महिला को स्ट्रोक होने के 8 घंटे बाद फोर्टिस मोहाली लाया गया था। मरीज बोलने में असमर्थ थी, उसके बाएं हिस्से में लकवा था और वह आपातकालीन स्थिति में वेंटिलेटर पर थी।

## आयुष्मान भारत योजना सबसे बड़ा घोटाला : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को देश का 'सबसे बड़ा घोटाला' बताया। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें दिल्ली सरकार को राजधानी में इस योजना को लागू करने के लिए केंद्र के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने को कहा गया था।

अरविंद केजरीवाल ने आयुष्मान योजना के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, ''मुझे खुशी है कि उच्चतम न्यायालय ने पुष्टि की है कि यह एक फर्जी योजना है। आयुष्मान भारत देश का सबसे बड़ा घोटाला है।''

## नई हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक लॉन्च शुरुआती कीमत 17,99,000 रुपए

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने आज अपनी नई हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक को लॉन्च किया। इसे 17,99,000 रुपए की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया गया है। हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक के लॉन्च से बोल्ड डिजाइन, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, शानदार प्रदर्शन और ऑल अराउंड सेफ्टी फीचर्स के साथ इलेक्ट्रिक एस यू वी की ओर शिफ्ट होने का मौका मिलेगा।

अनडिस्प्यूटेड, अल्टीमेट एस यू वी क्रेटा अब इलेक्ट्रिक भी हो गई है। यह भारतीय ग्राहकों को टेक्नोलॉजी के मामले में एडवांस्ड प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने की हुंडई की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

एचएमआईएल मैनेजिंग डायरेक्टर उनसू किम ने कहा, 'हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रिफिकेशन की दिशा में एचएमआईएल के सफर का एक अहम पड़ाव है। इस लॉन्चिंग भारत के सरकार के 'मेक इन इंडिया' विजन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है।

## आइसलैंड की कंपनी के साथ समझौता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उत्तराखंड सरकार और आइसलैंड की कंपनी वर्किस कंसलटिंग इंजिनियर्स के मध्य सचिवालय में मुख्यमंत्री धामी और आइसलैंड के राजदूत डॉ. बेनेडिक्ट हॉस्कुलसन की गरिमामय उपस्थिति में उत्तराखंड में भूतापीय ऊर्जा के अन्वेषण और विकास के संबंध में समझौता संपन्न हुआ।

वर्चुअल माध्यम से उपस्थिति के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस समझौता ज्ञापन को उत्तराखंड के साथ-साथ देश की ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में एक माइलस्टोन बताया। उन्होंने कहा कि भूतापीय ऊर्जा के इस एमओयू के माध्यम से न केवल स्वच्छ और नवीनीकरण ऊर्जा का लक्ष्य प्राप्त होगा बल्कि पर्यावरणीय सुरक्षा सुनिश्चित रहते हुए समावेशी विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## देश-विदेश

## लॉस एंजिलिस में खोला जाएगा भारतीय वाणिज्य दूतावास : जयशंकर

**एजेंसी, बेंगलुरु**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका से बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास स्थापित करने की अपील की थी और लॉस एंजिलिस में एक भारतीय राजनयिक मिशन खोलने का वादा किया है। वह शुक्रवार को बेंगलुरु में भारत में पांचवें अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के 'स्थल समर्पण समारोह' में भाग ले रहे थे। यह वाणिज्य दूतावास जल्द ही यहां काम करना शुरू कर देगा।

जयशंकर ने कहा, ''इसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। मेरा मानना है कि बेंगलुरु इसका हकदार था और इसकी उम्मीद भी थी।'' विदेश मंत्री के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने सितंबर, 2023 में अमेरिका यात्रा के दौरान बेंगलुरु में वाणिज्य दूतावास खोलने का मुद्दा उठाया था। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने अपने भाषण में कहा कि शुरुआत में बेंगलुरु स्थित वाणिज्य दूतावास वीजा सेवाएं प्रदान नहीं करेगा। जयशंकर ने उनसे जल्द से जल्द वीजा सेवाएं भी शुरू करने की अपील की।

जयशंकर ने कहा, ''मैं आंकड़ों की जांच कर रहा था और यह देखकर बहुत खुश हुआ कि पिछले साल, आरपीओ (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय) बेंगलुरु ने 8,83,000 पासपोर्ट जारी किए। यह सिर्फ एक साल का आंकड़ा है। गणित लगाकर देखिए और आप देखेंगे कि यात्रा को सुचारु बनाना कितना महत्वपूर्ण है।''

## मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स वॉशरूम में मिला कैमरा

**एजेंसी, राजनांदगांव।** राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स वॉशरूम में हिडन कैमरा मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि हॉस्पिटल में कार्यरत सफाईकर्मी ने यह कैमरा लगाया था। मामला सामने आने के बाद फिलहाल सफाई कर्मी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मामला राजनांदगांव के लाल बाग थाना क्षेत्र का है, जहां के मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स वॉशरूम से खुफिया कैमरा बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह जब छात्राओं ने वॉशरूम का उपयोग किया तो अचानक उनकी नजर कैमरे पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को इस बात की जानकारी दी।

## दिल्ली चुनाव : भाजपा का संकल्प पत्र जारी महिलाओं को 2,500 रुपए देने की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भाजपा ने शुक्रवार को घोषणा की कि यदि वह दिल्ली की सत्ता में आती है तो आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से चलाई जा रही मुफ्त की योजनाओं को तो जारी रखेगी ही, साथ ही महिलाओं को 2,500 रुपए की सम्मान राशि भी देगी।

राजधानी दिल्ली के पंडित पंत मार्ग स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र-1 जारी करते हुए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यह भी कहा कि सत्ता में आने पर मंत्रिमंडल की पहली बैठक में महिला समृद्धि योजना को लागू किया जाएगा। भाजपा अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के नाम से जारी करती है। नड्डा ने कहा कि दिल्ली में जो जन कल्याण की योजनाएं चल रही हैं, वह सारी योजनाएं भाजपा की सरकार बनने पर भी जारी रहेंगी। उन सभी योजनाओं का ज्यादा कारगर तरीके से सुदृढ़ीकरण किया जाएगा और उन्हें भ्रष्टाचार से मुक्त और लोक कल्याण युक्त किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि उसने जो कहा, वह किया और जो नहीं कहा, उसे भी कर दिखाया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी सत्ता में आएगी तो महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपए दिए जाएंगे और मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इसे मंजूरी दी जाएगी। नड्डा ने कहा कि भाजपा ने आज अपने संकल्प पत्र का पहला भाग जारी किया है और दूसरा तथा तीसरा भाग भी जल्द ही जारी किया जाएगा।

## वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में अमेरिका-भारत साझेदारी अहम

**एजेंसी, वाशिंगटन**



व्हाइट हाउस के एक शीर्ष भारतीय-अमेरिकी अधिकारी ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों, खासकर सार्वजनिक स्वास्थ्य और दवा नवाचार के क्षेत्र में चुनौतियों का समाधान करने के लिए अमेरिका-भारत साझेदारी महत्वपूर्ण है। 'ऑफिस ऑफ नेशनल ड्रग कंट्रोल पॉलिसी' (ओएनडीसीपी) के निदेशक डॉ. राहुल गुप्ता ने कहा कि दुनिया की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए यह महत्वपूर्ण है कि दोनों देश सभी क्षेत्रों में अपनी साझेदारी बनाए रखें और उसे आगे बढ़ाएं। अमेरिका के बाइडेन प्रशासन में शीर्ष स्तर के भारतीय अमेरिकी अधिकारी गुप्ता ने कहा, ''क्योंकि जब हमारे पास एक अमेरिका और एक भारत है, जो दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए एक साथ आगे बढ़ रहे हैं, तो यह एकमात्र तरीका है जिससे हम दुनिया की समस्या को हल करने में सक्षम होंगे, क्योंकि यह वास्तव में वह जगह है जहां पूर्व पश्चिम से मिलता है।''

## बैटरी भंडारण संयंत्रों में से एक में लगी भीषण आग

**मॉस लैंडिंग (अमेरिका)।** दुनिया के सबसे बड़े बैटरी भंडारण संयंत्रों में से एक में भीषण आग लग जाने के कारण सैकड़ों लोगों को वहां से हटने का आदेश दिया गया तथा उत्तरी कैलिफोर्निया में राजमार्ग एक का एक हिस्सा बंद कर दिया गया। आग की लपटें और काला धुआं उठने लगा तथा वीरवार रात तक इसमें कमी आने का कोई संकेत नहीं दिखा, जिसके कारण लगभग 1,500 लोगों को मॉस लैंडिंग और एल्कहॉर्न स्लौ क्षेत्र को खाली करने का निर्देश दिया गया।

सैन फ्रांसिस्को से लगभग लगभग 124 किलोमीटर दक्षिण में स्थित मॉस लैंडिंग पावर प्लांट का स्वामित्व टेक्सास की कंपनी विस्ट्रा एनर्जी के पास है और इसमें हजारों लिथियम बैटरियां हैं। ये बैटरियां सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त बिजली के भंडारण के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन यदि इनमें आग लग जाए तो इसे बुझाना बहुत कठिन हो सकता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक वाहन प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाहनों की वैश्विक प्रदर्शनी 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' 2025 का उद्घाटन किया।

प्रदर्शनी में इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर के साथ नई गाड़ियों, कलपुर्जों और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 100 से अधिक नई पेशकश किये जाने की उम्मीद है। यह इस बार तीन स्थानों राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम तथा यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित की जा रही है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्रियों नितिन गडकरी, एचडी कुमारस्वामी, जीतन राम मांझी, मनोहर लाल, पीयूष गोयल और हरदीप सिंह पुरी तथा मोटर वाहन क्षेत्र के दिग्गजों की उपस्थिति में भारत मंडपम में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी 17 से 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें एक ही छत के नीचे विभिन्न वाहनों के साथ-साथ गाड़ियों से जुड़ी हर चीज देखने को मिलेगी।

## शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 423 अंक टूटा

**एजेंसी, मुंबई**




### 35,000 करोड़ के मुनाफे में निवेशक

सेंसेक्स और निफ्टी में पिछले 3 दिनों से जारी तेजी पर शुक्रवार 17 जनवरी को ब्रेक लग गया। विदेशी निवेशकों की ओर से लगातार बिकवाली और डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले सतर्कता के चलते सेंसेक्स 423 अंक गिर गया।

वहीं निफ्टी लुढ़ककर 23,200 पर आ गया। आईटी और बैंकिंग शेयरों में सबसे अधिक गिरावट देकने को मिली। हालांकि, ब्रॉडर मार्केट सपाट बंद हुए। इसके अलावा कैपिटल गुड्स, मेटल, ऑयल एंड गैस, रियल्टी और एनर्जी शेयरों में तेजी रही। इसके चलते बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप आज करीब 35,000 करोड़ रुपए बढ़ गया। कारोबार के अंत में, बीएसई सेंसेक्स 423.49 अंक या 0.55 फीसदी गिरकर 76,619.33 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स, निफ्टी 108.60 अंक या 0.47 फीसदी की गिरावट के साथ 23,203.20 के स्तर पर बंद हुआ।

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन 17 जनवरी को बढ़कर 428.75 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन यानी 16 जनवरी को 428.40 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आलु करीब 1.18 लाख करोड़ रुपए बढ़ा है। या दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 1.18 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है।

## मुफ्ती महबूबा ने की एसीबी अधिकारी के तबादले को लेकर सरकार की आलोचना

**एजेंसी, श्रीनगर**



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को कहा कि एक मामले की जांच कर रहे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारी का तबादला भ्रष्ट और सबसे शक्तिशाली लोगों के बीच 'गठजोड़' को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यह कदम जम्मू-कश्मीर सरकार की न्याय और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल उठाता है।

सरकार ने भ्रष्टाचार निरोधक निकाय में फेरबदल के तहत एसीबी के एसएसपी अब्दुल वाहिद को गृह विभाग में वापस भेजने का आदेश दिया। उन्हें सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) के पद पर नियुक्त किया गया है। वाहिद श्रीनगर स्मार्ट सिटी परियोजना में कथित भ्रष्टाचार की जांच कर रहे थे और हाल ही में उन्होंने इसके दो वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति (डीए) के मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। महबूबा मुफ्ती ने कहा, ''भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से अब्दुल वाहिद और उनके सहयोगियों को हटाया जाना भ्रष्टाचार को चुनौती देने वाले अधिकारियों के सामने आने वाले खतरों को उजागर करता है।

**चेतावनी** सरकारें जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए नहीं कर रही पर्याप्त प्रयास

## जलवायु परिवर्तन पर ठोस कार्रवाई की जरूरत : डब्ल्यूएमओ

**एजेंसी, नई दिल्ली**



विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की प्रमुख सेलेस्टे साउलो ने चेतावनी दी है कि सरकारें और निजी क्षेत्र जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहे हैं, जिसका भविष्य की पीढ़ियों पर अपरिवर्तनीय परिणाम होगा। हालांकि, उन्होंने यह कहने से परहेज किया कि पृथ्वी उस बिंदु पर पहुंच गई है जहां से वापसी संभव नहीं है।

वर्ष 2015 में पेरिस जलवायु शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभाव से बचने के लिए दीर्घकालिक तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर के 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का आह्वान किया गया था। डब्ल्यूएमओ ने पिछले सप्ताह कहा था कि 2024 में 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार हो गई, जिससे बीता साल सबसे गर्म वर्ष के रूप में दर्ज किया गया। साउलो से पूछा गया कि क्या दुनिया भर की सरकारें और निजी क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए पर्याप्त काम कर रहे हैं? इस पर उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से नहीं।''

भारत यात्रा के दौरान उन्होंने कहा, ''हमें अर्थव्यवस्था पर अपना दृष्टिकोण बदलने और स्थिरता को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।'' कुछ बड़े खिलाड़ी जलवायु पर विचार किए बिना निर्णय ले रहे हैं, जो अंततः अधिक महंगा होगा।

# भारत की नजरें अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप खिताब बरकरार रखने पर

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

विश्व स्तर पर अपना दबदबा बरकरार रखने की कोशिश में जुटे भारत के अगली पीढ़ी के क्रिकेटर शनिवार से यहां शुरू हो रहे आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में उतरेंगे तो उनका लक्ष्य खिताब बरकरार रखने का होगा।

भारत को ग्रुप-ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया के साथ रखा गया है। भारतीय टीम रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगी।

भारत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में हुआ पहला विश्व कप जीता था, जिसमें फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से मात दी थी। पहले दिन पिछली बार सेमीफाइनल खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया का सामना ग्रुप-डी में स्कॉटलैंड से होगा, जबकि 2023 उपविजेता इंग्लैंड की


टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों की कप्तान सेल्फी लेते हुए हुईं।

टक्कर आयरलैंड से होगी। रविवार को होने वाले अन्य मैचों में समोआ का सामना ग्रुप-सी में नाइजीरिया से, ग्रुप-डी में बांग्लादेश का सामना नेपाल से, ग्रुप-बी में पाकिस्तान का सामना अमेरिका से और ग्रुप-सी में न्यूजीलैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

भारत ने 2023 में शेफाली वर्मा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका में यह टूर्नामेंट जीता था। उस टीम में टिटास साधू, श्वेता सेहरावत, पार्श्वी चोपड़ा और अर्चना देवी जैसे खिलाड़ी थे, जो सीनियर स्तर पर खेल रहे हैं। इस साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए निकी प्रसाद की कप्तानी वाली टीम इस मौके को भुनाने की पूरी कोशिश करेगी। प्रमुख खिलाड़ियों में हैदराबाद की तृषा जी शामिल है जिन्होंने शीर्षक्रम में शानदार प्रदर्शन करके पिछले महीने अंडर-19 एशिया कप में भारत की जीत की नींव रखी थी। उनके अलावा टीम में स्पिनर पारूनिका सिसोदिया, सोनम यादव और आयुषी शुक्ला भी हैं।

**भारत का पहला मुकाबला वेस्टइंडीज से रविवार को**

**भारतीय टीम**
निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका छाल्के, जी तृषा, कमलिनी जी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारूनिका सिसोदिया, केसरी दूति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एम डी शबनम, वैष्णवी एस।
**स्टैंडबाय।** नंदना एस, ईरा जे और अनादी टी।

**टूर्नामेंट का फॉर्मेट**




**अंडर-19** पुरुष विश्व कप 50 ओवरों का होता है, जबकि यह टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। 16 टीमों को चार-चार के चार ग्रुप में बांटा गया है और सभी टीमें राउंड-रॉबिन के आधार पर एक-दूसरे से एक-एक ग्रुप मैच खेलेंगी। इसके बाद सभी ग्रुप से शीर्ष तीन-तीन टीमें सुपर सिक्स चरण में प्रवेश करेंगी। सुपर सिक्स में छह-छह टीमों का दो ग्रुप होगा और सभी टीमें पहले राउंड के अंकों के साथ इस राउंड में प्रवेश करेंगी। सुपर सिक्स में सभी टीमों को दूसरे ग्रुप की टीमों से दो-दो मैच खेलना है। प्रत्येक ग्रुप की दो-दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगे और फाइनल दो फरवरी को होगा।

**चार-चार के ग्रुप में टीमें**

| ग्रुप-ए | ग्रुप-बी | ग्रुप-सी | ग्रुप-डी |
|---|---|---|---|
| भारत | इंग्लैंड | न्यूजीलैंड | ऑस्ट्रेलिया |
| मलेशिया | आयरलैंड | नाइजीरिया | बांग्लादेश |
| श्रीलंका | पाकिस्तान | समोआ | नेपाल |
| वेस्ट इंडीज | अमेरिका | दक्षिण अफ्रीका | स्कॉटलैंड |

## स्पोर्ट्स विंडो

### जोबर्ग सुपर किंग्स और प्रिटोरिया कैपिटल्स का मैच बारिश के कारण रद्द

**जोहानसबर्ग।** जोबर्ग सुपर किंग्स और प्रिटोरिया कैपिटल्स के बीच एसए 20 लीग का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया, जिससे दोनों टीमों को दो दो अंक मिले। प्रिटोरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 138 रन बना लिए थे, जब भारी बारिश शुरू हो गई। इससे पहले जोबर्ग सुपर किंग्स की स्पिन तिकड़ी डोनोवान फरेरा, मोईन अली और इमरान ताहिर ने प्रिटोरिया के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया। फरेरा ने तीन ओवर में 17 रन देकर दो और मोईन ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिए जबकि ताहिर को एक विकेट मिला। प्रिटोरिया के लिए काइल वेरेने ने 31 गेंद में 39 और लियाम लिविंगस्टोन ने 30 गेंद में 22 रन बनाए।

### पहली पारी में बढ़त के आधार पर मंडी ने जीता अंडर-14 का खिताब

**अनंत ज्ञान, ऊना।** धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अंडर-14 जिला स्तरीय फाइनल मुकाबले में ऊना के खिलाफ मंडी ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर खिताब जीता। फाइनल मुकाबला बिना नतीजे के समाप्त हुआ। ऊना की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया था। मंडी की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट पर 212 रन बनाए थे। ऊना की टीम ने अपनी पहली पारी में 155 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मंडी की टीम ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 46 रन बनाए और मैच बिना किसी नतीजे से समाप्त हो गया।

### आलिया की खूबसूरती की दुनिया कायल

**नई दिल्ली।** दाएं हाथ से बल्लेबाजी करने वाली आलिया रियाज की खूबसूरती की दुनिया कायल है। आलिया रियाज पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की उभरती हुई खिलाड़ी है, लेकिन अपने जानलेवा लुक्स के चलते आलिया हर जवान दिल पर राज करती।



**टैनिस** — पेट में चोट के कारण नाओमी ओसाका बाहर, ज्वेरेव ने जैकब फीयर्नली को दी मात

# सबालेंका ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में

**एजेंसी, मेलबोर्न**

अमेरिका की कोको गाफ ने आस्ट्रेलियाई ओपन-2025 में एक भी सेट गंवाए बिना चौथे दौर में प्रवेश कर लिया जबकि दो बार की गत चैम्पियन एरिना सबालेंका, नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज ने भी अपने अपने मुकाबले जीते।

गाफ ने अमेरिकी ओपन उपविजेता लैला फर्नांडिज को 6-4, 6-2 से हराया। वहीं सबालेंका ने क्लारा टाउसन को हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया जबकि पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण दो बार की चैम्पियन नाओमी ओसाका को कोर्ट छोड़ना पड़ा। सबालेंका ने अपना मुकाबला 7-6, 6-4 से जीता। इस सत्र में यह सबालेंका की लगातार 8वीं और मेलबोर्न पार्क पर लगातार 17वीं जीत थी। उन्होंने दस दिन पहले ब्रिसबेन इंटरनेशनल जीता था। ओसाका को बेलिंडा बेंचिच के खिलाफ तीसरे दौर के मैच में पहले सेट के आखिर में पेट में दर्द उभरा। उन्होंने टाइब्रेकर में पहला सेट 7-6 से जीतने के बाद कोर्ट छोड़ दिया।

पुरुष वर्ग में 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच ने सांस लेने में हुई दिक्कत से उबरते हुए दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी थॉमस माचाक को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया। अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने 19 वर्ष के याकूब मेंसिक को 3-6, 4-6, 7-6, 6-4, 6-2 से मात दी। अनास्तासिया पेवलियुचेंकोवा ने लौरा सीजमंड को 6-1, 6-2 से मात दी। सीजमंड ने दूसरे दौर में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किंवेन को हराया था।

11वीं वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा ने मार्तो कोस्तियुक को 6-4, 4-6, 6-3 से हराया जबकि 18वीं वरीयता प्राप्त डोन्ना वेकिच ने 12वीं वरीयता प्राप्त डियाना स्नाइडेर को 7-6, 6-3, 7-5 से मात दी। वहीं 14वीं वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा ने मेगडालिना फ्रेच को 6-2, 1-6, 6-2 से हराया।

पुरुष वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जैकब फीयर्नली को 6-3, 6-4, 6-4 से मात दी जबकि तीसरी रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज ने नुनो बोर्जेस को 6-2, 6-4, 6-7 , 6-2 से हराया। इससे पहले अमेरिका के टॉमी पॉल ने रॉबर्टो कारबालेस बाएना को 7-6, 6-2, 6-0 से शिकस्त दी।


एरिना सबालेंका

**प्वाइंट कार्ड**

| सबालेंका | | टाउसन |
|---|---|---|
| 00 | एस | 03 |
| 02 | डब्ल फॉल्ट | 06 |
| 72% | पहली सर्व | 64% |
| 60% | पहली सर्व जीती | 61% |
| 44% | दूसरी सर्व जीती | 29% |
| 6/17 | ब्रेक प्वाइंट | 5/9 |
| 01 | टाइब्रेक जीता | 01 |
| 95 | प्वाइंट जीते | 86 |

### बोपन्ना, झांग की जोड़ी दूसरे दौर में



**भारत** के रोहन बोपन्ना और चीन की शुआइ झांग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन मिश्रित युगल में इवान डोडिज और क्रिस्टिना म्लादेनोविच को 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गई। पुरुष युगल के पहले ही दौर से बाहर होने के बाद दुनिया के पूर्व नंबर-1 युगल खिलाड़ी बोपन्ना ने एक घंटे 12 मिनट तक चले इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। बोपन्ना 2023 में सानिया मिर्जा के साथ यहां फाइनल में पहुंचे थे। वह 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैथ्यू एबडेन के साथ खिताबी जीत के बाद युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे। वह 43 वर्ष की उम्र में खिताब जीतने के साथ यह कारनामा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने थे।

**रणजी ट्रॉफी**

### कोहली दिल्ली की 22 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में

**नई दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को सौराष्ट्र के खिलाफ राजकोट में अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए दिल्ली की 22 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में रखा गया है, लेकिन उनके चोट की खबर आने के बाद अभी उनके खेलने को लेकर संशय है।



समझा जाता है कि कोहली ने दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के आला अधिकारियों को बताया है कि उन्हें सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान गर्दन में हल्की चोट लगी थी।

वहां फिजियो ने उनका उपचार किया और अभी इस बारे में तस्वीर साफ नहीं है कि वह 23 जनवरी से होने वाला रणजी मैच खेलेंगे या नहीं। वह खेलेंगे या कुछ दिन अभ्यास के लिये राजकोट जाएंगे, इसके बारे में तभी पता चलेगा जब वह डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली को बताएंगे।

कोहली ने 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ गाजियाबाद में आखिरी बार रणजी मैच खेला था। इसके एक साल बाद सचिन तेंदुलकर ने लाहली में हरियाणा के खिलाफ अपना आखिरी रणजी मैच खेला।

## कुल्लू के आर्यन ने नेशनल कुराश में जीता सोना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

साईं स्टार वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढालपुर, कुल्लू के छात्र आर्यन ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित नेशनल कुराश प्रतियोगिता के 60 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।

आर्यन ने नेशनल प्रतियोगिता से पहले राज्य स्तर पर भाग लेकर जूड़ो और कुराश में स्वर्ण पदक हासिल किए थे। जूड़ो में भी आर्यन ने नेशनल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया जोकि लुधियाना में हुई थी। हिमाचल प्रदेश की कुराश टीम ने पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया, जिसमें 32 खिलाड़ी शामिल थे। आर्यन ने बताया स्कूल के शारीरिक शिक्षा के अध्यापक कमल सिंह ने उन्हें खेल का प्रशिक्षण दिया, जिसकी बदौलत वह इस खेल में स्वर्ण पदक जीतने में सफल हुए।




इसके साथ आर्यन ने बताया कि साईं स्टार स्कूल के प्रधानाचार्या अंजना ठाकुर और स्कूल प्रबंधन का पूर्ण सहयोग रहा है। स्वर्ण पदक जीतने पर स्कूल प्रांगण में अध्यापकों व विद्यार्थियों ने आर्यन का फूल मालाएं पहनाकर उसका स्वागत किया। कमल सिंह ने कहा कि आर्यन बहुत मेहनत करता हैं और भविष्य में अवश्य ही बहुत बड़ी सफलता हासिल करने की क्षमता रखता है।

## पाकिस्तान को हराकर भारत दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर श्रीलंका में चल रही दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली।

लगातार चार जीत के साथ भारत अंकतालिका में शीर्ष पर है। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 138 रन बनाए। भारत के लिए जितेंद्र वीएन ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि नरेंद्र मंगौर और सन्नी को एक एक विकेट मिला।




पाकिस्तान के लिए सैफुल्लाह ने 51 गेंद में 58 रन बनाए। भारत के लिए राजेश कुमार ने 52 गेंद में दस चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 74 रन बनाए। भारत ने सिर्फ 18 ओवर में पांच विकेट पर 141 रन बना लिए। भारत को अब शनिवार को इंग्लैंड से खेलना है।

## चैंपियंस ट्रॉफी से पहले सफेद गेंद से अभ्यास कर रहे रोहित शर्मा

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले सफेद गेंद के प्रारूप में अपने कौशल को निखारने पर मेहनत कर रहे हैं।

इंस्टाग्राम पर डाले एक वीडियो में 37 वर्ष के रोहित को अभ्यास सत्र में उनके चिर परिचित शॉट फ्लिक, ड्राइव, ऊंचे हिट और पूल लगाते देखा गया।


फाइल फोटो

ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद रोहित मुंबई की रणजी टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं। मुंबई को 23 जनवरी को रणजी मैच में जम्मू कश्मीर से खेलना है, लेकिन अभी तय नहीं है कि रोहित उसमें खेलेंगे या नहीं। भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में 20 फरवरी को बांग्लादेश से दुबई में पहला मैच खेलना है। इससे पहले छह फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलनी है।

रोहित ऑस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट में 31 रन ही बना सके और सिडनी में पांचवें टेस्ट से खराब फॉर्म के कारण खुद बाहर हो गए थे।

### टाटा स्टील शतरंज: गुकेश का सामना अनीश गिरि से

**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश का सामना 87वें टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में शनिवार को स्थानीय खिलाड़ी अनीश गिरि से होगा, जो पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतने के बाद उनका पहला टूर्नामेंट है।

2023 के विजेता गिरि काफी कठिन प्रतिद्वंद्वी साबित होते आए हैं, लेकिन 18 वर्ष के गुकेश हमेशा आक्रामक खेलते हैं और इस समय फॉर्म में भी हैं। विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में डिंग लिरेन को हराने के बाद उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

## इंग्लैंड के तेज गेंदबाज महमूद को भारत के लिए मिला वीजा

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज साकिब महमूद को 22 जनवरी से कोलकाता में पहले टी-20 मैच के साथ शुरू हो रहे भारत दौरे के लिए आखिरकार वीजा मिल गया।



पाकिस्तानी मूल के महमूद को वीजा मिलने में विलंब के कारण यूएई में इंग्लैंड के अभ्यास शिविर से बाहर रहना पड़ा।

लंकाशर के 27 वर्ष के तेज गेंदबाज महमूद यूएई में टीम से जुड़ेंगे जहां टीम ने जोफ्रा आर्चर, गुस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स और मार्क वुड जैसे तेज गेंदबाजों के लिए अभ्यास शिविर लगाया था। पाकिस्तानी मूल के दो अन्य खिलाड़ियों आदिल रशीद और रेहान अहमद को वीजा पहले ही मिल गया था। महमूद को 2019 में भी दिक्कत आई थी।